CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30° C
न्यूनतम : 19° C

मुरादाबाद, रविवार 10 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 264 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 22 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल का विस्तार आज! पेज 2



केएल राहुल ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर रहे बरकरार खेल टाइम्स



ईरान में प्रमुख ताकत बनकर उभरे मुजतबा खामेनेई पेज 11



भोपाल में 16 मई को होगा 'पेड्डी' का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### अग्नि की एडवांस मिसाइल का सफल परीक्षण



**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने ओडिशा के डा. एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल परीक्षण सेंटर से अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस मिसाइल में मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) सिस्टम लगाया गया है, जिससे एक साथ कई परमाणु हथियारों को ले जाया जा सकता है। साथ ही एक बार में कई टारगेट को निशाना बनाया जा सकता है।

### अगले हफ्ते पाक में वार्ता करेंगे अमेरिका-ईरान!

**वाशिंगटन/तेहरान।** व्हाइट हाउस द्वारा ईरान से संघर्ष समाप्ति संबंधी प्रस्ताव पर जवाब की प्रतीक्षा के बीच खबरें सामने आई हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता अगले सप्ताह पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर शुरू हो सकती है। दोनों पक्ष मध्यस्थों के साथ मिलकर एक पृष्ठ के 14 सूत्रीय समझौता ज्ञापन का मसौदा तैयार कर रहे हैं।

### ईडी की रेड के बाद पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा गिरफ्तार


**चंड़ीगढ़।** पंजाब की राजनीति में शनिवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। पंजाब सरकार के मंत्री और 'आप' के नेता संजीव अरोड़ा को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि लंबे समय तक पूछताछ और छापेमारी के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की। सूत्रों के मुताबिक, संजीव अरोड़ा के कई करीबी लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

# सुवेंदु अधिकारी बने बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री

**कोलकाता, वार्ता**

**सुवेंदु अधिकारी** शनिवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बन गए। सुवेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम किया। सुवेंदु अधिकारी के साथ 5 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली।

इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। कार्यक्रम में पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान समेत कई केंद्रीय मंत्री मौजूद थे। एनडीए और भाजपा शासित राज्यों के 20 मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में पहुंचे। पीएम रोड शो करते हुए कार्यक्रम में पहुंचे, मंच पर रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री -शेष पृष्ठ दो पर



■ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू, निषिथ प्रमाणिक मंत्री बने, बांग्ला में शपथ ली

### मुख्यमंत्री सुवेंदु ने 'सोनार बांग्ला' और सुरक्षा का संकल्प दोहराया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने बतौर मुख्यमंत्री अपने संदेश में कहा है कि उनकी सरकार सोनार बांग्ला के निर्माण के लक्ष्य को लेकर राज्य के प्रत्येक नागरिक के प्रति उत्तरदाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास, रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, सांस्कृतिक गरिमा और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना ही उनके शासन के प्राथमिक स्तंभ होंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा कि बंगाल की जनता ने उन्हें 'सेवक' के रूप में चुना है और जनता ने जो अवसर प्रदान किया है, वह उसके लिए सदैव ऋणी रहेंगे।

### मोदी ने 98 वर्षीय कार्यकर्ता के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह के मंच पर एक भावुक और ऐतिहासिक पल देखने को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा के सबसे पुराने और सम्मानित कार्यकर्ताओं में से एक माखनलाल सरकार का पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। 98 वर्ष की आयु में भी माखनलाल सरकार स्वतंत्रता के बाद के भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन की जड़ों से गहराई से जुड़े हुए हैं। उनका राजनीतिक और सामाजिक योगदान दशकों पुराना है।

# TVK को 121 विधायकों का समर्थन

## तमिलनाडु में विजय के सीएम बनने का रास्ता साफ

**चेन्नई, वार्ता**

**तमिलनाडु में** सरकार बनाने के लिए टीवीके प्रमुख विजय ने शनिवार को 121 विधायकों के समर्थन का पत्र राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर को सौंपा। इसी के साथ राज्य में सरकार गठन को लेकर जारी सस्पेंस अब लगभग खत्म हो गया है।

रिपोर्ट्स की मानें, तो रविवार शाम को विजय मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। वीसीके ने आधिकारिक तौर पर टीवीके प्रमुख विजय को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। साथ ही आईयूएमएल के दो विधायकों ने भी समर्थन दे दिया है। इसके साथ ही टीवीके राज्य विधानसभा में बहुमत के जादुई आंकड़े 118 के पार पहुंच गई है। वीसीके अध्यक्ष थोल. थिरुमावलवन ने टीवीके की ओर से चुनाव अभियान प्रबंधन संभाल रहे महासचिव आधव अर्जुना को समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी तमिलनाडु में टीवीके के नेतृत्व वाली सरकार के गठन का समर्थन करेगी।



■ टीवीके को वीसीके व आईयूएमएल ने भी दिया समर्थन, रविवार शाम को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं विजय

वीसीके के समर्थन के बाद विजय के नेतृत्व में सरकार गठन का रास्ता आसान हो गया है। एक्टर विजय शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात करके सरकार बनाने का दावा पेश किया था। हालांकि उनके पास महज 116 विधायकों का ही समर्थन पत्र था। इससे पहले विजय ने 6 और 7 मई को भी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। तब राज्यपाल ने कहा कि 118 विधायकों का समर्थन दिखाए बिना वे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं कर सकते। कांग्रेस उन्हें सबसे पहले समर्थन देने वाले दलों में से एक। इनके पास 5 विधायक हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने स्थिर और लोकतांत्रिक शासन के लिए अपना समर्थन दिया है। इनके पास 2 विधायक हैं। माकपा ने भी आधिकारिक तौर पर टीवीके को समर्थन पत्र सौंपा है।

# लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि होंगे नए CDS

**नई दिल्ली।** रिटायर लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि देश के अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) होंगे। केंद्र ने शनिवार को इसका ऐलान किया। सुब्रमणि रक्षा मामलों के विभाग के सचिव की जिम्मेदारी भी संभालेंगे। सरकार ने वॉइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। दोनों 31 मई को कार्यभार संभालेंगे।

मौजूदा सीडीएस अनिल चौहान का कार्यकाल 30 मई को खत्म हो रहा है। एनएस राजा सुब्रमणि देश के तीसरे सीडीएस होंगे। एनएस राजा सुब्रमणि करीब 39 साल की सर्विस के बाद 31 जुलाई 2025 को वॉइस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ के पद से रिटायर हुए थे। एनएस राजा सुब्रमणि ने दिसम्बर 1985 में गढ़वाल राइफल्स से सेना में



■ वॉइस एडमिरल स्वामीनाथन एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी की जगह नए नौसेना प्रमुख नियुक्त किए गए

कमीशन लिया था। उन्होंने नेशनल डिफेंस अकादमी (एनडीए) से सैन्य प्रशिक्षण हासिल किया। इसके बाद वे ब्रिटेन के ब्रैकनेल स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज भी गए। भारत लौटने के बाद उन्हें माउंटेन ब्रिगेड में ब्रिगेड मेजर की जिम्मेदारी दी गई। बाद में उन्होंने दिल्ली के नेशनल डिफेंस कॉलेज से पढ़ाई की। उनके पास लंदन के किंग्स कॉलेज से मास्टर ऑफ आर्ट्स और मद्रास यूनिवर्सिटी से डिफेंस स्टडीज में एमफिल की डिग्री भी है। सुब्रमणि वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं। यह पद उन्होंने सितम्बर 2025 से संभाला हुआ है। इससे पहले उन्होंने जुलाई 2024 से जुलाई 2025 के बीच सेना उप-प्रमुख के रूप में कार्य किया था। 35 साल से ज्यादा लंबे सैन्य करियर में उन्होंने कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल और रणनीतिक पदों पर कार्य किया है।

# अनिल अंबानी की कंपनियों पर ताबड़तोड़ छापे

**नई दिल्ली।** देश के बैंकिंग सेक्टर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को 27 हजार करोड़ रुपये से अधिक का चूना लगाने वाले कथित घोटाले में सीबीआई ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस एडीए ग्रुप की कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ मुंबई में 17 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई कॉर्पोरेट गवर्नेंस और बैंक फंड की हेराफेरी के बड़े मामलों पर जांच एजेंसियों के कड़े रुख को दर्शाती है।

सीबीआई के प्रवक्ता के अनुसार, यह सर्च आपरेशन रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड और उनके निदेशकों के खिलाफ दर्ज तीन अलग-अलग मामलों के तहत किया गया है। इसके साथ ही उन बिचौलिया कंपनियों के दफ्तरों को भी खंगाला गया, जिनके खातों का इस्तेमाल कथित तौर पर बैंक फंड को डायवर्ट (हेराफेरी) करने के लिए किया गया था। शुक्रवार को



■ 27337 करोड़ के घोटाले में सीबीआई ने की कार्रवाई

मुंबई की एक विशेष अदालत से सर्च वारंट हासिल करने के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई, जिसमें कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए हैं। इस पूरे कथित घोटाले का वित्तीय प्रभाव बेहद व्यापक है। अधिकारियों के मुताबिक, इन मामलों में सरकारी बैंकों और एलआईसी को कुल मिलाकर लगभग 27,337 करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आया है कि फंड डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल की गई कई बिचौलिया कंपनियां एक ही पते से संचालित हो रही थीं।







CMYK

# अवैध तमंचे के साथ दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में चलाए जा रहे वाहन चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी के नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम बीती देर शाम जटपुरा चेक पोस्ट पर पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की सघन जांच कर रही थी। चैकिंग के दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबराया हुआ दिखाई दिया, जिस पर पुलिस टीम को शक हुआ। पुलिसकर्मियों ने युवक को रोककर पूछताछ की तथा उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहित कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम रतुपुरा थाना ठाकुरद्वारा बताया। पुलिस ने आरा. ेपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि आरोपी मोहित कुमार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा उसे न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की गई है।

वाहन चैकिंग अभियान के दौरान उपनिरीक्षक हरवीर सिंह, कांस्टेबल अश्विनी चौधरी तथा कांस्टेबल मुनेश कुमार मौजूद थे।

# मिट्टी खिसकने से आवागमन बाधित

## दोनों ओर दीवार लगाकर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही को बंद कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भूतपुरी- जसपुर मार्ग पर उत्तराखंड को जोड़ने वाले बनेली नदी के पुराने पुल के समीप निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी खिसकने से आवागमन प्रभावित हो गया। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने पुल के दोनों ओर दीवार लगाकर छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही को मरम्मत होने तक बंद कर दिया है।

यातायात बंद होने से क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा के लिए आवागमन करने वाले ग्रामीणों, किसानों तथा व्यापारियों को अब लंबा वैकल्पिक शाहपुर जमाल मार्ग अपनाना पड़ रहा है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ गए हैं।

मौके पर किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है तथा लोगों को पुल के आसपास जाने से रोक लगा दी गई है। प्रशासन द्वारा क्षेत्र की लगातार निगरानी की जा रही है और सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुल निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही के चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण मिट्टी खिसकने की घटना सामने आई। वहीं संबंधित विभाग द्वारा स्थिति को नियंत्रित करने और मार्ग को जल्द सुचारु करने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## एक नजर

### पत्रकार महेश शर्मा की पत्नी को श्रद्धांजलि



**धामपुर।** वरिष्ठ पत्रकार महेश शर्मा की पत्नी अर्चना शर्मा के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। नगीना मार्ग स्थित एक मंडप में आर्य समाज पद्धति से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों ने स्व. अर्चना शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर आर्य समाज की भजनोपदेशक मंडली द्वारा अर्चना शर्मा के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी एवं मार्मिक प्रसंग सुनाए गए। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, नगर पालिका चेयरमैन रवि चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार सत्यराज, संपादक सूर्यमणि रघुवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री नीरजा सिंह, धामपुर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय गुप्ता, लाला नरेंद्र गुप्ता, मधुश्री अग्रवाल, अतुल गुप्ता, सतवंत सिंह सलूजा, स्योहारा के पत्रकार कांता पुष्पक, समाजसेवी डा. मनोज वर्मा, पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, आरएसएम महाविद्यालय की प्राचार्या डा. रश्मि शर्मा रावल, डा. शंकर लाल शर्मा, रमेश स्वीट्स के स्वामी विकास अग्रवाल, कन्हैया स्वीट्स के स्वामी मुकेश शर्मा, कुंवर आशीष राजपूत, डा. जेपी शर्मा देहरादून, एडवोकेट केपी शर्मा सहारनपुर, राजकुमारी जयपुर, राहुल चौधरी दिल्ली, रोहित जयपुर, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश चंद नवीन, पत्रकार संघ धामपुर के अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार सतीश शर्मा, अभिषेक गुप्ता, केशव राजपूत, सुमित शर्मा, शरद राजवंशी, मनोज कात्यायन, मुदित बंसल, महेंद्र सलूजा, एसपी सलूजा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। स्व. अर्चना शर्मा के पति पत्रकार महेश शर्मा, पुत्र शिखर दीप एवं विशाल दीप ने सभी लोगों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की।

### महाराणा प्रताप जयंती पर हवन-पूजन



**हल्दौर।** महाराणा प्रताप सिंह वाटिका में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा द्वारा किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद पंडित सोमेश्वर दत्त पंकज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन-पूजन संपन्न कराया। संस्था अध्यक्ष टीकम सिंह मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने हवन में आहुतियां अर्पित कर महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में टीकम सिंह, अशोक चौहान, राजू चौहान, सभासद राजीव चौहान, गौरव चौहान गोल्डी, सोनू चौहान, ठाकुर राजेंद्र सिंह, ठाकुर योगेंद्र सिंह, सजल, राजेश चौहान और हृदेश प्रकाश सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ठाकुर पीयूष राजपूत ने किया।

### दो गोकश गिरफ्तार



**हीमपुर दीपा।** पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर गौवंशीय पशुओं की हत्या में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकदी और रस्सियां बरामद की हैं, जबकि घटना में प्रयुक्त कार पहले ही जब्त कर ली गई थी। पुलिस को 7 मई को ग्राम अकबरपुर तिगरी स्थित जंगल में एक संदिग्ध सेंट्रो कार खड़ी होने की सूचना मिली थी, जिसके पास एक गौवंशीय पशु का शव पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके पर गौवंशीय पशु का शव, पशु वध के उपकरण और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की। जांच में पता चला कि दो व्यक्ति घटना को अंजाम देने के बाद ग्रामीणों के आने पर भागते हुए दिखाई दिए थे। पुलिस ने गौवंशीय पशु के शव का नियमानुसार चिकित्सकीय परीक्षण कराकर दफनाया। इस संबंध में थाना हीमपुर दीपा में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 37/26 धारा 3/5क/8 गौवध निवारण अधिनियम व 11(1)क पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

# विधवा की संपत्ति हड़पने के मामले में दो गिरफ्तार

## विधवा ने पांच के खिलाफ कराई थी रिपोर्ट दर्ज, कोर्ट ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में फर्जी दानपत्र तैयार कर विधवा की संपत्ति हड़पने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने दो महिलाओं सहित पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी दस्तावेज तैयार कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



शहर कोतवाली के मौहल्ला चौधरियान निवासी पीड़िता अचला पत्नी स्व. हेमंत कुमार उर्फ अमरजीत ने 28 जनवरी को शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया था कि उसकी नगर पालिका रिकॉर्ड में दर्ज संपत्तियों पर लंबे समय से पड़ोसियों की नजर थी। पीड़िता के अनुसार मोहल्ला निवासी सुखेन्द्र सिंह पुत्र भीम सिंह तथा उसकी पत्नी रमा देवी ने एक कथित भूमाफिया के साथ मिलकर साजिश रची। आरोप है कि वर्ष 2023 में उसकी संपत्ति के कुछ हिस्सों के फर्जी दानपत्र तैयार कराकर उन्हें सब रजिस्ट्रार कार्यालय में दर्ज करा लिया गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने झूठे और मनगढ़ंत शपथ पत्र नगर पालिका परिषद में प्रस्तुत कर संपत्ति अपने नाम दर्ज करा ली। मामले की जानकारी होने पर उसने नगर पालिका परिषद में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी पाए गए, जिसके बाद 17 अक्टूबर 2025 को नगर पालिका ने दोबारा संपत्ति रिकॉर्ड में पीड़िता का नाम दर्ज कर दिया। जिस पर 16 नवंबर 2025 को आरोपियो ने जबरन पीड़िता के घर में घुस कर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सुखेन्द्र सिंह, उसकी पत्नी रमा, आनंद निवासी मोदीनगर जनपद गाजियाबाद, रामपाल पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम तीबड़ी शहर कोतवाली तथा ऊषा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू कर दी थी। आज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुखेन्द्र सिंह पुत्र भीम सिंह तथा रामपाल पुत्र रघुवीर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। शहर कोतवाली थाना अध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# समाधान दिवस में आठ शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिसमें आठ शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि अन्य मामलों के समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों और लेखपालों को मौके पर भेजा गया।

समाधान दिवस में थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विवाद से शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका हो तो इसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों को निर्देशित किया गया है। वहीं अफजलगढ़ एसएसआई श्रीपाल सिंह ने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा तथा पीड़ितों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसी दौरान एक शिकायतकर्ता शाहपुर जमाल निवासी वृद्ध किसान राजपाल सिंह ने बताया कि शाहपुर जमाल हल्के में तैनात लेखपाल दीपेंद्र कुमार व कानूनगो गोविंद सिंह हल्के में भी बहुत कम मौजूद रहते हैं और समाधान दिवस में भी नहीं आते हैं। इस मौके पर कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, एसआई मनवीर सिंह, एसआई चंद्रप्रकाश गंगवार, एसआई हरवीर, एसआई जयवीर सिंह, पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह चौहान, कानूनगो योगेंद्र कुमार, कानूनगो नरेश कुमार सहित लेखपाल एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शोध, नवाचार और अकादमिक सहयोग को मिलेगा बढ़ावा : कुलपति

## शोधों में चिकित्सा सुरक्षा, प्रयोगशाला प्रबंधन तथा पर्यावरण शुद्धिकरण के आधुनिक उपायों को विस्तार से समझाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय में विज्ञान और नवाचार को नई दिशा देने के उद्देश्य से विज्ञान संकाय के सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग द्वारा एमएससी विद्यार्थियों की शोध एवं प्रोजेक्ट प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सुरक्षा और सतत विकास से जुड़े अनेक अभिनव शोध प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कुलपति डा. एनके गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के शोध, नवाचार और अकादमिक सहयोग को हर संभव प्रोत्साहन देगा, जिससे विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि रचनात्मक सोच और व्यावहारिक नवाचार ही युवाओं को नई पहचान दिला सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा प्रस्तुत शोध विषयों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। 'सस्टेनेबल रिसोर्स मैनेजमेंट' के अंतर्गत जलकुंभी से कागज निर्माण पर आधारित शोध में पर्यावरण संरक्षण और अपशिष्ट प्रबंधन का प्रभावी समाधान प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि यह तकनीक जल प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ पर्यावरण अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा दे सकती है।

इसी क्रम में 'पेपर बेस्ड सिंथेटिक बायोलॉजी बायोसेंसर' विषय पर शोध प्रस्तुत किया गया, जिसमें हैजा की त्वरित पहचान के लिए कम लागत वाली तकनीक विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है। विशेषज्ञों ने इसे ग्रामीण और संसाधन-विहीन क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।



'माइक्रोएल्गी आधारित $CO^2$ रूपांतरण प्रणाली' पर आधारित प्रोजेक्ट में कार्बन डाइऑक्साइड को कम करने और ऑक्सीजन उत्पादन बढ़ाने की प्रक्रिया को समझाया गया, जिसे जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया।

विद्यार्थियों ने 'स्मार्ट एंटीमाइक्रोबियल बायोडिग्रेडेबल बायोफिल्म' पर भी शोध प्रस्तुत किया, जिसमें खाद्य पदार्थों की खराबी को रंग परिवर्तन के माध्यम से पहचानने की तकनीक विक. सित करने का प्रस्ताव रखा गया। यह तकनीक खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण में उपयोगी साबित हो सकती है। इसके अलावा 'बायोप्लास्टिक्स का जैव संश्लेषण' विषय पर शोध में प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए पर्यावरण अनुकूल विकल्पों पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में 'स्टेरिलाइजेशन और डिसइन्फेक्शन मेथड्स' तथा 'सूक्ष्मजीवों द्वारा बायोप्रोडक्ट्स एवं प्रदूषण नियंत्रण' जैसे विषयों पर भी विद्यार्थियों ने अपने शोध प्रस्तुत किए। इन शोधों में चिकित्सा सुरक्षा, प्रयोगशाला प्रबंधन तथा पर्यावरण शुद्धिकरण के आधुनिक उपायों को विस्तार से समझाया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीन, स्कूल ऑफ साइंस डा. एसके त्यागी और एसोसिएट डीन डा. मीना चौधरी उपस्थित रहीं। वहीं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ शिक्षकों एवं विशेषज्ञों ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जिनमें डा.मनीका विश्नोई विभागाध्यक्ष बीपीटी, अंजली रानी विभागाध्यक्ष ऑप्टोमेट्री तथा शैलेंद्र शर्मा विभागाध्यक्ष मेडिकल लैबोरेटरी साइंस प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली और विद्यार्थियों द्वारा किए गए शोध कार्यों की सभी ने सराहना की। सूक्ष्मजीवविज्ञान विभागाध्यक्ष डा. रिदिन सक्सेना ने बताया कि विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक और अनुसंधान आधारित शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य में वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में विभाग की सहायक प्राध्यापिकाएं प्रेरणा राजपूत, फरहा शेख, आदित्य शीर्शवाल और आकांक्षा सिंह की विशेष भूमिका रही।

# भाजपा के अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा:केजरीवाल

**नई दिल्ली।** पंजाब के मंत्री संजीव अरोड़ा के चंडीगढ़ स्थित आवास पर शनिवार सुबह ईडी की रेड के बाद उन्हें गिरफ्तार किए जाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संजोयक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि पंजाब के साथ अत्याचार हो रहा है। मोदी राज में एजेंसियों के दम पर विपक्षी नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल करवाने की राजनीति हो रही है। भाजपा के अत्याचारों के आगे पंजाब नहीं झुकेगा। केजरीवाल ने कहा, डराओ, खरीदो, तोड़ो और पार्टी में शामिल करवाओ, भाजपा अब सिर्फ इसी सिद्धांत पर काम कर रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुवेंदु अधिकारी...** और मंत्रियों की शपथ पूरी होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंच से घुटनों के बल झुककर बंगाल की जनता को प्रणाम किया। सुब्रत गुप्ता को सीएम सुवेंदु अधिकारी का सलाहकार बनाया गया है। वे चुनाव में विशेष पर्यवेक्षक थे। शपथ के बाद हरियाणा सीएम नायब सैनी, बिहार सीएम सम्राट चौधरी, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता, सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग, अरुणाचल के सीएम पेमा खांडू और मेघालय सीएम कॉनराड संगमा ने एयरपोर्ट पर नजर आए। उन्होंने विक्ट्री साइन दिखाया। शपथ ग्रहण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के दिवंगत कार्यकर्ताओं देबाशीष मंडल, सौमित्र घोषाल और आनंद पाल के परिवारों से मुलाकात की।

# रशीदी की पुस्तक संविधान व कानून की जानकारी देगी

**लखनऊ, वार्ता**

■ **मदरसा छात्रों के लिए होगी ज्ञानवर्धक, देश के मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा**

मदरसों में आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने के बीच एक खास पहल के तहत इन संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भारत के कानून और संविधान की जानक. ारी देने के लिए एक किताब तैयार की गई है।

जमीयत उलमा-ए-हिद उत्तर प्रदेश के विधिक सलाहकार मौलाना काब रशीदी द्वारा लिखित यह किताब भारत के संविधान और विभिन्न कानूनों की मूलभूत जानकारी को खुद में समेटे है। लेखक का दावा है कि इस पुस्तक से मदरसा छात्रों को कानूनी तथा संवैधानिक अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के बारे में भी जानकारी मिलेगी जिससे वह बेहतर नागरिक भी बनेंगे। 'भारतीय संविधान, एक वैचारिक अध्ययन' शीर्षक वाली इस किताब में कुल सात अध्याय हैं और इस किताब को मनोवैज्ञानिक तरीके से तैयार किया गया है, ताकि मदरसों के बच्चे इसमें शामिल सामग्री को बेहतर ढंग से समझ सकें और उसे अपने जीवन में उतार सकें। इस किताब को मदरसों के 'सौम' दर्जे से पढ़ाया जाएगा जो आमतौर पर इंटरमीडिएट के समकक्ष माना जाता है। यह किताब पांच खंडों में होगी और इसका 10 भारतीय भाषाओं में अनुवाद भी कराया जाएगा, ताकि यह पूरे मुल्क में पहुंचे।

मौलाना ने कहा कि भारत की आजादी से लेकर सामाजिक क्षेत्र में भी मदरसों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मदरसे स्वतंत्रता आंदोलन का केंद्र रहे हैं। हालांकि देश के मदरसों में लागू पाठ्यक्रमों में संविधान और कानून को एक विषय में के रूप में पढ़ाए जाने के उदाहरण लगभग ना के बराबर हैं। लिहाजा मौजूदा हालात में बहुत जरूरी है कि मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को और अच्छा तथा ज्यादा जागरूक नागरिक बनाने के लिए उन्हें मुल्क के कानून और संविधान के बारे में भी पढ़ाया जाए। यह पुस्तक इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए ही तैयार की गई है।

मौलाना रशीदी ने बताया कि इस किताब को देश के सभी मदरसों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, इसके लिए व्यापक अभियान चलाते हुए मुल्क के तमाम मदरसों तथा दीनी तालीम देने वाले अन्य इदारों से संपर्क किया जाएगा। इसके अलावा तमाम मस्जिदों में भी जाकर इस सिलसिले में जिम्मेदार लोगों को प्रेरित किया जाएगा। साथ ही इसके लिए देश की विभिन्न मदरसा शिक्षा परिषदों से भी संपर्क किया जाएगा कि वे अपनी निंगरानी वाले मदरसों के पाठ्यक्रम में इस किताब को भी शामिल करें। यह किताब दरअसल मदरसों में सुधार (रिफॉर्म्स) की एक शुरुआत है। मदरसों के संस्थापकों ने जिस मकसद से इन संस्थानों की नींव रखी थी, अगर सुधार के नाम पर उसी मकसद को नजरअंदाज कर दिया गया, तो ऐसे सुधार आने वाली पीढ़ियों के लिए अच्छे संकेत नहीं होंगे।

# सुभेंदु मंत्रिमंडल में समुदायों व पार्टी के बीच संतुलन

■ **जनादेश के बाद अटकलों पर लगा विराम**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के मंत्रिमंडल में संगठनात्मक गुटों, क्षेत्रीय आकांक्षाओं एवं सामुदायिक प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन स्थापित किया गया है।

कोलकाता के विशाल ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के कई मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में अधिकारी ने राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली जिससे राज्य में भाजपा को मिले भारी जनादेश के बाद कई दिनों से चल रही अटकलों का अंत हो गया। अधिकारी के साथ, पांच वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली जिसमें दिलीप घोष, अग्निमित्र पॉल, अशोक कीर्तनिया, खुदीराम टुडू और निसिथ प्रमाणिक शामिल हैं। इन पांच मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल करना भाजपा के शासन मॉडल को व्यापक बनाने के लिए एक सुविचारित राजनीतिक रणनीति को दर्शाता है, साथ ही पार्टी में क्षेत्रों, समुदायों एवं गुटों के बीच एक नाजुक संतुलन स्थापित करने की कोशिश भी करता है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि दिलीप घोष को मंत्रिमंडल में शामिल करने का उद्देश्य पार्टी के पुराने और नए गुटों के बीच लंबे समय से चली आ रही खाई को पाटना है।

गौकशी रोकथाम में लापरवाही

# तीन दरोगा सहित छह पुलिसकर्मी निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले में गौकशी की घटनाओं की रोकथाम में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कड़ा रुख अपनाया है। एसपी ने नजीबाबाद और हीमपुर दीपा थानों में तैनात तीन उपनिरीक्षकों सहित छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

थाना नजीबाबाद में तैनात उपनिरीक्षक देवी प्रसाद गौतम, मुख्य आरक्षी ब्रजेश कुमार तथा थाना हीमपुर दीपा में तैनात उपनिरीक्षक जगत सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार व सिपाही राहुल कुमार को निलंबित किया है।

## पुलिस अधीक्षक ने विभागीय जांच भी शुरू कराई

बताया गया कि इन पुलिसकर्मियों पर गौकशी जैसी गंभीर घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई न करने, उदासीनता बरतने का आरोप हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने तत्काल कार्रवाई की। एसपी ने जनपद के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए जो विधि के प्रतिकूल हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कानून के विपरीत कार्य संज्ञान में आता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग

## लाखों का कच्चा माल और मशीनरी जलकर खाक





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** फुलसंदा में आज सुबह कपड़ा बुनाई फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग से लाखों रुपए का कच्चा माल और मशीनरी जलकर खाक हो गई। हालांकि, किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

प्राप्त समाचार के अनुसार इमरान ग्राम फुलसंदा में इमरान अहमद की कपड़ा बुनाई की फैक्ट्री में आज सुबह आग लग गई। ग्रामीणों ने फैक्ट्री से काला धुआं और आग की लपटें उठती देखीं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और उन्होंने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। दमकल विभाग की गाड़ियां भी तुरंत मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री मालिक के मुताबिक, आग से लाखों रुपए का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। फैक्ट्री में रखा अधिकांश कच्चा माल और बुनाई मशीनें पूरी तरह जलकर राख हो गई। फिलहाल आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, यह राहत की बात रही।

## एक नजर

### नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत



**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ब्लॉक के डबाकरा हाल में हुई बैठक में अरुण कुमार को सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। आज आयोजित पंचायत में संगठन के विस्तार और सक्रियता को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्ति की गई। नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण कुमार का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उनसे संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपेक्षा की गई है। बैठक में संगठन की मजबूती और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सदस्यों ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त, एसडीओ (विद्युत) को ज्ञापन देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता शौकत अंसारी ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन आदित्य दहिया द्वारा किया गया। बैठक में जिला सचिव जगत सिंह डवास और जिला उपाध्यक्ष चौधरी सुजीव कुमार सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें अशोक सैनी, आलोक डवास, विजेंद्र सिंह, सोनू सैनी, नरेंद्र सैनी, शिवनाथ सैनी, रफीक अहमद, रईस अहमद, आदेश कुमार, अंकित कुमार भोले, कालू डवास, धर्मवीर सिंह, नीरज कुमार, सुमित शर्मा, मुदित त्यागी, सुन्दर सिंह, राजवीर सिंह, सुमित कुमार, छोटू, हेमेंद्र राठी, कुलमणी और दिवाकर सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे।


### मदर्स-डे पर रंगारंग कार्यक्रम



**स्योहारा।** इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही जबलपुर में हुए हादसे पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में मदर डे के अवसर पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस मौके पर सबसे पहले जबलपुर में हुए हादसे पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा.सादिया ने अपने शब्दों में कहा कि मां को शब्दों में बंधा नहीं जा सकता है मां की महिमा अपरंपार है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों के अंदर छिपी हुई कलात्मक एवं रचनात्मक प्रवृत्ति का विकास होता है। इस मौके पर प्रबंधक हाफिज अहमद अली, अंजुम परवीन, सदफ अली आदि मौजूद रहे।

# साल भर में टूटा 'बुजुर्ग जोड़े' का साथ

## थाने की दहलीज पर भीगी पलकों से दिया तलाक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मोहब्बत और साथ निभाने की कोई उम्र नहीं होती, लेकिन जब उम्मीदें टूटती हैं, तो दर्द भी उतना ही गहरा होता है। क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग में एक साल पहले सुर्खियों में आया एक निकाह अब आंसुओं के साथ खत्म हो गया। करीब एक वर्ष पूर्व जब 80 वर्षीय बुजुर्ग ने 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ निकाह कर नई पारी शुरू की थी, तो पूरे क्षेत्र में इसकी चर्चा हुई थी। लेकिन किसे पता था कि यह साथ महज एक साल का ही मेहमान होगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार एक वर्ष पहले महमूदपुर बुजुर्ग निवासी 80 वर्षीय बुजुर्ग का निकाह नगीना देहात क्षेत्र की 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला से हुआ था। दोनों ने जीवन के अंतिम पड़ाव पर एक-दूसरे का सहारा बनने का फैसला किया था। लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच अनबन शुरू हो गई। मामला बढ़ते-बढ़ते थाने तक जा पहुंचा। आज जब यह मामला पुलिस के पास पहुंचा, तो सुलह-समझौते की तमाम कोशिशें नाकाम रहीं। बुजुर्ग महिला ने बुजुर्ग पति के साथ रहने से साफ इंकार कर दिया।

बुजुर्ग ने महिला के सामने भीगी पलकों से साथ रहने की मिन्नते भी की, लेकिन बुजुर्ग ने साथ रहने से इंकार कर दिया। घंटों चली पंचायत और बातचीत के बाद जब कोई रास्ता नहीं निकला, तो बुजुर्ग को भारी मन से जुदाई का फैसला लेना पड़ा। थाने के बाहर ही बुजुर्ग ने अपनी 82 वर्षीय पत्नी को तलाक दे दिया। जैसे ही जुबान से तलाक के शब्द निकले, बुजुर्ग की आंखें भर आईं। भीगी पलकों के साथ उन्होंने अपने एक साल पुराने रिश्ते को हमेशा के लिए खत्म कर दिया।

जिस निकाह ने एक साल पहले लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी थी, आज उसके अंत ने सबको भावुक कर दिया। थाने के बाहर मौजूद लोग भी इस दृश्य को देखकर स्तब्ध रह गए। बुजुर्ग का रोना इस बात का गवाह था कि वह इस रिश्ते को सहेज कर रखना चाहते थे, लेकिन किस्मत और आपसी तालमेल को कुछ और ही मंजूर था।

## क्षत्रिय समाज ने निकाली शोभायात्रा



**धामपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में क्षत्रिय समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व हाइवे स्थित एक रिजार्ट में आयोजित कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्षो पर विचार व्यक्त करते हुए उनके जीवन आदर्शो से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। शोभायात्रा आरएसएम तिराहा, शीला टाकिज, स्योहारा चुंगी, जैतरा चुंगी, स्टेशन मार्ग, नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्मारक, नगीना चौराहा से होती हुई निकाली गई। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में ट्रैक्टर-ट्रालियों और वाहनों पर बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के युवा महाराणा प्रताप के नारे लगाते चल रहे थे। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, पूर्व विधायक डा.इंद्रदेव सिंह, राणा प्रियंकर सिंह, सौरभ ठाकुर, अजीत राणा, अवनीश चौहान, दुष्यंत राणा, जयवीर सिंह सिसोदिया आदि मौजूद रहे।

# किरतपुर में खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन

## नागरिकों ने की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** प्रदेश में अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए सरकार लगातार सख्ती के निर्देश दे रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों की खुलेआम अनदेखी होती दिखाई दे रही है।

स्थानीय मौहल्ला अफगानान नई बस्ती में इन दिनों दिनदहाड़े मिट्टी का अवैध खनन का धड़ल्ले से संचालित हो रहा है। जिसकी गहराई लगभग सात फीट है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें प्रशासन या कानून का कोई भय नहीं रह गया है। बताया जा रहा है कि भारी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से खुलेआम मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल दिन के उजाले में चल रहा है, इसके बावजूद संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। क्षेत्रीय नागरिकों का आरोप है कि राजस्व विभाग, खनन विभाग तथा पुलिस विभाग की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा अवैध कारोबार संभव नहीं हो सकता।

स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया बेखौफ होकर प्रशासनिक कार्यालयों और थाने में आते-जाते देखे जाते हैं। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कुछ पुलिस कर्मियों और अधिकारियों के साथ उनकी सांठगांठ होने के कारण उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। इसी कारण माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

मोहल्लेवासियों के अनुसार अवैध खनन के कारण क्षेत्र की सड़कों की हालत खराब हो रही है। दिनभर दौड़ने वाले ओवरलोड वाहन आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। धूल-मिट्टी से वातावरण प्रदूषित हो रहा है और आसपास रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सरकार एक ओर अवैध खनन रोकने के दावे करती है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बने हुए हैं। नागरिकों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार पर रोक लग सके।

# महाराणा प्रताप की जयंती श्रद्धा से मनाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धामपुर में हिंदू शौर्य दिवस के रूप में हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। क्षत्रिय समाज की ओर से हवन-यज्ञ, शोभायात्रा सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर में निकाली गई शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

आरएसएम कॉलेज स्थित महाराणा प्रताप चौक प्रतिमा स्थल पर सामूहिक पूजन एवं हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान पूर्व भाजपा विधायक एवं विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. इंद्रदेव सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन पूजन के साथ किया। इस दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान, महामंत्री धनंजय सिंह, कोषाध्यक्ष एवं दुर्गा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान, संयोजक नागेंद्र सिंह, विनोद कुमार, अजय पाल सिंह तथा डा. एसके राजपूत सहित अनेक गणमान्य लोगों ने हवन कुंड में आहुतियां देकर महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन, त्याग, शौर्य और राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। साथ ही समाज, देश और राष्ट्र में शांति, एकता, भाईचारा एवं सद्भाव बनाए रखने की कामना की गई।

# रोडवेज बस से भिड़ी बाइक, दो गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कोतवाली देहात मार्ग पर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास एक रोडवेज बस और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज रॉयल एनफील्ड बाइक पर सवार दो युवक नहटौर-कोतवाली देहात मार्ग से होते हुए कोतवाली देहात जा रहे थे। इसी दौरान ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के पास उनकी बाइक की टक्कर रोडवेज बस से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर बस के अगले हिस्से में फंस गई। हादसे में

## टक्कर के बाद बस में फंसी बाइक

घायल युवकों की पहचान अमरोहा निवासी फैसल और सुल्तान के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उनमें से एक की हालत अधिक गंभीर होने के कारण उसे मेरठ भेज दिया गया है।

# ग्रेट इंडियन एकेडमी में रंगारंग कार्यक्रम

## नन्हे कलाकारों ने डांस, रैंप वॉक और भावुक प्रस्तुतियों से बांधा समा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी के परिसर में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय का वातावरण मां के प्रेम, त्याग, ममता और संस्कारों की भावनाओं से सराबोर नजर आया। नर्सरी से लेकर कक्षा पांच तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जहां विद्यार्थियों ने मां के महत्व पर सुंदर विचार प्रस्तुत किए। इसके बाद नर्सरी से तृतीय कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने समूह नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। रंग-बिरंगी वेशभूषा और मधुर संगीत पर बच्चों की मासूम अदाओं ने हर किसी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में तृतीय से पंचम कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच हिंदी भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने 'मां का त्याग', 'मां का प्रेम' और 'मां का महत्व' जैसे विषयों पर भावपूर्ण विचार रखकर उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, स्पष्ट उच्चारण और प्रभावशाली अभिव्यक्ति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। मां पर आधारित कविताओं और निबंध लेखन प्रतियोगिता ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया। 'मेरी मां' विषय पर बच्चों ने अपनी भावनाओं को शब्दों में इस तरह पिरोया कि कई अभिभावकों की आंखें नम हो गईं। वहीं प्रथम और द्वितीय कक्षा के विद्यार्थियों ने सुंदर हस्तलेखन का प्रदर्शन करते हुए हिंदी लेखन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा रैंप वॉक और 'प्रिंस एंड प्रिंसेस डे सेलिब्रेशन' रहा। नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों ने आकर्षक परिधानों में मंच पर प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी। छोटे-छोटे राजकुमार और राजकुमारियों की मनमोहक झलक ने पूरे परिसर में उत्साह का माहौल बना दिया। इसके साथ ही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और विभिन्न आउटडोर खेल गतिविधियों में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्रबंधन गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उप प्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा तथा डीन ऑफ एकेडमिक आयुष अग्रवाल ने सभी प्रतिभागी एवं विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

# चोरी और बाइक में आग लगने से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौहल्ला अंबेडकर नगर में एक ही रात में चोरी और बाइक में आग लगने की दो घटनाओं से क्षेत्र में दहशत और रोष का माहौल है। मौहल्लेवासी इन घटनाओं से स्तब्ध हैं।

मौहल्ला निवासी डा. मनोज कुमार पुत्र शिवराम के घर में देर रात अज्ञात चोर घुस गया। चोर ने कमरे में रखा मोबाइल चोरी कर लिया तथा अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी एक सोने की चेन और लगभग 10 हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि चोर के घर में घुसने और वापस निकलने की पूरी घटना पास के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वहीं दूसरी घटना पास की गली में हुई, जहां राकेश पुत्र विजय की बाइक संख्या यूपी-20 वी-1612 घर के बाहर खड़ी थी। रात करीब ढाई बजे अचानक बाइक में आग लग गई। आग की लपटें उठती देख मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बाइक काफी हद तक जल चुकी थी। लगातार हुई इन दोनों घटनाओं से मोहल्लेवासियों में पुलिस के प्रति भारी रोष व्याप्त है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध चोर की तलाश की जा रही है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पूर्व मंत्री ओमवती नम आंखों के बीच पंचतत्व में विलीन

## बिजनौर से लेकर स्योहारा तक उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ी भीड़





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री श्रीमती ओमवती देवी का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक ग्राम रूपपुर में अत्यंत भावुक एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। उनकी पार्थिव देह को हजारों नम आंखों के बीच पंचतत्व में विलीन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार उनकी पार्थिव देह को बिजनौर से नगीना व धामपुर होते हुए स्योहारा क्षेत्र में स्थित ग्राम रूपपुर में ले जाया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वर्गीय श्रीमती ओमवती देवी जनमानस के हृदय में विशेष स्थान रखती थीं। वह दलित समाज की एक मजबूत, लोकप्रिय एवं संघर्षशील आवाज थीं तथा उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया। श्रीमती ओमवती देवी ने सांसद एवं प्रदेश सरकार में मंत्री रहते हुए जनसेवा, सामाजिक न्याय एवं संगठनात्मक मजबूती के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके निधन से कांग्रेस एवं सामाजिक जीवन को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उपस्थित सभी लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उन्हें एक सादगीपूर्ण, जनप्रिय एवं समर्पित जननेता बताया तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उनका पूरा परिवार मौजूद रहा। शाह टाइम्स परिवार उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करता है।

## एक नजर

### डोनाल्ड ट्रंप पागल : काजी



**बिजनौर।** सामाजिक चिंतक काजी जियाउर्रहमान ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप कभी जंग रोकते हैं, कभी हमले करते हैं, कभी टैरिफ की धौंस देते हैं। ये सब पागल पन नहीं, तो और क्या है? उनकी सनक ने आज अमेरिका को दुनिया से अलग थलग कर दिया है और इन हरकतों से अमेरिका के साथ पूरा विश्व खतरे में पड़ गया है। ईरान ने तो यह तय लिया है कि करो या मरो। पश्चिम बंगाल चुनाव के नतीजे आने के बाद हिंसा पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा की सत्ता किसी की बपौती नहीं, जनता की दी हुई ताकत है अगर कोई ताकत का दुरुपयोग करके सत्ता में आ भी गया, तो जनता खुद इंसाफ कर देगी। सत्ता परिवर्तन पर अगर ऐसा दंगा होगा, तो लोकतंत्र कैसे बच पाएगा।

### लोक अदालत में वादों का निस्तारण



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंकने आज जजी परिसर में आयोजित हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में अपना स्टॉल लगाकर वादों का निस्तारण किया। जिसमें ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह सिहमार के साथ बैंक स्टाफ उपस्थित रहा। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा बकाया राशि रुपए 292.30 लाख के सापेक्ष रुपए 172.50 लाख के कुल 172 समझौते कराए गए। साथ ही कुल रुपए 105.25 लाख की राशि मौके पर प्रदीप कुमार, रोहिताश, सुलेखा, मुन्ने, फूल सिंह, दयावती, सविता, नितिन कुमार आदि ऋणियों के खातों में वसूल हुई। लोक अदालत में बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक लखवीर सिंह सिहमार ने स्वयं अनेक ऋणियों से बातचीत की तथा समझौते के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बैंक के अनेक अधिकारी मौजूद रहे। जिनमें बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के उप क्षेत्रीय प्रबंधक अर्चित रस्तौगी, वरिष्ठ प्रबंधक नितिन कुमार अहलावत, अक्षय कुमार शर्मा वसूली प्रबंधक प्रयांशु त्यागी के साथ-साथ अनुज सैनी, चाहत मेहरा, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे। कैश का कार्य शाखा सिविल लाइन्स के कैशियर जरीफ अहमद व शाखा वी के रोड के कैशियर नीरज चौधरी के द्वारा किया गया। विभिन्न शाखाओं से आए स्टाफ राजीव कुमार शर्मा, जान डेनिस कुजूर, श्रीमती ज्योति नितिन मार्टिन, हिमांशु सिंह, ललित कटारिया, विवेक यादव, विवेक कुमार, अमित कुमार, कनक रस्तोगी, सचिन कुमार गुप्ता, अनिमेष, रोबिन कुमार, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, राजेन्द्र सिंह, प्रशांत कुमार, टिकेन्द्र सिंह, रिंकू कुमार, सीपी सिंह, रितेश चौहान, विशाल कुमार, विनीत कुमार, नरेंद्र कुमार, राकेश कुमार चौहान, सागर सिंह, अर्जुन सिंह, गुरमीत आदि अनेक वरिष्ठ प्रबंधक, उप-प्रबंधक व अन्य बैंक स्टाफ अपनी-अपनी शाखाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

### मैकेनिक के खोखे में चोरी

**नगीना।** धामपुर रोड पर रेलवे मालगोदाम और कलाखेड़ी फाटक के बीच विद्युत विभाग (बिजलीघर) कार्यालय की दीवार के बाहर लाइन से कई बाइक मैकेनिक और पंक्चर की दुकानें व खोखे स्थित हैं। इन्हीं में से आखिरी खोखे में लाइन पार आजाद कॉलोनी निवासी मौहम्मद साबिर पुत्र मौहम्मद जाहिद पिछले करीब 4-5 वर्षों से अपना काम कर रहे हैं। पीड़ित साबिर ने बताया कि नमी और बारिश के कारण उनके खोखे की टीन की चादर गल गई थी, जिसे उन्होंने कुछ दिन पहले ही तीन का टुकड़ा लगवाकर मरम्मत कराई थी। बीती शाम करीब साढ़े छह बजे वह अपनी दुकान रोजाना की तरह बंद करके घर गए थे। रात के समय किसी अज्ञात चोर ने दुकान के पीछे की ओर उसी मरम्मत किए हुए हिस्से को सरिए से उखाड़ दिया और अंदर प्रवेश किया। चोरों ने दुकान के भीतर रखे संदूक का कुंडा (छपका) भी उखाड़ दिया। आज सुबह जब साबिर करीब 7:30 बजे दुकान खोलने पहुंचे, तो दुकान का हाल देखकर उनके होश उड़ गए। चोरों ने दुकान में रखा नया सामान, कीमती पुर्जे, क्लच प्लेटें और मोबिल ऑयल के डिब्बे चोरी कर लिए थे। चोरी गए सामान की कीमत लगभग बीस हजार रुपए आंकी जा रही है। साबिर के अनुसार, उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है और न ही उनकी दुकान पर कोई अन्य लड़का (चेला) काम करता है। आसपास के दुकानदारों के साथ भी उनके संबंध मधुर हैं, जिसके चलते उन्हें फिलहाल किसी पर कोई संदेह नहीं है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि कुछ समय पहले तक यहां पास में एक गार्ड तैनात रहता था, लेकिन उसके जाने के बाद से क्षेत्र में चोरी का डर बढ़ गया है।

## एक नजर

### दौलतपुर में लाखों की चोरी



**नूरपुर।** क्षेत्र में पुलिस व्यवस्था फ्लॉप होने का चोर व बदमाश पूरा फायदा उठा रहे हैं। पुलिस वारदातों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। इसी क्रम में क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में बीती रात लाखों की चोरी होने से परिवार में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि दौलतपुर निवासी दो सगे भाई कारी इस्माईल व अब्दुल कादिर के घरों को चोरों ने निशाना बना लिया। चोरों ने घर के पीछे की दीवार में कुंबल लगाया। इसके बाद चोर यहां से अंदर घुस गए। चोरों ने दीवार फांद ली और घर के अंदर घुस कर दोनों कमरों से बड़ी आसानी के साथ सोने व चांदी के सामान सहित लाखों रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घर के आंगन में महिलाएं सो रही थी, तभी चोरों ने गहरी नींद में सो रहे परिवार के लोगों का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। परिवार के सदस्यों ने सुबह उठने पर जब कमरों में जा कर देखा, तो दोनों कमरों की सैफ अलमारियों के तालें टूटे हुए थे। तालें टूटे देखकर परिवार के सदस्यों के पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। घटना की सूचना दौलतपुर पुलिस चौकी प्रभारी को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चोरी की घटना का बारीकी के साथ जांच की। लाखों की चोरी होने से परिवार व क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। अब से तीन महीने पहले भी चोरों ने लाखों की चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। मगर पुलिस अब तक उस चोरी का खुलासा करने में नाकाम नजर आ रही है। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने बताया है कि जल्दी ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जायेगा। परिवार के सदस्यों ने बताया कि सऊदी अरब से आने के बाद एक महीने पहले छोटे बेटे अब्दुल कादिर की शादी हुई थी। शादी में दुल्हन को चढ़ाए गए सोने व चांदी के जेवरात सहित नकदी चोर ले गए।

### धर्मकांटे के गड्ढे में गिरी कार

**नजीबाबाद।** रायपुर रोड तिराहे पर आज शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कोटद्वार रोड स्थित राम लक्ष्मी फार्म हाउस के पास बने प्रकाश धर्मकांटा पर लोडिंग प्लेट न लगी होने के कारण एक कार सीधे धर्मकांटे के गड्ढे में जा गिरी। गनीमत रही कि कार सवार इंडेन गैस डिस्ट्रीब्यूटर रोहितराज सिंह और उनका परिवार बाल-बाल बच गया। शाम रोहितराज सिंह किसी कार्य से रायपुर तिराहे स्थित एसबीआई एटीएम पर गए थे। जैसे ही उन्होंने अपनी कार प्रकाश धर्मकांटा के पास पार्क करनी चाही, धर्मकांटे के ऊपर लोडिंग प्लेट न होने के कारण कार अचानक गड्ढे में गिर गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन एयरबैग खुल जाने से कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने प्रकाश धर्मकांटा संचालकों की लापरवाही पर सवाल उठाए। लोगों का कहना है कि रायपुर तिराहा बेहद व्यस्त क्षेत्र है, जहां दिनभर भारी वाहनों और आम लोगों का आवागमन रहता है। इसके बावजूद धर्मकांटे को बिना ढके खुला छोड़ देना गंभीर लापरवाही है। मौके पर मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि वह कई दिनों से धर्मकांटे को ढकने के लिए वहां मौजूद जिम्मेदार लोगों को चेतावनी दे रहे थे, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। लोगों का कहना है कि यदि इस हादसे में कोई जनहानि हो जाती, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता।

### भाकियू (अराजनैतिक) का धरना समाप्त

**नगीना।** किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर तहसील परिसर में पिछले तीन दिनों से चल रहा भाकियू (अराजनैतिक) का अनिश्चितकालीन धरना आज समाप्त हो गया। एसडीएम विजय शंकर मिश्रा और सीओ राजेश कुमार ने धरना स्थल पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से वार्ता की और सभी मांगों को 15 दिनों के भीतर पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद यूनियन ने अपना आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि भाकियू (अराजनैतिक) के कार्यकर्ता बीते गुरुवार, सात मई से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। उनकी मुख्य मांगों में एलआरएस कॉलेज द्वारा कब्जाई गई सिंचाई विभाग की भूमि को मुक्त कराना और अवैध रूप से अर्जित संपत्ति की जांच कराना शामिल था। इसके अतिरिक्त, तहसील कार्यालय में लेखपालों व कानूनगो के साथ अवैध रूप से कार्य करने वाले बाहरी व्यक्तियों (प्राइवेट कारिंदों) को हटाने, ग्राम खुरर्मपुर में सड़क निर्माण व तालाब की सफाई कराने और तहसील में किसानों के अंश निर्धारण की विसंगतियों को ठीक करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। यूनियन ने पंजाब कैडर के आईपीएस शुभम अग्रवाल की कार्यप्रणाली और जनपद में उनके द्वारा निवेश की गई कथित संपत्तियों की उच्च स्तरीय जांच की भी मांग की। साथ ही, जंगली हाथियों द्वारा बर्बाद की गई फसलों का उचित मुआवजा दिलाने, जिला सहकारी बैंक में रिक्त पदों पर कर्मचारियों की नियुक्ति और बढ़ापुर पीएचसी में डॉक्टरों की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग पर जोर दिया गया। आज धरना स्थल पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे एसडीएम विजय शंकर मिश्रा, सीओ राजेश कुमार और थाना प्रभारी अवनीत मान ने यूनियन के पदाधिकारियों के साथ लंबी वार्ता की। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और आगामी 15 दिनों के भीतर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# नगीना में किए गए पूर्व सांसद ओमवती के अंतिम दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उत्तर प्रदेश की राजनीति में दशकों तक सक्रिय रहीं नगीना की पूर्व सांसद और प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री ओम. वती देवी (75) का 8 मई 2026 की शाम को बिजनौर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। आज उनके पैतृक गांव रूपपुर शाहपुर में नम आंखों के बीच उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ, जिसमें राजनीतिक और सामाजिक जगत की तमाम हस्तियों ने शिरकत की।

ओमवती देवी का पार्थिव शरीर आज सुबह बिजनौर स्थित उनके आवास विकास कॉलोनी वाले निवास पर अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया। सुबह 11:00 बजे उनके बिजनौर आवास से अंतिम यात्रा शुरू हुई। दोपहर 12:00 बजे शव नगीना के मंडी मॉलगंज स्थित उनके निवास पर पहुंचा, जहां क्षेत्र की जनता ने अपनी प्रिय नेत्री को अंतिम विदाई दी। दोपहर



01:00 बजे यात्रा उनके मायके ग्राम मिलक तखावली (नगीना-धामपुर रोड) पहुंची। दोपहर 02:30 बजे अंततः पैतृक ग्राम रूपपुर शाहपुर (बुढ़नपुर के पास) में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनका अंतिम संस्कार किया गया।

ओमवती देवी को नगीना और बिजनौर क्षेत्र की कद्दावर महिला नेत्री के रूप में जाना जाता था। उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) जैसे प्रमुख दलों में रहकर जनसेवा की। वह न केवल सांसद रहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं।

उनके निधन की खबर मिलते ही समूचे राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने शोक व्यक्त करते हुए इसे पार्टी और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया। स्थानीय सांसद चंद्रशेखर आजाद ने भी उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें क्षेत्र की प्रेरणा बताया।

अंतिम संस्कार के दौरान नगीना विधायक मनोज पारस, नहटौर विधायक ओम कुमार, पूर्व जज मनोज कुमार, काजी अरशद मसूद सहित भारी संख्या में कांग्रेस व अन्य दलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ओमवती देवी अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके परिवार में पति आरके सिंह (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एवं पूर्व प्रमुख सचिव), पुत्र राजीव सिंह (मेरठ में तैनात एसपी, उत्तर प्रदेश पुलिस), पुत्रवधू हेनरीता राजीव सिंह (अध्यक्ष, बिजनौर जिला कांग्रेस कमेटी)। उनकी सभी पुत्रियां समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

ओमवती देवी का जाना पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक ऐसे शून्य को पैदा कर गया है, जिसकी भरपाई करना कठिन होगा। उनके समर्थकों ने उन्हें एक ऐसी नेत्री के रूप में याद किया जो हमेशा जमीन से जुड़ी रहीं और आम जनता के हक की लड़ाई लड़ती रहीं।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती की धूम

## शोभायात्राओं और गोष्ठियों से गूंजा नगर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मेवाड़ के स्वाभिमान के प्रतीक और महान योद्धा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत हर्षोल्लास एवं गौरव के साथ मनाई गई।



नगर के बिजली घर कार्यालय स्थित महाराणा प्रताप चौक पर क्षत्रिय युवा संघ के तत्वावधान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन से हुआ, जिसमें समाज की सुख-समृद्धि और राष्ट्र की उन्नति की कामना की गई। इसके पश्चात एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप जैसे वीर योद्धाओं के बलिदान के कारण ही आज हमारी संस्कृति सुरक्षित है। वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों, विशेषकर दहेज प्रथा को समाप्त करने पर जोर दिया और स्पष्ट किया कि महापुरुष किसी एक जाति के नहीं, बल्कि संपूर्ण सनातन धर्म और राष्ट्र के होते हैं। गोष्ठी के समापन पर दोपहिया और चौपहिया वाहनों के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगीना-धामपुर मार्ग से होते हुए धामपुर स्थित बैंकट हॉल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जाकर सम्मिलित हुई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ठाकुर शैलेंद्र गहलोत (जिला अध्यक्ष, हिंदू सुरक्षा सेवा संघ) ने अपनी पूरी शक्ति झोंक दी।

एक अन्य भव्य आयोजन श्री रामलीला बाग के पास स्थित निकट टाटा मोटर्स परिसर में किया गया। यहां आयोजित गोष्ठी में भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान समेत कई गणमान्य अतिथियों ने महाराणा प्रताप के चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। गोष्ठी के उपरांत बैंड-बाजों और महाराणा प्रताप के जीवन दर्शन को दर्शाती आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा शुरू हुई। प्रेम पुस्तकालय के समीप नगर पालि. का सभासद संजीव दत्त शर्मा के प्रतिष्ठान पर हिंदू महासभा की ओर से शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की और शीतल जल व कोल्ड ड्रिंक वितरित कर श्रद्धालुओं की सेवा की।

**नगर पालिका परिषद**
**चांदपुर**
**नोटिस म्यु. एक्ट 1916 की धारा 147 के अंतर्गत**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्ति संख्या 2213(1-5) जो मौहल्ला सराय रफी में डॉक्टर रामकुमार पुत्र राम शर्मा निवासी मौहल्ला सराय रफी, चांदपुर का नाम अंकित है। परंतु रजिस्टर्ड बनाने के आधार पर इनके नाम के स्थान पर श्री अमोल कुमार सिंह पुत्र ओमपाल सिंह निवासी मौहल्ला सरायरफी, चांदपुर, बिजनौर का नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं। अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो नगर पालिका परिषद, चांदपुर में लिखित रूप से दर्ज कराये।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: 12/न.पा.परि.बि. /2026-27 दिनांक:- 07.05.26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-363 मौहल्ला नई बस्ती बी-14 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री धर्मचन्द्र खेड़ा पुत्र कालू राम के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में आवेदक, श्री हरवंश लाल खेड़ा पुत्र धर्मचन्द्र खेड़ा निवासी मौ. नई बस्ती बी-14, बिजनौर के द्वारा मा. न्यायालय के निर्णय की छायाप्रति व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: 08/न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 07.05.26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-431/1 मौहल्ला नई बस्ती बी-14 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री कमलेश्वर सिंह पुत्र मंगुलाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में आवेदकगण श्रीमती सुभद्रा राजपूत पत्नी कमलेश्वर सिंह राजपूत, शोभित राजपूत व मोहित कुमार राजपूत पुत्रगण कमलेश्वर सिंह निवासी मौ. नई बस्ती बी-14, बिजनौर के द्वारा वारिसान प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण व आई. डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर**
अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2)यूपी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती शमा पत्नी इरफान नि. मौहल्ला शेख सराय, जलालाबाद, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर** ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. **3276/घ/2 स्थित मौहल्ला राधगान में इरफान पुत्र याकूब** के नाम के स्थान पर उक्त सम्पत्ति के 88.76 वर्ग मीटर भाग में अपना नाम अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें उन्होंने श्री इरफान पुत्र श्री याकूब नि. मौहल्ला राधगान, किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर द्वारा श्रीमती शमा पत्नी श्री इरफान नि. मौहल्ला राधगान किरतपुर के नाम हुए दानपत्र की छाया प्रति के अनुसार सम्पत्ति संख्या 3276/घ/2 स्थित मौहल्ला राधगान कस्बा किरतपुर में श्री इरफान पुत्र याकूब नि. मौहल्ला राधगान किरतपुर के स्थान पर अपना नाम **श्रीमती शमा पत्नी इरफान नि. मौहल्ला राधगान हाल नि. शेख सराय जलालाबाद नजीबाबाद** का नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति में आवेदन स्वत: निरस्त माना जाएगा।

**विवरण: सम्पत्ति संख्या 3276/घ/2 (आवासीय) इरफान पुत्र याकूब, कुल क्षेत्रफल 88.76 वर्ग मीटर स्थित मौहल्ला राधगान किरतपुर (बिजनौर)**

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: 03/न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 05.05.26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-1046 मौहल्ला नई बस्ती बी-14 बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री रामपाल सिंह पुत्र श्री श्याम लाल के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में आवेदकगण श्री दीपक कुमार, संदीप कुमार व मनीष पुत्रगण रामपाल सिंह निवासी मौ. नई बस्ती बी-14, बिजनौर के द्वारा वारिसान प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर (जनपद-बिजनौर)**
संख्या: 10 /न.पा.परि.बि. /2026-27 दिनांक:- 07.05.26
संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-289 मौहल्ला सिविल लाईन प्रथम, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री विनय कुमार गुप्ता व सुधा गुप्ता पुत्रगण श्री महेश चन्द्र गुप्ता के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में आवेदकगण श्री विनय कुमार गुप्ता पुत्र श्री महेश चन्द्र गुप्ता व श्रीमती निमिषा गुप्ता पत्नी विनय कुमार गुप्ता निवासी मौ. सिविल लाईन प्रथम, बिजनौर के द्वारा दानपत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुए उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### मॉडर्न ऐरा में मदर्स-डे की धूम



**बिजनौर।** मॉडर्न ऐरा पब्लिक स्कूल के वैली ऑफ फ्लॉवर्स विंग में मदर्स डे बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें कक्षा बाल वाटिका 1, 2 और 3 के नन्हे नौनिहालों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने अपनी मम्मियों को भेंट करने के लिए सुंदर काड्र्स और फ्लॉवर्स के गुलदस्ते बनाएं। वैसे तो बच्चों के लिए मां हमेशा सर्वोपरि होती है पर कुछ मौके ऐसे होते हैं, जिन पर उनको स्पेशल महसूस कराने से उनकी प्रसन्नता दोगुनी हो जाती है। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने बच्चों को बताया कि यदि पृथ्वी पर हमारा या बच्चों का अस्तित्व है, तो उसका कारण निश्चित रूप से प्रथम स्थान पर मां ही आती है और एक मां का कर्ज हम जीवन भर नहीं चुका सकते हैं। उन्होंने बच्चों को बहुत प्यार किया और मातृ दिवस की बधाई देते हुए उन्हें बताया कि केवल अपनी मां का आज्ञा पालन करके और जीवन में उनके बताएं मार्ग पर चलकर आप हमेशा खुशियां ही पाएंगे इसलिए उन्हें कभी अनदेखा न करें। बच्चों ने अपने हाथों से सुंदर और रचनात्मक काड्र्स बनाकर डायरेक्टर प्रिंसिपल मैम को भेंट किए और उनका आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेनू सिंह, शालिनी तुली, गीतांजलि, शैफाली, हबीबा और बालवाटिका की समस्त अध्यापिकाओं का योगदान रहा।

### रंग लाई भाकियू हिंद की मेहनत



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन हिंद के प्रदेश प्रवक्ता/प्रभारी अकील अंसारी ने कहा कि हमारी पार्टी द्वारा स्मार्ट मीटर का शुरू से ही विरोध किया। स्मार्ट मीटर परेशान प्रदेश की जनता को बड़ी राहत दिलाने में भारतीय किसान यूनियन हिंद का विशेष सहयोग रहा। इसी बाबत विगत माह नौ अप्रैल को एसडीओ कार्यालय चांदपुर पर धरना देकर ज्ञापन एसडीओ के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया था। जिसमें स्मार्ट मीटर से जनता को हो रही परेशानी के बारे में अवगत कराया गया था। प्रदेश सरकार ने संज्ञान लेते हुए स्मार्ट मीटर पर रोक लगाकर प्रीपेड से पोस्टपेड करने का आदेश जारी कर दिया है। अकील अंसारी प्रदेश प्रभारी/ प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन हिंद किसानों, मजदूरों की लड़ाई हमेशा लड़ती रही है और हमेशा लड़ती रहेगी। किसान मजदूर के साथ जब-जब कोई अन्याय होगा, संगठन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करती रहेगी।

### स्व-गणना के प्रशिक्षण कार्यशाला



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर कॉलेज में जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर सैयद मौहम्मद खालिद एवं नायब तहसीलदार ओमकार सिंह उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार ओमकार सिंह ने बताया कि जनगणना-2027 ऐतिहासिक होने जा रही है, क्योंकि इसमें तकनीक का व्यापक स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्व-गणना के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी और अपने परिवार की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। जिससे समय की बचत होगी और आंकड़ों में सटीकता आएगी। मास्टर ट्रेनर सैयद मौहम्मद खालिद ने विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को पोर्टल के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि नागरिक अपने मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से निर्धारित पोर्टल पर लॉगिन कर अपनी सूचनाएं भर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहयोग देने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्राचार्या द्वारा दोनों अतिथियों को महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'गुलाब प्रकीर्ति' भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### साई इंटरनेशनल में कार्यक्रम



**हल्दौर।** साई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में अक्षर आरंभ कार्यक्रम, मातृ दिवस एवं महाराणा प्रताप जयंती संयुक्त रूप से मनाये गये। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तोगी, प्रबंध समिति सदस्य सरिता शर्मा, मंजू सिंह, श्रुति रस्तोगी एवं प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नर्सरी के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अभिभावकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों द्वारा तैयार किए गए उनके नाम के प्रथम अक्षर को उनके माता-पिता को सम्मानपूर्वक भेंट किया गया। इस अवसर पर मातृ दिवस के उपलक्ष्य में माताओं के सम्मान में विशेष गतिविधियाँ आयोजित की गईं। वहीं महाराणा प्रताप जयंती पर उनके शौर्य एवं राष्ट्रभक्ति को याद किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने कहा कि बच्चे की प्रथम गुरु माता होती हैं एवं किसी भी बच्चे के भविष्य के निर्धारण में सबसे महत्वपूर्ण मां ही होती है। इस संदर्भ में भक्त ध्रुव एवं वीर शिवाजी का उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार मां की शिक्षा बच्चे के जीवन को दिशा प्रदान करती है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### धामपुर में दरोगा से मारपीट प्रकरण में नया मोड़

# महिला आयोग पहुंचा मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पानपदास समाधि स्थल पर चार दिन पूर्व धामपुर कोतवाली के कस्बा इंचार्ज ब्रह्मपाल गिरी के साथ हुई मारपीट के मामले में अब नए-नए खुलासे सामने आ रहे हैं।

पुलिस के हाथ लगी सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग में कई अहम सुराग मिलने का दावा किया जा रहा है। वहीं पीड़ित महिला ने आज बिजनौर पहुंचकर महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन से मुलाकात कर पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उधर पुलिस ने विभागीय जांच पूरी कर उसकी रिपोर्ट एसपी को भेज दी गई है। सूत्रों की मानें तो मामले में जल्द ही बड़ी कार्रवाई संभव है।

**विभागीय जांच रिपोर्ट एसपी को भेजी**

गौरतलब है कि पांच मई को क्षत्रिय नगर स्थित पानपदास समाधि स्थल पर धामपुर कोतवाली में तैनात दरोगा ब्रह्मपाल गिरी तथा समाधि स्थल पर रहकर खेती-बाड़ी करने वाले परिवार के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि दरोगा द्वारा महिला के साथ छेड़छाड़ का प्रयास किया गया, जिसके बाद महिला के पति और परिवार के अन्य लोगों ने दरोगा के साथ मारपीट कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में ओमवेश और राहुल के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया था।

बताया जा रहा है कि घटना के बाद पुलिस का रुख परिवार के प्रति काफी सख्त था। आज पीड़िता हेमलता महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन से मिलने बिजनौर पहुंची, जहां उसने अपने साथ हुई घटना और कथित पुलिस उत्पीड़न की जानकारी दी। महिला आयोग सदस्य ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी और सीओ धामपुर से फोन पर वार्ता कर निष्पक्ष जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को अनावश्यक रूप से परेशान न करने के निर्देश दिए।

उधर सूत्रों का दावा है कि आश्रम परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की कई वीडियो फुटेज पुलिस के हाथ लगी हैं, जिनमें कुछ संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने की बात कही जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस वीडियो फुटेज में कई चौंकाने वाले राज हैं, जिसके बाद विभागीय कार्रवाई हो सकती है। बताया जा रहा है कि एसपी के निर्देश पर धामपुर स्तर से तैयार जांच रिपोर्ट बिजनौर भेज दी गई है, जिसमें वीडियो फुटेज से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानका. रियों का उल्लेख किया गया है।

हालांकि सूत्रों का यह भी दावा है कि पांच मई को कथित छेड़छाड़ की घटना नहीं हुई थी, लेकिन इससे पूर्व हुई कुछ गतिविधियों को लेकर पुलिस भी पूरी तरह इंकार नहीं कर रही है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और पूरे घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है।

सीओ अभय पांडेय बताते हैं कि जल्द ही पूरे प्रकरण का पटाक्षेप कर दिया जाएगा।

### महिला आयोग सदस्य ने क्या कहा?

महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने बताया कि पीड़ित महिला की शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से निष्पक्ष जांच करने और परिवार को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित न करने को कहा है। यदि स्थानीय स्तर पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो मामला उच्च स्तर तक ले जाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एसपी अभिषेक झा ने मामले में 24 घंटे के भीतर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। संगीता जैन के अनुसार, इस प्रकरण से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण वीडियो भी उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कराए गए हैं।

### भाजपा नेता ने की निष्पक्ष जांच की मांग

समाधि स्थल प्रकरण में भाजपा नेता एवं भाजपा जिला महामंत्री दिनेश सैनी की भी महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई है। बताया जाता है कि दिनेश सैनी ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी तथा एसपी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग उठाई। उनके साथ समाज के कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### दरोगा ब्रह्मपाल गिरी बरेली रेफर

मारपीट की घटना में घायल दरोगा ब्रह्मपाल गिरी की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार चार दिन तक मुरादाबाद के अस्पताल में उपचार के बाद आज उन्हें बरेली के सिद्धि विनायक अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उनके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आई हैं, जिनका उपचार जारी है।

## महाराणा प्रताप जयंती व मातृ दिवस का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी मे 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती' और मातृ दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपप्रबंधक आशुतोष नागर और प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन हमें स्वाभिमान और वीरता की शिक्षा देता है। वहीं, मदर्स डे पर प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर ने कहा कि माँ त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति है, हमें सदैव उनका सम्मान करना चाहिए। प्रकाश पंकज, निशा राजपूत, नमिता रस्तौगी, स्वाति वर्मा, अपूर्व चौहान और विशाल चाहल का विशेष योगदान रहा। बच्चों ने वृद्धाश्रम व्यवस्था पर लघु नाटिका प्रस्तुत की और अपनी माताओं के लिए भावुक कर देने वाले गीत और कविताएं प्रस्तुत की।



इस अवसर पर राकेश कुमार, जितेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, अभिनव चौधरी, प्रियंका चौधरी, गुलफ्शा, पूजा रानी, महिमा, नीरु आदि रहे।

## नौकरी दिलाने के नाम पर 17 लाख की ठगी

**सोशल मीडिया पर हुई थी पहचान आरोपी गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** आरबीआई में नौकरी लगवाने का झांसा देकर करीब 17 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी की पीड़ित से पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी।

जनपद हमीरपुर के थाना सुमेरपुर क्षेत्र निवासी पुष्पेंद्र अग्निहोत्री की पहचान इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिए थाना क्षेत्र के गांव खेड़की टप्पा निवासी अनिल कुमार से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और आरोपी ने खुद को प्रभावशाली बताते हुए अनिल कुमार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में कैशियर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया।

आरोप है कि आरोपी ने नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग समय में ऑनलाइन



ट्रांजेक्शन तथा नकद रूप में करीब 17 लाख रुपये वसूल लिए। इसके बाद उसने नौकरी से संबंधित कुछ दस्तावेज भी पीड़ित को भेजे। काफी समय बीतने के बावजूद नियुक्ति नहीं होने और दस्तावेजों की जांच में फर्जीवाड़े की आशंका होने पर पीड़ित को ठगी का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पुष्पेंद्र अग्निहोत्री को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

## डीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

### नीलगाय द्वारा फसलों को नुकसान, अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा शुक्रवार को ग्राम चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तराखंड के सीमावर्ती ग्राम कादराबाद, ब्लॉक अफजलगढ़ का भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




इस दौरान संज्ञान में आया की इस ग्राम में अधिकांश सेना से सेवानिवृत्त लोग निवास करते हैं। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में जंगली जानवरों के बढ़ते खतरे एवं नीलगाय द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर वन विभाग को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। अफजलगढ़ को तहसील बनाये जाने के सम्बंध में ग्रामीणों द्वारा अनुरोध किए जाने पर डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रस्ताव एवं आख्या तैयार कर शासन को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। ग्रामीणों द्वारा भूमिधरी अधिकार दिलाने की मांग भी की गई, जिसके सम्बंध में डीएम ने एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, तकनीकी कॉलेज एवं खेलकूद स्टेडियम की आवश्यकता बताई गई, जिस पर डीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने तथा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने ग्राम में स्थित पीएससी में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों की नियमित अनुपस्थिति की शिकायत पर सीएमओ को आवश्यक कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य कर्मचारी को तैनात करने के लिए निर्देशित गया। डीएम द्वारा ग्राम तुरतपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में एक अतिरिक्त शेड निर्माण तथा वर्षा ऋतु में कीचड़ की समस्या को देखते हुए मिट्टी भरान कराने के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान ज्ञानेंद्र कुमार निवासी नवाबपुरा द्वारा गौवंशों हेतु भूसादान के अंतर्गत एक ट्रॉली भूसा दान किया गया।

तदोपरांत उन्होंने ग्राम अजिमुल्लानगर में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया कि प्रत्येक घर को शीघ्र पानी का कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए तथा टंकी का शेष कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए। उ.प्र. पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र, कादराबाद के निरीक्षण के दौरान गेहूं गोदाम में सीलन एवं साफ-सफाई की अपर्याप्त व्यवस्था पाए जाने पर उन्होंने असंतोष करते हुए गोदाम की मरम्मत कराये जाने तथा केंद्र पर आने वाले प्रत्येक किसान की फार्मर आई.डी. बनाने के लिए केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया।

ग्राम छजमलपुर में आयोजित ग्राम चौपाल में डीएम ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत स्थित सीएचओ सेंटर के निरीक्षण के दौरान केंद्र पर सूचना बोर्ड न पाया जाने पर सम्बंधित सीएचओ को तत्काल बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्राम रानी नांगल स्थित स्वास्थ्य केंद्र पर भी निर्धारित समय का बोर्ड लगाने के लिए निर्देशित किया गया।

डीएम द्वारा ग्राम में निर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण भी किया गया। ग्रामीणों द्वारा प्रत्येक घर में पानी का कनेक्शन न होने की जानकारी दिए जाने पर अधिशासी अभियंता को जल्द से जल्द पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि विशेष कैंप लगाकर सभी पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बीडीओ अफजलगढ़ आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### मिलेनियम में मातृ दिवस मनाया



**कोतवाली देहात।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल गाजियाबाद रोड कोतवाली देहात में मातृ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन मीना सिंह, प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप्रधानाचार्य शालिनी, एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम व सतेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। सर्वप्रथम विद्यालय ने अपने बच्चों के साथ आई माता से फीता कटवा कर व तिलक लाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 की तक की छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत करके सभी अभिभावक का मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 छोटे-छोटे बच्चों ने अपने माता-पिता के स्वागत में लघु नाटिका कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता व पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से अपना प्रदर्शन दिखाया। क्राउन का किताब अभिभावक नेहा शर्मा को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजली राज, विधी, बालेश कुमार, केशव कुमार, स्वाति कश्यप अंशिता राजपूत अर्शी अबरार, गजेय सिंह, विनोद कुमार, प्रीति शर्मा, सतीश कुमार, कुशलपाल सिंह शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

### पुलिस ने अबोध बच्ची को मां से मिलाया



**अफजलगढ़।** नजीबाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पाईबाग निवासी ज्योति पुत्री छोटे सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका विवाह अफजलगढ़ के ग्राम खुशहालपुर निवासी मनोज सैनी पुत्र रामपाल के साथ दो वर्ष पूर्व हुआ था। विवाहिक जीवन में शुरू से ही पति-पत्नी व ससुराल से सम्बंध खराब होने के चलते घर में कलह रहता था। इसी दरमियान उसने पुत्री को जन्म दिया। जिसकी आयु इस समय 11 माह है। पारिवारिक कलह के कारण लगभग 6 माह पूर्व वह अपने मायके चली गई थी किन्तु ससुराल पक्ष ने उसकी बेटी को छीन कर अपने पास रख लिया था। अपनी अबोध बेटी को लेकर मां की ममता के चलते वह काफी परेशान थी। वहीं उसका पति भी बेटी को छोड़कर काम करने चेन्नई चला गया था। वह बेटी को लेकर काफी परेशान थी। आखिर उसने पुलिस को तहरीर देकर बेटी को ससुराल से वापस दिलाने की गुहार लगाई, पुलिस ने मां की ममता को समझते हुए अबोध बच्ची को ससुराल पक्ष से वापस दिला दिया। सीओ आलोक कुमार का कहना है कि छोटी अबोध बच्चों को मां के पास रहने का अधिकार है। जिसके चलते बच्ची को उसकी मां को सौंपा गया है।

### अग्निवीर के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे गौशाला



**धामपुर।** गौरी गौशाला आश्रम के गौ सेवा कार्यों से प्रभावित होकर गाजियाबाद से अग्निवीर परिवार के प्रदेश अध्यक्ष मोहन आर्य गौरी गौशाला आश्रम पहुंचे। वह नि:स्वार्थ अनाश्रित गौ वंशों की सेवा कार्यों को देख भावुक हुए। गौरी गौशाला आश्रम के संस्थापक आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज के साथ गौ सेवा कार्य पर तथा गौ का वैज्ञानिक महत्व सांस्कृतिक महत्व पर जानकारी दी। साथ ही गौ सेवक गौतम गिरि ने समाज में हो रहे गौ के अपमान पर दु:ख जताया और कहा इसमें सरकार तथा समाज दोनों ही दोषी हैं। प्रदेश अध्यक्ष मोहन आर्य ने गौ माता के उपचार के लिए कुछ प्राथमिक दवाइयां, रस्सियां, रुई, पट्टियां आदि सामान गौरी गौशाला पर भेंट की और गौ माता के सम्मान में सभी को एक होने का आह्वान किया। इस मौके पर कपिल आर्य गौ सेवक राज आर्य गौ सेवक अतुल कुमार गौ सेवक शौर्य अत्रि, निकुंज शर्मा, छोटे लाल, शुभ चंद्रा, प्रणव भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्राएं सम्मानित



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाली मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम स्मृति मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। एसडीएम स्मृति मिश्रा द्वारा मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन की तरफ से हाईस्कूल की छात्रा को 2000 और इंटर की छात्रा को 5000 नगद पुरस्कार के रूप में दिए गए। इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। छात्राओं को भविष्य में अपनी लगन और कड़ी मेहनत एवं अनुशासन से सफलता प्राप्त करनी होगी। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। सभी माता-पिता को बच्चों का ध्यान रखना चाहिए और अच्छा माहौल और वातावरण देना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य भगवती ने एसडीएम स्मृति मिश्रा एवं सभी छात्राओं और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। लाला केदारनाथ मेमोरियल सोसायटी अध्यक्ष राकेश चंद्र अग्रवाल, प्रबंधक उदित बंसल, उप प्रबंधक सचिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि हमारी सोसाइटी भविष्य में भी सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को इसी प्रकार नगद पुरस्कार देकर सम्मानित करती रहेगी। कार्यक्रम में शोभा अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, अलका रानी, प्रियंका राजपूत, सरिता शर्मा, पारुल, अर्चना, प्रीति, मेघना, मीनाक्षी शर्मा, दीपिका आदि शामिल रही। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा शर्मा द्वारा किया गया।

# जनसुनवाई में नहीं हो सकेगी कोई हीला हवाली

**○ 10 बजे से 12 बजे तक वीडियो कान्फ्रेंसिंग से डीएम कार्यालय से जुड़े रहेंगे अधिकारी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल जनसुनवाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाने को नवागत जिलाधिकारी ने एक अभिनव पहल की गई है। जनपद स्तर पर प्रात: दस बजे से 12 बजे तक वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से सीधे डीएम कार्यालय से जुड़े रहेंगे।

जनसुनवायी के मामलों में अब अधिकारी कोई हीला हवाली अथवा कार्यालयों से नदारद नहीं रह सकेंगे। क्योंकि जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने एक नई पहल शुरू कर दी है। जिससके तहत जनपद स्तर पर अब सभी कार्यालय जनसुनवाई के समय (प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जिलाधिकारी कार्यालय से जुड़े रहेंगे। इस नई व्यवस्था से आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं के निस्तारण की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित रहेगी और विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जवाबदेही भी निर्धारित होगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारी वास्तविक समय में जनसुनवाई प्रक्रिया से जुड़े रहेंगे, जिससे शिकायतों के त्वरित समाधान में और अधिक गति आएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की उपस्थिति शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। जिससे आम जन की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान हो सके इसमें लापरवाही अक्षम्य होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप आमजन को पारदर्शी एवं सुगम प्रशासन उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। इस अभिनव व्यवस्था से जनसुनवाई प्रणाली अधिक सुदृढ़ होगी एवं जनता और प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित हो सकेगा।



सम्भल। नगर पंचायत बबराला द्वारा निर्मित नाले का निरीक्षण करजे जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल।

# जून माह से निर्गत किए जाएंगे पोस्टपेड बिल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हिमांशु वार्ष्णेय ने बताया कि शासन के दिशा निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत सभी विधाओं के सभी संयोजनों पर स्थापित समस्त स्मार्ट मीटर जो वर्तमान में प्रीपेड मोड में क्रियाशील हैं, उन्हें पोस्टपेड मोड में तत्काल परिवर्तित किया जा रहा है। प्रीपेड मोड़ से पोस्टपेड में परिवर्तन आरएमएस बैकएंड से उत्तर प्रदेश मुख्यालय स्तर से संपादित किया जाएगा। सभी उपभोक्ताओं को माह मई 2026 की ऊर्जा खपत का माह जून 2026 में देय बिल पोस्टपेड पद्वति से निर्गत होगा। स्मार्ट पोस्टपेड मोड़ के सभी बिल उपभोक्ताओं को एसएमएस/व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिल प्रत्येक माह की 10 तारीख तक सृजित किया जायेगा। जिन उपभोक्ताओं को समय से बिल प्राप्त न हो वह पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 9178-5980-4803 व्हाट्सएप चेटबोट पर संयोजन संख्या सूचित कर अपना बिल प्राप्त कर सकते हैं। उक्त बिल 1912 पर आईवीआरएस के माध्यम से भी प्राप्त किये जा सकेंगे। सभी नए संयोजन स्मार्ट मीटर के माध्यम से पोस्टपेड मोड में निर्गत किए जाएंगे। चूंकि पूर्व में प्रीपेड मोड में परिवर्तन के समय उपभोक्ताओं की जमा सिक्योरिटी धनराशि बिल में समायोजित कर दी गई थी इसलिए पूर्व की भांति उत्तर प्रदेश विद्युत प्रदाय संहिता 2005 के प्रावधानों के अनुसार पुन: पोस्टपेड मोड में परिवर्तन वर्तमान में प्रचलित कॉस्ट डाटा बुक 2026 में उपभोक्ता के विधा एवं स्वीकृत भार के अनुसार तथा निर्धारित सिक्योरिटी धनराशि चार समान किस्तों में उपभोक्ताओं के माह जून 2026(जुलाई 2026 में सृजित) एवं पश्चात वर्ती 3 मासिक बिलों में जोड़ी जाएगी। यह कार्य आरएमएस द्वारा स्वत: किया जाएगा। पूर्व की भांति विद्युत प्रदाय संहिता की व्यवस्था के अनुसार पोस्टपेड उपभोक्ता को बिल निर्गमन की तिथि से 15 दिन का डयू डेट एवं उसके उपरांत 7 दिन का डिस्कनेक्शन डेट दिया जाएगा

# नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता रहे सही, डीएम ने दी हिदायत

**○जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बबराला क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण, गोशाला का प्रतिदिन पेरावेट निरीक्षण के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को दिए निर्देश, डिवाईडरों पर पौधारोपण कराने को किया निर्देशित**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भाल/बबराला।** जिलाधिकारी ने नगर पंचायत बबराला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने सबसे पहले इंदिरा चौक बबराला का निरीक्षण कर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला को चौक के आसपास साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। जबकि अतिक्रमण को लेकर भी संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी के दौरान जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने नगर पंचायत की ओर से रेलवे स्टेशन के आसपास कराये जा रहे कार्यों सड़क, साइड़ पटरी, नाली, डिवाइडर के कार्यों का निरीक्षण किया तथा अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें ताकि आमजन को असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने डिवाइडर पर पौधारोपण कराने और पटरी का स्लोव सही रहे ताकि पानी का जमाव न हो और पानी का बहाव आसानी से नाली में जा सके इस तरह कार्य करने के निर्देश दिए। डीएम ने विद्युत पोल पर आवांछित तारों को हटवाने तथा अधिशासी अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पंचायत बबराला द्वारा कराये जा रहे कार्यों की गुणवत्ता सही रहे यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्य चौराहे एवं प्रमुख मार्गों पर साफ सफाई की व्यवस्था उचित रहे यह सुनिश्चित किया जाए। बबराला रेलवे स्टेशन के पास जनसहयोग से बनाई जा रही छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति के कार्य का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत नगर पंचायत बबराला की कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशाला में कहीं भी पानी का जमाव न हो यह सुनिश्चित किया जाए। निराश्रित गौवंशो को पानी पीने के लिए बनी हौदी को चूना डालकर साफ सफाई कराते हुए गौ वंशो को पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बीमार गौवंशों के लिए गौशाला में अलग से स्थान चिन्हित उनका विशेष ख्याल रखने को मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौशाला में आएं तथा पैरावेट प्रतिदिन गौशाला का निरीक्षण करें ताकि गौवंशों के स्वास्थ्य की उचित देखभाल हो सके। जबकि गौवंशों के चारे को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकासचन्द्र, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अमरेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पांच शिक्षकों को मिले कन्यादान योजना के चैक

**○टीचर्स सेल्फ केयर टीम की ओर से दी गई आर्थिक सहायता**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम की ओर से पाँच शिक्षकों को पारिवारिक आर्थिक सहायता के लिए 51-51 हज़ार के चैक वितरित किये गए।

टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएसटी) शिक्षकों के लिए, शिक्षकों के द्वारा समूह से जुड़े सदस्यों के असामयिक मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक सहायता देने को 26 जुलाई सन 2020 को इलाहाबाद निवासी प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद एवं उनके साथियों द्वारा बनाया गया। जिसमें बेसिक, माध्यमिक विभाग के शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, चतुर्थ श्रेणी कर्मी, क्लर्क, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट प्रवक्ता तथा उच्च शिक्षा के शिक्षक स्टाफ जुड़ सकते हैं। इसी संस्था की एक योजना कन्यादान योजना के अंतर्गत एमजीएम डिग्री कॉलेज सम्भल के प्रांगण में कन्यादान योजना के अंतर्गत 5 शिक्षकों ब्लॉक असमोली से शैफाली शर्मा, रेखा शर्मा, अरविन्द कुमार और अर्चना त्यागी तथा ब्लॉक पंवासा से चौहान सिंह को बेटियों की शादियों हेतु कन्यादान योजना के अंतर्गत 51-51 हजार रुपए के चेक जिला कन्यादान प्रभारी कविता शर्मा एवं सहयोगी पदाधिकारी द्वारा वितरित किए गए। कार्यक्रम में मंडल प्रवक्ता सतेंद्र सिंह,जिला संयोजक शाकुल गुप्ता, जिला सहसंयोजक गजेन्द्र पाल सिंह, सचिन कुमार, अमित वार्ष्णेय, देवदत्त शर्मा, ब्लॉक टीम से पुनीत कुमार, विश्वजीत सिंह, पारुल अग्रवाल, शिखा गुप्ता, श्रृषभ सक्सेना, मुनीश कुमार, अलखराज, नदीम अहमद, सचिन शर्मा, विकास कुमार यादव, अमित गुप्ता, कमल सिंह, अश्विनी सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सहसंयोजक नईमुद्दीन अली द्वारा तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता एमजीएम डिग्री कॉलेज के प्राफेसर डा. निरंकार सिंह ने की। कार्यक्रम का स्फल आयोजन जिला सहसंयोजक डा. विकास सिंह यादव ने किया।



सम्भल- टीचर्स सेल्फ केयर योजना के तहत आर्थिक सहायता के चैक वितरित करते।

# महाराणा प्रताप के आदर्शों का करें अनुसरण: सोमेश

**○कॉलेज में महाराण प्रताप की जयंती मनाई**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** इतिहास के पन्नों में अपनी वीरता की अमिट छाप छोड़ने वाले, अदम्य साहस और स्वाभिमान के अद्वितीय प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में अत्यंत गरिमा और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय परिसर 'जय मेवाड़' और देशभक्ति के नारों से जीवंत हो उठा। श्रृद्वांजलि और पुष्पांजलि कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान विद्यालय का वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहा। शिक्षक व छात्राओं ने मेवाड़ के इस वीर सपूत को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा नहीं, बल्कि त्याग और स्वाभिमान की एक जीवित संस्था थे। उन्होंने अपनी मातृभूमि के लिए घास की रोटियां खाना स्वीकार किया, लेकिन गुलामी कभी नहीं। उनकी युद्व कला और मां से प्राप्त संस्कार आज भी हमें जीवन की कठिन परिस्थितियों में अडिग रहने की सीख देते हैं। महाराणा प्रताप एक दूरदर्शी योद्वा थे। वह युद्व भूमि में उतरने से पहले दुश्मन की हर चाल को भांप लेते थे। उनका संपूर्ण जीवन मानव कल्याण और अपनी मिट्टी की रक्षा के लिए समर्पित रहा, जो आज के युवाओं के लिए प्रेरणा का अटूट स्रोत है। उन्होंने छात्राओं को महाराणा प्रताप के इतिहास, उनके प्रिय अश्व 'चेतक' की स्वामीभक्ति और हल्दीघाटी के युद्व की वीरतापूर्ण कहानियों से रूबरू कराया।इस दौरान स्टाफ मौजूद रहा।

# वीर, त्याग, संघर्ष, स्वाभिमान के पर्याय थे महाराण प्रताप

**○हिंदू जागृति मंच ने व्यक्तित्व कृतित्व पर डाला प्रकाश**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच ने महाराणा प्रताप की जयंती मना कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए माल्यार्पण किया और विचार व्यक्त किए।

कोट पूर्वी में स्थित सलभ रस्तोगी के प्रतिष्ठान पर हिंदू जागृति मंच की ओर से महाराणा प्रताप जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें हर्षित शर्मा हनी ने महाराणा प्रताप को समर्पित राष्ट्रभक्ति गीत सुनाया। सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि मेवाड़ के सूर्य के रूप में 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में महाराणा प्रताप ने जन्म लेकर 1576 में अकबर के विरु) हल्दीघाटी का युद्व लड़कर अपनी 20000 सेना के साथ अकबर की 80000 से अधिाक की सेना को टक्कर दी। युद्व में हारने के बाद भी साहस नहीं छोड़ा। 25 वर्ष जंगल में रहकर घास की रोटी खाई। इस बीच अकबर ने 40 बार संधि का प्रस्ताव भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने ठुकरा दिया। दिव्य गंगा मिशन के संस्थापक, संगीतकार एवं प्रसिद्व कवि श्रीपाल शर्मा ने महाराणा प्रताप के आकर्षक व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके घोड़े चेतक की वीरता, संघर्ष, स्वामी भक्ति को रेखांकित किया। महाराणा प्रताप को वीरता, त्याग, संघर्ष, स्वाभिमान का पर्याय बताकर श्रृद्वा सुमन अर्पित किए। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वामीभक्त झाला मानसिंह ने अपने प्राण देकर महाराणा प्रताप के प्राणों की रक्षा की। महाराणा प्रताप हिंदू एकता को समर्पित थे। ऐसे महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर हम सब चलें तभी राष्ट्र धर्म जीवंत हो सकता है। विचार गोष्ठी में राजेंद्र सिंह गुर्जर, भरत शर्मा, अजय कुमार शर्मा, अमित गुप्ता आदि अनेक वक्ताओं ने विचार व्यक्त करके महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती मनाई। विचार गोष्ठी से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित किया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता अरुण अग्रवाल ने की संचालन शलभ रस्तोगी ने किया।



सम्भल। महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हिजामं कार्यकर्ता।

# गुरुदेव भारतीय सभ्यता की कालजयी आवाज थे: धर्मेन्द्र

**○गुरू रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती पर नमन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर भाजपा नेता धर्मेन्द्र प्रजापति ने उन्हें श्रृद्वांजलि अर्पित करते हुए भारतीय सभ्यता की कालजयी आवाज बताया। उन्होंने कहा कि टैगोर ने साहित्य, शिक्षा, कला और दर्शन के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया, जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव टैगोर केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि विलक्षण चिंतक, लेखक, दार्शनिक, शिक्षाविद और कलाकार भी थे। उनकी रचनाओं ने मानवता और भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठ मूल्यों को अभिव्यक्ति दी। उन्होंने कहा कि टैगोर की विचारधारा आज भी समाज को प्रेरित करती है और आगे भी मार्गदर्शन करती रहेगी। गौरतलब है कि रवीन्द्रनाथ टैगोर को 1913 में गीतांजलि के लिए नोबेल पुरस्कार मिला था और उन्होंने भारत के राष्ट्रगान जन गण मन की रचना की थी।इस दौरान महीपाल बघेल, इंदीवर, राहुल कुमार, जूलियस आदि रहे।

## मातृ दिवस पर होगी नृत्य प्रतियोगिता

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप बबराला द्वारा मातृ दिवस 15 मई पर एक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जोकि ऑनलाइन होगी। उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में माताएं और उनके बच्चों को 1 मिनट 20 सेकंड की वीडियो बनाकर भेजनी है। इस प्रतियोगिता को रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है इसका फार्म भरकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# वोट ओर अधिकार छीनकर लोकतंत्र किया जा रहा कमज़ोर: इकबाल

शाह टाइम्स,ब्यूरो



**सम्भल।** पश्चिम बंगाल में हुए विस चुनावों के बाद से एक बहस छिड़ गयी है। वहीं विपक्षी बराबर भाजपा पर राजनैतिक वार करने में कोई चूंक नहीं कर रहे है। बंगाल से लेकर उत्तर प्रदेश तक राजनैतक हमले किये जा रहे हैं। सदर विधायक ने भाजपा पर हमलावर होते हुए देश में प्रजातंत्र खत्म, वोट लूटे जाने का आरोप लगाया है।

सम्भल सदर से समाजवादी पार्टी के विधायक इकबाल महमूद ने आरोप लगाया कि लाखों लोगों को वोट डालने से रोका गया और प्रशासनिक अधिकारियों को हटाकर प्रो बीजेपी लोगों को जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है और लोगों के वोट तथा अधिकार छीने जा रहे हैं। भाजपा की लगातार चुनावी जीतों पर सवाल उठाते हुए उन्होने कहा कि भगवा रंग गहरा होने के पीछे लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी पूरी तैयारी में जुटी है और बीजेपी की काट निकालने के लिए मंथन चल रहा है। तमिलनाडु की राजनीति का उदाहरण देते हुए सपा विधायक ने कहा कि सबसे बड़ी पार्टी को सरकार बनाने का मौका मिलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि संविधान और विधानसभा की परंपराओं के मुताबिक बहुमत का फैसला सदन में होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक दावों से। इंडिया गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल पर इकबाल महमूद ने साफ किया कि सेक्युलर पार्टियों का उद्देश्य बीजेपी जैसी कम्युनल पार्टियों को रोकना है और इसके लिए गठबंध न किसी को भी समर्थन दे सकता है।

## बच्चों को तालिबानी सजा देकर रील की गई वायरल

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** तरबूज आगे रख कर मासूम बच्चों को बंधक बना कर तालिबानी ढंग से दी सजा दी गई। रील बनाकर उसे वायरल किया गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। मामला हयात नगर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर धतरा का है। थाना हयातनगर क्षेत्र के मोहल्ला सराय तरीन मोहल्ला नवाब खेल निवासी युवक ने बच्चो को बंधक बनाकर बनाई गई वीडियो के बारे में थाना हयात नगर पुलिस को अवगत कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की माँग की है। पीड़ित बच्चें के पिता खलील मलिक का आरोप है कि जबरन गलत तरीके से वीडियो बनाकर ब्लैक मैल किया जा रहा है। उनका कहना है कि 8 वर्षीय पुत्र अरशान मलिक बीते 3 दिन पूर्व गाँव के ही बच्चों के साथ साईकिल चलाने ग्राम रसूलपुर धतरा में गया हुआ था। की तभी रास्ते में ग्राम रसूलपुर धतरा के ही आसिफ कुरेशी पुत्र शफीक कुरैशी के खेत के पास से गुजरा तो वहां पर पहले से ही मौजूद आसिफ कुरेशी और उसके साथियों ने उन बच्चों को पकड़ कर मार पीट कर जबरन उनके आगे 3-4 तरबूज को रखकर एक वीडियो बनाई।

## एक नज़र इधर भी

### शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुभेंदु अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने पर हर्ष व्यक्त किया। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है। बीजेपी विधायक दल की बैठक में सभी विधायकों ने एक मत से शुभेंदु अधिकारी को अपना नेता चुन लिया था। शुभेंदु अधिकारी ने कोलकाता के मशहूर परेड ग्राउंड पर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही भाजपा कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। एक दूसरे को मिठाई खिलाई।इस दौरान पूर्व भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, विनय वार्ष्णेय, इंदीवर सिंह, जूलियस सीजर, राहुल कुमार, हर्षित वार्ष्णेय, महीपाल सिंह आदि रहे।

### परिवर्तक स्थापना के दौरान आपूर्ति रहेगी बाधित

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** वि?ुत उपकेन्द्र एचौड़ा कम्बोह पर परिर्वतक पर प्रोटेकशन सिस्टम स्थापित कराने के कार्य के दौरान पॉच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता रघुनाथ ने बताया कि विद्युत वितरण खंड सम्भल के अधीन 33/11 के वी विद्युत उपकेन्द्र एचौड़ा कम्बोह पर 10 एमवीए पावर परिर्वतक पर प्रोटेक्शन सिस्टम स्थापित कराने का कार्य रविवार (आज कराया जाना प्रस्तावित है) इस कार्य को पूरा कराने के लिए विद्युत सुरक्षा की दृष्टि से विद्युत उपकेन्द्र से पोषितक्षेत्र एचौड़ा कम्बोह, राजीखेड़, ततारपुर रोड, भटपुरा,, नहरौली, हरिपुर, हैदरपुर, हाजीबेड़ा, क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### आग बुझाने का दिया प्रशिक्षण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के श्री साईं कान्वेंट स्कूल बी.के.एम. बबराला में बच्चों की सुरक्षा को धयान में रखते हुए अग्निशमन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को आग लगने के कारण, आग बुझाने के तरीके तथा अग्निशामक यंत्र के उपयोग की व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षित विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को आपातकालीन स्थिति में सावधानी एवं बचाव के उपाय भी समझाए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को जागरूक बनाना तथा आपदा के समय स्वयं व दूसरों की सुरक्षा करना सिखाना था।स्कूल प्रधानाचार्य व स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्रीष्मकालीन बीस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** राज्य ललित कला अकादमी संस्कृति विभाग द्वारा 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशालाओं का आयोजन उड़ान एक नई पहल चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यशाला में 20 दिन तक विभिन्न प्रकार की कार्यशालाएं दी जाएगी। इस कार्यालय में कार्यशाला देने के लिए गाजियाबाद की पिडीलाइट की एक्सपर्ट टीचर भारती वर्मा, अलीगढ़ की वाटर कलर की स्पेशलिस्ट आर्टिस्ट पिंकी मिश्रा एवं लोक कला आर्टिस्ट ममता राजपूत व आदि कलाकारों द्वारा यह कार्यशालाएं बच्चों को दी जाएगी। जबकि नृत्य मेहंदी आदि की कार्यशालाएं भी होगी। उड़ान ग्रुप संचालिका ममता राजपूत ने बताया कि 10 मई रविवार (आज) से 30 मई 2026 तक 20 दिवसीय होगा। कार्यशाला का शुभारंभ सुबह 9 बजे से किया जायेगा। कार्यशाला सुबह 9 से 11 बजे प्रतिदिन होगी। यह कार्यशाला सरस्वती कन्या उच्चत्तर विद्यालय बबराला में आयोजित की जाएगी। इसमें कई विद्यालय के बच्चे भाग लेंगे।

# प्रणकों, पर्यवेक्षकों को जनगणना के सफल क्रियान्वयन को सेवा भाव की दिलाई शपथ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) हेतु प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस कुल 1557 नामित कार्मिकों ने शत प्रतिशत उपस्थित रह कर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन विभिन्न व्यावहारिक सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें फील्ड विजिट के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा क्षेत्र में जाकर वास्तविक मकानों की पहचान की गई तथा मकान सूचीकरण से संबंधित प्रश्नावली का ऑनलाइन माध्यम से अभ्यास कराया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को डेटा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल एप के उपयोग, तथा सटीक एवं त्रुटिरहित प्रविष्टि के महत्व के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। तहसील सम्भल में उपजिलाधिकारी निधि पटेल, तहसील चन्दौसी में उपजिलाधिकारी नीतू रानी ने निरीक्षण में उपस्थित होकर आवश्यक जानकारी प्रदान की। वहीं गुन्नौर में उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र एवं अनिल कुमार मौर्य, जिला प्रभारी, जनगणना द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों की व्यवस्था का जायजा लेते हुए समस्त कार्मिकों को भारत की जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु 'सेवा भाव' की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा द्वारा प्रशिक्षण के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का समुचित उपयोग करते हुए मकान सूचीकरण का कार्य पूरी ईमानदारी, सतर्कता एवं लगन के साथ सम्पन्न किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। साथ ही, जनगणना प्रक्रिया को अधिक सुगम, सटीक एवं प्रभावी बनाया जा सके तथा समय की बचत हो राज्य क्षेत्र हेतु अधिसूचित दिनांक 07 मई, 2026 से 21 मई, 2026 तक निधारित 15 दिवस की अवधि के दौरान अधिक से अधिक नागरिकों को स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित करने को निर्देशित किया। विदित है कि जनपद सम्भल में कुल 118 बैचों में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जा गया, जिसमें कुल 5239 कार्मिकों द्वारा सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है। कार्मिकों द्वारा दिनांक 22 मई, 2026 से मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।



सम्भल- जनगणना के प्रथम चरण के प्रशिक्षण लेते प्रगणक व पर्यवेक्षक।

खबरे छुपाता नहीं, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# मानसरोवर कॉलोनी बुद्ध विहार में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

**मुरादाबाद।** शहर के थाना मझोला क्षेत्र स्थित बुद्ध विहार मानसरोवर कॉलोनी में शनिवार सुबह एक बुजुर्ग द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। 65 वर्षीय बुजुर्ग जगदीश ने अपने घर में फांसी लगाकर जीवन समाप्त कर लिया। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मृतक के बेटे राकेश कुमार के अनुसार, शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जगदीश घर पर अकेले थे, जबकि परिवार के अन्य सदस्य अपनी दुकान पर गए हुए थे। इसी दौरान उन्होंने घर के लिंटर में लगी ग्रिल से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद घटना की जानकारी मिलने पर परिवार के लोग तुरंत घर पहुंचे और उन्हें नीचे उतारकर जिला अस्पताल लेकर गए। वहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद जगदीश को मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही थाना मझोला पुलिस जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंची और परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि परिजन फिलहाल पोस्टमार्टम कराने के पक्ष में नहीं हैं।



पुलिस का कहना है कि परिजनों से बातचीत की जा रही है और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।घटना के बाद मोहल्ले में शोक का माहौल है। आत्महत्या के पीछे की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# जाम में फंसी छात्रा परीक्षा छूटने के डर से रोने लगी, एसपी सिटी ने पहुंचवाया परीक्षा केंद्र

**मुरादाबाद।** महानगर में महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर निकाले गए भव्य जुलूस के दौरान शहर के कई प्रमुख मार्गों पर भारी जाम लग गया। खासतौर पर महाराणा प्रताप चौक के आसपास यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी दौरान एक छात्रा, जो परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र जा रही थी, जाम में फंस गई। समय लगातार निकलता देख छात्रा घबरा गई और परीक्षा छूटने के डर से रोने लगी।मौके पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे पुलिस अधिकारियों की नजर जब युवती पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत स्थिति को समझा। एसपी सिटी रणविजय सिंह ने मानवीय संवे. दनशीलता दिखाते हुए तत्काल मोर्चा संभाला। उन्होंने पुलिसकर्मियों की मदद से जाम के बीच रास्ता बनवाया और युवती को समय रहते परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था कराई।



पुलिस की तत्परता और एसपी सिटी के इस संवेदनशील व्यवहार की मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर सराहना की।घटना का वीडियो और तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जहां लोग पुलिस के इस मानवीय चेहरे की प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं जुलूस के कारण लगे जाम को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। पुलिस प्रशासन ने बाद में यातायात को सुचारु कराया और लोगों से सहयोग की अपील की।

## एक नजर

### पंचायती राज ग्रामीण सफ़ाई कर्मचारी संघ शाखा ने पांच पदों पर कराया नामांकन



**मूंढापांडे।** ब्लॉक सभागार में शनिवार को उत्तर प्रदेश पंचायत राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ मुरादाबाद शाखा द्वारा पांच पदों पर नामांकन कराया गया पांच नामांकनों के अलावा कोई भी नामांकन नहीं आया चुनाव अधिकारी सुरेंद्र मसिंह ने पांचों प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र देकर ब्लॉक महामंत्री मुन्ना सिंह,कोष अध्यक्ष बृजेश कुमार ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कुमार को अध्यक्ष ब्लॉक संगठन मंत्री सिम्मी किरन ब्लॉक संयोजक विनीता कुमारी को बनाया गया इस मौके पर सुरेंद्र सिंह अखिलेश कुमार मुन्नू सिंह सोमवीर सिंह रामकिशोर संजीव कुमार ध्यान सिंह आशा देवी किरन आदि मौजूद रहे।

### थाना समाधान दिवस में नायब तहसीलदार ने सुनी हुई समस्याएं



**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना समाधान दिवस का आयोजन आज छजलैट और कांठ थाने में किया गया जिसमें नायब तहसीलदार योगेश शर्मा ने कांठ थाने में बैठकर लोगों की शिकायतों को सुना हालांकि आज समाधान दिवस में आने वाले लेखपाल और कानून गो की संख्या ना के बराबर रही बताया गया कि उन्हें किसी जरूरी मीटिंग में बुला लिया गया था। लेकिन समाधान दिवस का आयोजन फिर भी हुआ और हर बार की तरह ही चंद लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई जिन्हें निस्तारित कराने का भरोसा नायब तहसीलदार ने दिया है।

### महाराणा प्रताप जयंती पर मेधावी बच्चों को किया सम्मानित



**कांठ( शाह टाइम्स )** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर आज क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ में किया गया जिसमें आए मुख्य अतिथि डॉक्टर इंद्रदेव भाजपा नेता राजपाल सिंह चौहान अमित चौहान आदि ने महाराणा प्रताप के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए समाज के बच्चों से अच्छी शिक्षा ग्रहण करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि जिस तरह देश के सम्मान को बचाने के लिए महाराणा प्रताप ने घास की रोटी खाकर अपने प्राणों की आहुति दे दी इसी तरह क्षत्रिय समाज के युवाओं को भी अच्छी शिक्षा ग्रहण करते हुए देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा रखना चाहिए।

इस दौरान 10 वीं और 12वीं कक्षा में अच्छे अंक लेकर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अनिल चौहान ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

### गाली देने को मना करने पर लड़कियों से मारपीट मामला दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )।** गाली देने से मना किया तो महिला और उसकी लड़कियों से दबंगों ने मारपीट कर दी पुलिस से शिकायत करने पर एफआईआर दर्ज हुई है मामला थाना छजलैट के गांव मुस्तापुर खंडसाल का है वहां की नाजुक पत्नी इरफान का आरोप है की 8 मई की शाम 4:00 बजे गांव के अनवर अकरम साजिद पुत्रगण मेहंदी उसके घर आ गए और गाली गलौज करने लगे कहा कि तुम जो गांव के जाहिद की जमीन जोत बो रहे हो उसे छोड़ दो उससे हमारी रंजिस है महिला के रंजिस हमारी नहीं है कहने पर यह लोग मारपीट पर उतारू हो गए महिला ने विरोध किया तो उसकी पुत्री फातमा व बहारूल को गाली देते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया शोर मचाया तो गांव वाले आ गए उक्त लोग उन्हें जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता ने हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने तीनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### मां होती है प्रथम गुरु उनका कोई नहीं ले सकता स्थानः ममता

**कांठ( शाह टाइम्स )** सेंट पॉल्स इंटरनैशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर डे हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमे छात्र - छात्राओ ने भावनात्मक एवं मनमोहक पोस्टर और कार्ड बनाकर मां के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया। प्रधानाचार्या ममता विश्नोई ने अपने संबोधन में कहा, कि माँ हमारी पहली गुरु होती है। उसका स्थान कोई नहीं ले सकता। माता पिता ही बच्चों को अच्छे संस्कार सिखाते है। माँ- यह एक छोटा सा शब्द है, पर इसके अंदर पूरी दुनिया बसती है। माँ का प्यार निस्वार्थ होता है। नौ महीने कोख में रखने से लेकर जीवन भर हमारी परवाह करने तक, माँ कभी थकती नहीं। माँ ही हमे बोलना, चलना, अच्छे-बुरे की पहचान करना सिखाती है। जब हम बीमार पड़ते हैं तो रात-रात भर जागकर माँ हमारी सेवा करती है। खुद गीले में सोकर हमें सूखे में सुलाती है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने कहा है: माँ कह एक कहानी, राजा था या रानी आज के दिन हम अपनी माँ के त्याग को याद करते हैं। पर क्या सिर्फ एक दिन याद करना काफी है नहीं। माँ को रोज सम्मान देना चाहिए। उनकी डाँट में भी प्यार छिपा होता है। उन्होंने बच्चों से वादा लिया कहा कि हम कभी अपनी माँ का दिल नहीं दुखाएँगे। पढ़-लिखकर उनका नाम रोशन करेंगे। घर के काम में उनका हाथ बटाएँगे। क्योंकि माँ के चरणों में ही स्वर्ग होता है। प्रबंधक सचिन विश्नोई, स्कूल संस्थापक जितेंद्र विश्नोई ने सभी को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएँ दी। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### कथा में सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63ए में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सांतवे दिन शनिवार को सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए सच्ची मित्रता, भक्ति और समर्पण का संदेश दिया। कथावाचक महंत राजेन्द्रानन्द सरस्वती ने श्रीमद्भागवत को महापुराण कहे जाने का रहस्य भी बताया। इस दौरान डॉ. प्रवीण कुमार, वीना वर्मा, आरपी सिंह और अनुपम सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# हार्वड कान्वेंट स्कूल में मदर्स-डे पर विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में मातृ दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मदर डे के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं मदर पोस्टर मेकिंग, मदर डे निबंध लेखन, मदर डे कार्ड मेकिंग एवं मदर डे कविता लेखन का आयोजन किया गया।

क्षेत्र से आई माताओ ने विद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रकार के खेल रमवॉक, कप कलेक्ट बीडस, टावर मेकिंग, स्टिक मेकिंग में प्रतिभाग किया। मदर ऑफ द डे श्रीमती मीनू रही। टावर मेकिंग में आसरा अंजुम प्रथम मेक ए स्टिक में निषात परवीन एवं नरगिस, तथा कलेक्ट वीड्स में तबस्सुम ,मुनेश एवं फौजिया प्रथम स्थान पर रहे। प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई ने सभी माताओ का विद्यालय आगमन पर धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया और कहा कि मां-वह धागा है जो




पूरे परिवार को जोड़कर रखती है और मां का प्यार शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता बताया कि भगवान हर जगह नहीं हो सकते इसलिए उन्होंने मां बनाई है और मां के बिना जिंदगी अधूरी है। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। संचालन नीतू चौधरी अक्षिता बिश्नोई एवं सुफिया नदीम द्वारा किया गया।

# भारतीय किसान संघ की बिलारी ब्लॉक बैठक आयोजित, किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** भारतीय किसान संघ की बिलारी ब्लॉक बैठक का आयोजन स्टेशन रोड स्थित वाईआईएस संस्थान कार्यालय पर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों एवं कृषि विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद्र का सानिध्य प्राप्त हुआ। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के बिलारी ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप चौधरी ने की, जबकि संचालन ब्लॉक मंत्री चौधरी पुष्पेंद्र सिंह द्वारा किया गया। बैठक में वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं को उठाते हुए उनके समाधान के लिए सरकार से मांग करने की बात कही। विभाग संगठन मंत्री रमेश चंद्र ने किसानों से संगठन को मजबूत करने तथा कृषि हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष ऋषि पाल सिंह, बिलारी ब्लॉक प्रभारी पवन कोहली, जिला प्रचार प्रमुख राजपाल सिंह यादव, ब्लॉक महामंत्री दिनेश कुमार, अमित कुमार, सतनाम सिंह, विनय कुमार, हरकेश, भूरे सिंह, मनोज वीर सिंह, विजय कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# महाराणा प्रताप व गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं आज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं महान स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने तथा संचालन डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार करने के बजाय स्वाभिमान एवं मातृभूमि की रक्षा को सर्वोपरि माना। हल्दीघाटी युद्ध का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने सीमित संसाधनों के बावजूद अदम्य साहस का परिचय दिया और संघर्षपूर्ण जीवन जीते हुए भी कभी आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया।

कवि माधव मिश्रः ने कहा कि गोपाल कृष्ण गोखले महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु थे। उन्होंने युवाओं को सार्वजनिक जीवन के लिए प्रेरित करने हेतु भारत सेवक समाज की स्थापना की और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देशसेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. नितिन कौशिक, डॉ. निशा गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, हिमांशु यादव, विकास यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महानगर में शुरू हुई कार्डियक सर्जरी ओपीडीः यथार्थ हॉस्पिटल और जिज्ञासा हॉस्पिटल की पहल से स्थानीय मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारत में हृदय रोगों के बढ़ते मामलों और विशेषज्ञ उपचार की कमी को देखते हुए, यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल नोएडा एक्सटेंशन ने जिज्ञासा हॉस्पिटल के सहयोग से मुरादाबाद में अपनी विशेष कार्डियक सर्जरी ओपीडी का शुभारंभ किया है। इस पहल का उद्देश्य मुरादाबाद और आसपास के मरीजों को दूसरे शहरों में जाए बिना ही देश के दिग्गज कार्डियक सर्जनों का परामर्श और उन्नत हृदय उपचार उपलब्ध कराना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, भारत में होने वाली कुल मृत्यु में से लगभग 33% मृत्यु हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होती हैं। वर्ष 2021 में यह आंकड़ा करीब 28.7 लाख था। चिंता की बात यह है कि अब 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में भी हार्ट अटैक और दिल की बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार उच्च रक्तचाप, मधुमेह, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, मोटापा, धूम्रपान, अत्यधिक तनाव, अनियमित खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और पर्याप्त नींद न लेना हृदय रोगों के प्रमुख कारण बन रहे हैं। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव प्रबंधन और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच से हृदय रोगों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। ओपीडी के शुभारंभ पर यथार्थ हॉस्पिटल, नोएडा एक्सटेंशन के कार्डियो थोरैसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी के निदेशक डॉ. जीवन पिल्लई ने कहा, हृदय रोग अब केवल बढ़ती उम्र की समस्या नहीं रह गया है। तनावपूर्ण जीवनशैली और खराब खानपान के कारण युवा भी इसके शिकार हो रहे हैं। हमारा उद्देश्य मुरादाबाद के लोगों को समय पर सही सलाह देना है, ताकि जटिल सर्जरी की नौबत आने से पहले ही बचाव किया जा सके और अगर जरूरत पड़े तो आधुनिक तकनीक से सफल उपचार सुनिश्चित हो। जिज्ञासा हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. सी.पी. सिंह ने इस साझेदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि यह ओपीडी क्षेत्र के मरीजों के लिए एक श्वन-स्टॉप सेंटरश की तरह कार्य करेगी, जिससे उन्हें जटिल हृदय रोगों के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। यह पहल क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस विशेष ओपीडी के माध्यम से मरीजों को हार्ट बायपास सर्जरी (CABG), हार्ट वाल्व रिप्लेसमेंट एवं रिपेयर, मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जरी यानी छोटे चीरे वाली सर्जरी, जन्मजात हृदय रोगों के उपचार, वैस्कुलर सर्जरी एवं अन्य जटिल हृदय संबंधी परामर्श जैसी आधुनिक सुविधाओं की जानकारी और विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।




# महाराणा प्रताप की जयंती पर विधायक ने किया 7 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का भूमि पूजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** मूंढापांडे ब्लॉक क्षेत्र की दो ग्राम पंचायत रनियाठेर, लाल. पुर तीतरी में शनिवार को ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी, प्रधान प्रतिनिधि अविनाश चौहान एवं ग्राम प्रधान सोनी सिंह और उनके प्रतिनिधि राज. कुमार ने कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह का स्वागत करते हुए विधायक द्वारा दोनों ग्राम पंचायतों में 7 सात करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले रनियाठेर में अंत्येष्टि स्थल, पुलिया निर्माण ,लालपुर तीतरी में शादी उत्सव हॉल एव ग्रामीण सम्पर्क मार्ग आदि का महाराणा प्रताप सिंह की जयंती पर विधि विधान के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया है, और जिसके बाद श्री करणी सेना के जिलाध्यक्ष अविनाश चौहान ने विधायक बनने के बाद प्रथम बार ग्राम पंचायत में आने पर चांदी का मुकुट पहनाकर आभार प्रकट किया, और उसके बाद विधायक ने जनता को संबोधित करते हुए कहा है कि पूर्व में रहे विधायकों ने सिर्फ अपनी जेब भरने के सिवा और कोई दूसरा काम नहीं किया है, इस लिए यह क्षेत्र पिछले चालीस वर्षों से पिछड़ता चला आ रहा था, इस क्षेत्र में सड़कें, नाला, नालियां क्षतिग्रस्त पड़ी थी, जिसके



बाद क्षेत्र की जनता ने मुझे उपचुनाव में जिताकर मेरे ऊपर विकास कार्यो के लिए एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी थी, जिसके बाद मेरे द्वारा कुंद. रकी विधानसभा क्षेत्र में सभी धर्म जातियों का विकास कार्य बिना किसी भेदभाव के पिछले पन्द्रह महिने से लगातार करता चला आ रहा हूं, इस लिए मुझे पूरे क्षेत्र में सभी धर्मो का आपार समर्थन मिलता चला आ रहा है, इसके बाद मीडिया से बात करते हुए विधायक ने कहा कि एक निजी संस्थान के द्वारा विधानसभा में किए गए एक सर्वे मेंभी लोगों ने मेरे कामों को 80 फीसदी सही बताया है और कहा है कि आने वाले समय में विधायक ठाकुर रामबीर सिंह जिस प्रकार क्षेत्र में काम कर रहे है,उन पर क्षेत्र के लोगो का भरोसा मजबूत हुआ है, पत्रकारों ने जब विधायक से पूंछा कि कुंदरकी विधानसभा से आपके अलावा भी भाजपा के दो नेता कुंद. रकी विधानसभा से 2027 में होने वाले चुनाव में पार्टी से टिकट की मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं, तो इस पर विधायक रामवीर सिंह ने उन दोनों नेताओं का नाम लेकर के कहा है कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का हक सभी को है।

हमारी पार्टी में लोकतंत्र है, ये फैसला पार्टी करती है,की किसको चुनाव लड़ाया जाए,इस दौरान विधायक पुत्र बृजनंदन उर्फ विक्की ठाकुर,ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव,चिराग अली, सरवर अली, किशन पाल सिंह, मुन्ना सिंह, जितेन्द्र सिंह, अजय सिंह, दिनेश सिंह ओपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्राओं से शहर थमा घंटों जाम में फंसे लोग, एसपी सिटी ने संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्राओं ने शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित कर दी। अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जुलूस के रूप में महाराणा प्रताप चौक की ओर पहुंचे, जिसके चलते सुबह करीब 10:30 बजे से ही शहर के प्रमुख मार्गों पर लंबा जाम लग गया। महाराणा प्रताप चौक, दिल्ली रोड, पीली कोठी, स्टेशन रोड समेत कई इलाकों में वाहनों की लंबी कतारें दिखाई दीं।जाम का असर इतना अधिक रहा कि रोडवेज बसें भी घंटों तक फंसी रहीं। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई वाहन चालक और यात्री घंटों तक सड़क पर जाम खुलने का इंतजार करते रहे। हालात ऐसे हो गए कि चार पहिया वाहनों की बात तो दूर, दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो गया।स्थिति बिगड़ती देख एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह स्वयं महाराणा प्रताप चौक पहुंचे और यातायात व्यवस्था संभालने में जुट गए। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और यातायात को सुचारु करने का प्रयास किया। इस दौरान बाइक पर स्टंटबाजी और लापरवाही से वाहन चला रहे युवकों के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। पुलिस ने कई युवकों के चालान काटे और उन्हें चेतावनी दी। ट्रैफिक पुलिस लगातार जाम खुलवाने में लगी रही, लेकिन भारी भीड़ के कारण व्यवस्था सामान्य होने में काफी समय लग गया। शहर के कई प्रमुख मार्ग देर शाम तक प्रभावित रहे। शोभायात्राओं में भारी संख्या में लोगों की भागीदारी और अपर्याप्त ट्रैफिक प्रबंधन के कारण आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



# महानगर में पहले दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई प्रवक्ता भर्ती परीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा शनिवार को जिले के 18 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जा रही है। पहले दिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रशासन की ओर से निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। प्रवेश द्वारों पर पुलिस बल तैनात रहा और सभी परीक्षा कक्षों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गई। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या नकल की शिकायत सामने नहीं आई।परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को अच्छा बताया, हालांकि कुछ अभ्यर्थियों का कहना था कि पेपर अपेक्षाकृत लंबा और चुनौतीपूर्ण था। कई अभ्यर्थियों ने बताया कि समय प्रबंधन परीक्षा का सबसे कठिन हिस्सा रहा। इसके बावजूद अधिकांश परीक्षार्थियों ने परीक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया।जिले में पांच हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। परीक्षा केंद्रों के बाहर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया गया था। केंद्रों पर मेडिकल सुविधा और पेयजल जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई थीं।प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार 10 मई को होने वाली परीक्षा के लिए भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।



# क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई



**कुंदरकी।** क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर अज्जू में क्षत्रिय समाज के लोगों ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाई जिसमें मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि महाराणा प्रताप का कद 7 फीट 5 इंच का था उनका 80 किलो का भाला तथा 208 किलो की दो तलवारे ओर 72 किलो का कवच था उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जीवन को अर्पण कर दिया हम सबको उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए कार्यक्रम में ठाकुर अरविन्द कुमार पुंडीर, प्रमोद ठाकुर, संजय ठाकुर, मनोज कुमार पुंडीर, राजकुमार पुंडीर, राजेश सिंह, राजू सिंह, सतीश सिंह, टीकमसिंह,कोमल सिंह, हरिओम सिंह, जगराज सिंह, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, आकाश ठाकुर, अरुन कुमार पुंडीर, अनुज कुमार पुंडीर, लव पुंडीर, रूद्र पुंडीर,वलजीत पुंडीर, रमौतार सिंह, सुभाष सिंह, अमरपाल सिंह, नीतू सिंह, प्रदीप कुमार पुंडीर, अजीत कुमार पुंडीर, चमन कुमार, इन्द्रजीत सिंह, सोहित कुमार, लव पुंडीर, अरनव पुंडीर, शिवा,पुष्पेंद्र कुमार पुंडीर,अरनव पुंडीर,ध्रुव पुंडीर, वादल पुंडीर, जीतू कुमार,धर्मपाल सिंह,राजपाल सिंह,चमन सिंह,रानू सिंह,राजवीर सिंह, किरनपाल पुंडीर,मुकेश कुमार,सतवीर सिंह आदि रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### महामंत्री पद से हर स्वरूप सिंह ने नामांकन वापस लिया, उपाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे प्रत्याशी



**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन मुरादाबाद के वार्षिक चुनाव में महामंत्री पद के प्रत्याशी हर स्वरूप सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है।हर स्वरूप सिंह ने महामंत्री के साथ-साथ उपाध्यक्ष पद पर भी नामांकन किया था। अब वह केवल उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे।एल्डर कमेटी के कार्यवाहक चेयरमैन ललित अरोड़ा, सदस्य सत्यप्रकाश भटनागर एवं निवर्तमान अध्यक्ष हर प्रसाद, महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह, डीजीसी सिविल अजय कुमार गुप्ता ने हर स्वरूप सिंह का नाम वापसी आवेदन स्वीकार कर लिया है।नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार ग्यारह निर्धारित है।

### थाना समाधान दिवस में पहुंचीं चार शिकायतें पुलिस ने गंभीरता से सुनी समस्याएं

**चन्दौसी।** शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में शिकायतों की संख्या कम रही। समाधान दिवस में पतरौआ गांव से पहुंचे दो पक्षों के बीच लेनदेन एवं जमीन पर ईंट रखने को लेकर विवाद सामने आया। एक पक्ष की महिला माया देवी ने आरा.प लगाया कि विपक्षियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई है। वहीं दूसरे पक्ष के उमेश ने बताया कि उनके पास विक्रय पत्र मौजूद है और उसी के आधार पर उन्होंने वहां ईंटें रखी हैं। उनका कहना था कि वृद्ध महिला जबरन ईंटें हटाने का प्रयास कर रही थीं। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी शिकायत पुलिस के समक्ष दर्ज कराई। इसके अलावा दो अन्य शिकायतें भी थाना समाधान दिवस में प्राप्त हुईं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित को निर्देश दिए।



### प्रेमी युगल ने जीती प्यार की जंग, बारात आने के चंद घंटें पहले प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ पहुंची कोतवाली

**ठाकुरद्वारा।** प्रेमी के प्यार में पागल प्रेमिका निकाह को लेकर शादी के चंद घंटे पहले ही कोतवाली पहुंच गई। जहां पुलिस ने प्रेमी युगल के परिजनों को बुलाया और आपसी सहमति पर प्रेमी युगल को निकाह के लिए राजी हो गए। प्रेमी युगल ने आखिर प्यार की जंग जीत ली। पुलिस ने प्रेमी युगल की सहमति के बाद दोनों उनके परिजनों के साथ भेज दिया। नगर के मोहल्ला निवासी युवती का काफी समय से ठाकुरद्वारा अलीगंज मार्ग स्थित कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक के साथ चल रहा था। युवती के परिजनों ने युवती की शादी दूसरे युवक के साथ तय कर दी। युवती खामोश रही। शादी के करीब 72 घंटे पहले ही युवती ने अपने प्रेमी युवक से शादी की नियत बना ली और शादी को लेकर प्रेमी के साथ कोतवाली पहुंच गई। जहां युवती ने अपने प्रेमी के साथ शादी की जिद पर अड़ गई। पुलिस ने युवती और प्रेमी युवक के परिजनों को कोतवाली बुलाया। जहां पर पूर्व प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में प्रेमी युगल के परिजनों ने दोनों के निकाह पर राजी हो गए। पुलिस ने प्रेमी युगल के बयान दर्ज कर उनके परिजनों के साथ भेज दिया। आखिरकार प्रेमी युगल ने प्यार की जंग जीत ली है।

### सुविधा शुल्क लेकर नशा तस्कर को छोड़ने का आरोप, ग्रामीणों में रोष

**ठाकुरद्वारा ।** नगर और देहात क्षेत्र में बढ़ते नशा कारोबार के बीच कोतवाली पुलिस का एक कारनामा सामने आया है। पुलिस पर एक नशा कारोबारी को सुविधा शुल्क लेकर बिना कोई कानूनी कार्रवाई किए छोड़ने का गंभीर आरोप लगा है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागूवाला का है। पुलिस ने एक नशेड़ी युवक को गांजा के साथ पकड़ा और उससे पूछताछ की। नशेड़ी ने एक युवक का नाम बताया, जो इस क्षेत्र में नशे का कारोबार करता है। इसके बाद पुलिस ने जाल बिछाया और उसी नशेड़ी के जरिए कारोबारी को ठाकुरद्वारा-सुरजननगर मार्ग पर गांजा बेचते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार, आरोपी को थाने लाने के बजाय पुलिस उसे एक गुप्त स्थान पर ले गई, जहां उसने कथित तौर पर मोटी रकम की वसूली कर बिना किसी मुकदमा दर्ज किए तस्कर को छोड़ दिया। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के कारण ही नशा कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस यदि चाहे तो नशा तस्करों पर शिकंजा कस सकती है, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा। उन्होंने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

जबकि हल्का दरोगा विनय कुमार ने बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा कोई मामला नही है। अगर जानकारी मिलती है कि नशे के कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आईएफटीएम में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशन इना.ेवेशन काउंसिल (आईआईसी) सेल और पेपर फैंट्स एंड ऋषि अंटरनेशनल (इंडिया), मुरादाबाद के संयुक्त तत्वावधान में "प्रोडक्ट मार्केट फिट: प्रोटोटाइप/प्रोसेस डिजाइन एंड एमवीपी डेवलपमेंट" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कार्यशाला के प्रारम्भ होने के मौके पर कहा कि यह कार्यशाला इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी रहेगी। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में आईआईसी के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निद.शक डॉ. मनोज कुमार ने कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री समीर को बुके और प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। उन्होंने अपने विषयगत् विचार साझा करते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थियों को नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति तथा उत्पाद डिजाइन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से इस कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का संचालन आईआईसी के इनोवेशन एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. विनीत सिंह ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईआईसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग और यांत्रिकी विभाग के श्री संजय सिंह समेत अन्य सभी शिक्षकों की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 160 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



# किड्स वैली प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मदर्स डे

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित सम्राट अशोक नगर मिलन विहार रोड पर संचालित किड्स वैली प्ले स्कूल में शनिवार को मदर्स डे बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

स्कूल परिसर रंग-बिरंगी सजावट और बच्चों की मुस्कुराहटों से गुलजार नजर आया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद बच्चों ने मदर्स डे पर आधारित गीत, नृत्य और कविताएं प्रस्तुत कर माताओं के प्रति अपना प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। बच्चों ने "मां" के महत्व को दर्शाने वाले कई आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर उपस्थित अभिभावक भावुक हो उठे। बच्चों द्वारा बनाए गए सुंदर कार्ड और उपहार भी माताओं को भेंट किए गए।स्कूल की प्रिंसिपल पूजा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मां बच्चों की पहली गुरु होती है और उनका सम्मान करना हर बच्चे का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार, प्रेम और परिवार के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है।इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर महानगर में निकली भव्य भाव यात्रा

**मुरादाबाद।** वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी द्वारा शनिवार को भव्य "भाव यात्रा" का आयोजन किया गया। यात्रा में युवाओं का उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और महाराणा प्रताप के जयकारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा।यात्रा का शुभारंभ पाकबड़ा जीरो पॉइंट से हुआ, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक एकत्रित हुए। कार्यक्रम में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि रवि चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर यात्रा को रवाना किया।यह भाव यात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान कार्यकर्ता हाथों में भगवा ध्वज और महाराणा प्रताप के चित्र लेकर चल रहे थे। जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा का समापन महाराणा प्रताप चौक पर हुआ, जहां श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।कार्यक्रम में युवाओं की भारी भागीदारी देखने को मिली। संगठन मंत्री अमित चौधरी, जनसत्ता दल के महानगर अध्यक्ष वरुण ठाकुर, आकाश, गुरु चौधरी, हिमांशु, लवी, विवेक, विशेष, भोला ठाकुर, बाबू ठाकुर, सौरभ कुमार, विकास कुमार, राजा ठाकुर, तरुण, दीपक गिरी, प्रिंस ठाकुर, शिवा, निखिल समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।सभा को संबोधित करते हुए रवि चौधरी ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन संघर्ष, त्याग और स्वाभिमान की मिसाल है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। साथ ही समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत बनाने का आह्वान भी किया गया।



# नगर में पुलिस का पैदल गश्त अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**बिलारी।** उत्तर प्रदेश पुलिस की कोतवाली बिलारी पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र में पैदल गश्त अभियान चलाया गया। उप निरीक्षक अशोक कुमार ने पुलिस टीम के साथ नगर के प्रमुख बाजारों एवं चौराहों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सराफा बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी जुटाई गई तथा दुकानदारों से सुरक्षा संबंधी संवाद किया गया। उप निरीक्षक अशोक कुमार ने व्यापारियों से दुकानों के आगे अतिक्रमण न करने की अपील की। साथ ही दोपहिया वाहनों को सड़क किनारे व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराने के निर्देश दिए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। पुलिस टीम गांधी मूर्ति चौराहा पर भी पहुंची, जहां ठेला संचालकों से सड़क किनारे रहने की अपील की गई।

वहीं ई-रिक्शा चालकों को मुख्य सड़क पर वाहन खड़े न करने तथा यातायात बाधित न करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने आमजन से सहयोग बनाए रखने की अपील की।



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान व जन्तु विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं जंतु विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने रामनगर (उत्तराखंड) स्थित जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क और माँ गार्जिया देवी मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्यपूर्ण होने की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में सीखने की क्षमता में वृद्धि होती है। वहीं स्कूल ऑफ साइंसेज के निद.ेशक डॉ. बी.के. सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रकृति, जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण तथा सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में व्यावहारिक एवं प्रत्यक्ष ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से इस भ्रमण का आयोजन किया गया था। डॉ. सिंह ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनमें पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के प्रति जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के नियमित आयोजन पर बल दिया। डॉ. सिंह ने बताया कि इस भ्रमण कार्यक्रम में बी.एससी. (जेडबीसी) छठे सेमेस्टर, एम.एससी. वनस्पति विज्ञान एवं एमएससी. जन्तु विज्ञान के कुल 28 विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्राकृतिक पारिस्थितिकी, नदी तंत्र, पहाड़ी वातावरण एवं वन्यजीवों जैसे बाघ, हिरण, हाथी तथा विभिन्न पक्षियों को निकट से देखने एवं समझने का अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही उन्हें धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व से जुड़े स्थलों की जानकारी भी प्राप्त हुई, जिससे उनके समग्र विकास में सहायता मिल सकेगी। भ्रमण के सफल संचालन में आयोजन सचिव डॉ. देश दीपक, सह संयोजक डॉ. पूजा नारंग, डॉ. समीर चंद्रा समेत डॉ. अशोक कुमार, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, डॉ. विवेक कुमार एवं डॉ. तरुण कांति सरकार आदि फैकल्टी मेंम्बर्स का योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस भ्रमण को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पंजाबी महिला संगठन की मनोरंजक बैठक में पंजाबी रंग

## मदर्स डे और सेवा कार्यों की रही धूम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पंजाबी महिला संगठन की इस वर्ष की आखिरी बड़ी मनोरंजक बैठक का आयोजन शहर के प्रसिद्ध होटल ग्रांड विलेज में उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। "ट्विन पंजाबन" थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने पंजाबी परिधानों में पहुंचकर माहौल को पूरी तरह पंजाबी रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और देर तक नाच-गाना, भांगड़ा, गिद्धा और पंजाबी गीतों का आनंद लिया।कार्यक्रम में हाउजी, विभिन्न मनोरंजक गेम्स, सरप्राइज गिफ्ट और लकी ड्रॉ का आयोजन भी किया गया, जिससे महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मदर्स डे के अवसर पर सभी सदस्यों को विशेष उपहार दिए गए। कार्यक्रम के दौरान गिफ्ट्स की मानो बारिश होती रही और सभी महिलाओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।मुख्य अतिथि के रूप में बिलसोनिया स्कूल की प्रिंसिपल श्वेतांगना संत. राम तथा जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. शैफाली सिंह मौजूद रहीं।संगठन की अध्यक्षा वीना अरोड़ा एवं सचिवा मोना छाबड़ा ने सभी सदस्यों का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी अरोड़ा और नेहा भाटिया ने बेहद मनोरंजक अंदाज में किया, जबकि साक्षी गुंबर ने भी आयोजन में सहयोग दिया।बैठक के दौरान संगठन द्वारा वर्षभर किए गए सामाजिक सेवा कार्यों की जानक.ारी भी दी गई। संगठन की ओर से दो बालिकाओं की पूरे वर्ष की फीस, किताबें, कॉपियां और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने की पहल की गई है। संगठन समय-समय पर सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाता रहा है। कार्यक्रम के अंत में समयबद्धता पुरस्कार और 10 लकी ड्रॉ निकालकर सभी का उत्साह बढ़ाया गया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **09Amar-raja-SNT-SigMB** कोम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ इंटीग्रेटेड पॉवर सप्लाई आई पी एस ऑफ अमर राजा फॉर थ्री इयर्स ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 14090856.12 | 281800.00 | निल | 05.06.2026 15:00 |
| 2 | **SNT-Sig-ELD-FACS-MB-202** प्रोविजन ऑफ इ एल डी एंड अफ ए सी एस एट आई बी एस एंड एल सी गेट ओवर मुरादाबाद डिवीज़न | 29210855.81 | 584200.00 | निल | 05.06.2026 15:00 |
| 3 | **4RT-T-CCTVRRoom-MB25-26** मुरादाबाद मंडल के सभी प्रमुख स्थानों पर रिटायरिंग रूम और टिकट काउंटरों के साझा क्षेत्रों की निगरानी के लिए CCTV कैमरे उपलब्ध कराना। | 21435302.09 | 428700.00 | निल | 05.06.2026 15:00 |
| 4 | **02RT-T-CharBatt-MB-25-26** मुरादाबाद मंडल में पुराने हो चुके SMPS-आधारित चार्जर्स के स्थान पर, दूरसंचार उपकरणों के लिए SMPS-आधारित चार्जर्स और बैटरियों की आपूर्ति। | 16231993.89 | 324600.00 | निल | 05.06.2026 15:00 |
| 5 | **01-TELE-8-shed-MB-2025** मुरादाबाद मंडल के आठ गुड्स शेड (SEO, AWP, DPR, BJO, DUB, IQB, RK & BEK) पर बुनियादी ढांचे का प्रावधान/उन्नयन। | 23742567.62 | 474900.00 | निल | 05.06.2026 15:00 |

नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। Tender Notice no.-09Amar-raja-SNT-SigMB-CCTVRRoom-CharBatt-8-shed-MB-2025-26 Date: 08.05.2026 1556/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# GT ने RR को दिया 230 रन का लक्ष्य

**सूर्यवंशी ने सिराज की पहली बाल पर छक्का लगाया, टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया, राजस्थान 26/0**



**जयपुर, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल में शनिवार को राजस्थान रायल्स के खिलाफ 230 रन का टारगेट सेट किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान के कप्तान यशस्वी जायसवाल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 2 ओवर में बिना नुकसान के 26 रन बना लिए हैं। कप्तान यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर है। सूर्यवंशी ने मोहम्मद सिराज की पहली बाल पर छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज 100 छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। कप्तान शुभमन गिल ने 44 बाल पर 9 चौकों और 3 छक्कों से सजी अर्धशतकीय पारी खेली। साई सुदर्शन ने 36 बाल पर 55 रन बनाए। साई ने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। राजस्थान के बृजेश शर्मा को 2 विकेट मिले। दूसरे ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने कगिसो रबाडा की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। उन्होंने दूसरी बाल को फाइन लगे और तीसरी बाल पर मिड विकेट पर सिक्स लगाए। पहले ओवर की तीसरी बाल पर वैभव सूर्यवंशी के पैर में लगी।

सिराज की मिडिल और आफ स्टंप पर बेहद फुल गेंद अंदर की ओर आई। सूर्यवंशी ने किसी तरह बल्ला नीचे लाकर गेंद को रोका, लेकिन गेंद अंदरूनी किनारा लेकर सीधे उनके टखने में लगी। ऐसे में मेडिकल टीम को मैदान पर आना पड़ा। कुछ देर के लिए खेल रो. कना पड़ा है। वैभव सूर्यवंशी ने मैदान पर आते ही मोहम्मद सिराज की पहली गेंद पर छक्का जड़ दिया। वैभव ने शार्ट गेंद पर शानदार शाट खेलते हुए गेंद को लान्ग आन के ऊपर से स्टैंड में पहुंचा दिया। इसी के साथ वह टी-20 क्रिकेट में 100 छक्के लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज भी बन गए। गुजरात की पारी के 20वें ओवर में तुषार देशपांडे ने 21 रन खर्च कर दिए। उनके इस ओवर में 3 छक्के पड़े। तेवतिया ने पहली और दूसरी बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। फिर चौथी बाल पर सुंदर ने सिक्स लगाया। 19वें ओवर में बृजेश शर्मा ने जेसन होल्डर (7 रन) को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल (84 रन) को भी आउट किया। 18वें ओवर में गुजरात ने 200 रन का आंकड़ा पार कर लिया। तुषार देशपांडे की पहली गेंद पर जेसन होल्डर ने चौका लगाया। इसी चौके के साथ टीम ने 200 का आंकड़ा पार किया। 17वें ओवर की दूसरी बाल पर गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान शुभमन गिल 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बृजेश शर्मा ने तुषार देशपांडे के हाथों कैच कराया। बृजेश के इस ओवर की पहली और आखिरी बाल पर सिक्स पड़े।

## इटेलियन ओपन के दूसरे दौर में जोकोविच बाहर

**रोम, वार्ता।** छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को शुक्रवार को इटेलियन ओपन के दूसरे राउंड में क्रोएशियाई युवा खिलाड़ी डिनो प्रिजिमक के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी बाहर हो गए,

जबकि पूर्व चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव, एलेना रायबा. कना और इगा स्वियाटेक तीसरे राउंड में पहुंच गए। 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद जोको. विच और प्रिजिमक के बीच यह पहली भिड़ंत थी। जोकोविच ने शुरुआती सेट में ही बढ़त बना ली, छठे गेम में उन्होंने एक बेहतरीन ड्रॉप शॉट और वॉली के मेल से पॉइंट बनाया और फिर एक जोरदार फोरहैंड विनर के साथ गेम जीत लिया, जिसके बाद उन्होंने सेट 6-2 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में प्रिजिमक ने जोरदार वापसी की, क्योंकि जोकोविच की पहली सर्विस की धार थोड़ी कम हो गई थी। क्रोएशियाई खिलाड़ी ने तेजी से 4-0 की बढ़त बना ली और 6-2 से सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तीसरे सेट के पांचवें गेम में उन्होंने एक निर्णायक ब्रेक हासिल किया और 6-4 से जीत दर्ज करते हुए जोकोविच को अंतिम 32 में जगह बनाने से रोक दिया। मैच के बाद जोकोविच ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्होंने कुल मिलाकर खराब खेला, सर्बियाई खिलाड़ी ने प्रिजिमक के प्रदर्शन की भी तारीफ की और कहा कि क्रोएशियाई खिलाड़ी ने निश्चित रूप से उच्च स्तर का टेनिस खेला है और पिछली भिड़ंत के मुकाबले उनके फोरहैंड में काफी सुधार हुआ है। पुरुष एकल के राउंड ऑफ 64 के अन्य मैचों में, दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने अपने हमवतन जर्मन खिलाड़ी डैनियल अल्तमायर को 7-5, 6-3 से हराया।

## RCB की नजरें टॉप-2 में जगह बनाने पर



**रायपुर, वार्ता।** महत्वाकांक्षा और गौरव के बीच होने वाले एक रोमांचक मुकाबले में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) रविवार को यहां शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 54वें मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) से भिड़ेगी। आरसीबी की नजर प्लेऑफ में जगह बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाने पर है, जबकि मुंबई अपने निराशाजनक अभियान में मुख्य रूप से अपने गौरव और प्रतिठा के लिए खेल रही है।

आरसीबी, जो पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर आराम से बैठी है, ने निडर टॉप-ऑर्डर बल्लेबाजी को अनुशासित गेंदबाजी के साथ मिलाकर टॉप-2 में जगह बनाने के लिए खुद को एक मजबूत दावेदार बनाए रखा है। हालांकि, हाल के मैचों में लगातार मिली हार ने उनके अभियान में थोड़ी बेचैनी पैदा कर दी है। जैसे-जैसे टूर्नामेंट अपने निर्णायक दौर की ओर बढ़ रहा है, बेंगलुरु की टीम के लिए समीकरण सीधा है: लगातार जीत हासिल करें, वरना प्लेऑफ में जगह बनाने की कड़ी दौड़ में पिछड़ने का जोखिम उठाएं। इसके विपरीत, मुंबई इंडियंस पॉइंट्स टेबल के निचले हिस्से में संघर्ष कर रही है, जिसने दस मैचों में से केवल तीन में जीत हासिल की है। हालांकि उनके आगे बढ़ने की गणितीय संभावनाएं बहुत कम हैं, लेकिन अब उनका पूरा ध्यान अपने गौरव को बचाने और इस सीजन का समापन एक मजबूत अंदाज में करने पर है। अपने उतार-चढ़ाव भरे प्रदर्शन के बावजूद, मुंबई अपने दिन एक खतरनाक टीम साबित हो सकती है, जिसके पास ऐसे अनुभवी मैच-विनर हैं जो कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। रायपुर की पिच इस मुक. ाबले में एक और रोमांचक पहलू जोड़ देती है। हाल के आईपीएल सीजनों में अपेक्षाकृत कम इस्तेमाल हुई यह पिच, संतुलित परिस्थितियां प्रदान करने और मध्यम स्कोरिंग के अवसर देने की उम्मीद है। ऐतिहासिक रूप से, यह मैदान बहुत ज्यादा स्कोर वाला नहीं रहा है, यहां अक्सर धैर्य, साझेदारियों और गेंदबाजी में विविधता के समझदारी भरे इस्तेमाल को, विशो रूप से बीच के ओवरों में, सफलता मिलती है। आरसीबी की बल्लेबाजी इकाई, जिसकी अगुवाई विराट कोहली कर रहे हैं और जिसे फलि सॉल्ट तथा रजत पाटीदार का साथ मिल रहा है, इस सीजन की सबसे सफल बल्लेबाजी लाइन-अप में से एक रही है, खासकर पावरप्ले के दौरान। हालांकि, उनकी 'डेथ बॉलिंग' (अंतिम ओवरों की गें. दबाजी) को लेकर चिंताएं अभी भी बनी हुई हैं, जो दबाव वाले पलों में रन लुटाने के प्रति संवेदनशील रही है। यदि मुंबई इंडियंस का टॉप-ऑर्डर शुरुआत में ही लय पकड़ लेता है, तो यह बात उन्हें एक मौका दे सकती है। मुंबई की बल्लेबाजी मुख्य रूप से रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की अनुभवी तिकड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, ए तीनों ही बल्लेबाज एक बार पिच पर जम जाने के बाद तेजी से अपनी बल्लेबाजी की गति बदलने में सक्षम हैं।

## भारत का क्वार्टर फाइनल में चीन से मुकाबला

**सूझोउ (चीन), वार्ता।** अंडर-17 महिला एशियन कप के क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना मेजबान चीन से होगा।

भारत की क्वार्टरफाइनल में जगह लेबनान के खिलाफ चार गोलों की जीत की बदौलत सुनिश्चित हुई। शुक्रवार को सूझोउ ताइहु फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 पर मैच के बाद गोल करने वाली प्रीतिका बर्मन, अल्वा देवी सेनजम और जोया ने उस दिन पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसने भारत को इस प्रतियोगिता के इतिहास में पहली बार नॉकआउट चरण तक पहुंचाया। 4-0 की जीत में दो गोल करने वाली प्रीतिका बर्मन ने बताया कि उन्होंने मैच से एक रात पहले ही गोल करने की कल्पना कर ली थी। पश्चिम बंगाल की 16 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। मैंने दो गोल किए और हमने बहुत अच्छा खेला। हमें यह मैच जीतना था, इसलिए सभी ने अपना सर्वश्रेठ दिया। जब हम अपना सर्वश्रेठ देते हैं, तो प्रदर्शन भी अच्छा होता है और गोल भी आते हैं। भारत को मैच शुरू होने से पहले ही पता था कि आगे बढ़ने के लिए जीत जरूरी है। यंग टाइग्रेस ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 2005 के बाद इस टूर्नामेंट में अपने पहले गोल दर्ज किए। प्रीतिका ने सातवें मिनट में शानदार व्यक्तिगत प्रयास से पहला गोल किया और बाद में दूसरा गोल भी दागा।

### खेल विशेष

### भारत के साहिल ने कंपाउंड स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

**शंघाई (चीन), वार्ता।** भारत के साहिल जाधव ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप 2026 स्टेज 2 में पुरुों की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। आज यहां 25 साल के भारतीय तीरंदाज ने कांस्य पदक मुकाबले में डेनमार्क के अनुभवी मार्टिन डैम्सबो को 147-144 से हराकर अपना पहला तीरंदाजी विश्वकप पदक जीता। साहिल जाधव पहले सेट के आखिर में 30-29 से पीछे चल रहे थे, लेकिन अगले चार सेट में धीरे-धीरे वापसी करते हुए जीत पक्की कर ली। इससे पहले क्वार्टर-फाइनल में, आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय ने ऑस्ट्रिया के निको वीनर, जो 2021 के वर्ल्ड चैंपियन हैं, को शूट-ऑफ में हराया, जब दोनों तीरंदाज 147 पर बराबर थे। हालांकि, साहिल सेमीफाइनल में फ्रांस के निक. ोलस गिरार्ड - जो मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन हैं, से 147-145 से हार गए और कांस्य पदक प्लेऑफ में जगह बनाई।

### विश्व कप ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी नोरा फतेही

**टोरंटो, वार्ता।** बॉलीवुड में अपने आइटम नंबर से तहलका मचा चुकी नोरा फतेही फुटबॉल विश्व कप की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगी। ओपनिंग सेरेमनी शुक्रवार, 12 जून को, किक-ऑफ से 90 मिनट पहले होगी। 12 जून को, स्थानीय समय 13:30 बजे, कनाडा फीफा वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी की मेजबानी करते हुए केंद्र-मंच पर होगा, यह अपने समुदायों, समृद्ध विविधता और फुटबॉल की जोड़ने वाली शक्ति से प्रेरित एक जीवंत उत्सव के साथ दुनिया का स्वागत करेगा। अलानीस मोरिस. ेत्ते, अलेसिया सारा, एलयाना, जेस्सी रएछ, माइकल बबल, नोरा फतेही, संजोय, वेजेड्रीम, विलियम प्रिस और अन्य ग्लोबल संगीत सितारे इस कहानी को जीवंत करने में मदद करेंगे।

### अब्बास का पंजा, पाकिस्तान ने बंगलादेश को 413 रन पर रोका

**मीरपुर, वार्ता।** मोहम्मद अब्बास (पांच विकेट), शाहीन शाह अफरीदी (तीन विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को बंगलाद. ेश को पहली पारी को 413 रन के स्कोर पर रोक दिया। आज यहां बंगलादेश ने कल के चार विकेट पर 301 रन से आगे खेलना शुरु किया। बंगलादेश ने महज 112 रन जोड़कर आज अपने छह विकेट गंवा दिए। सुबह के सत्र में मोहम्मद अब्बास ने लिटन कुमार दास (33) रन को आउट कर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद मेहदी हसन मिराज (10), तैजुल इस्लाम (17), इबादत हुसैन (शून्य) को भी अब्बास ने आउट किया।

## सूर्यकुमार मुंबई-आरसीबी मुकाबले में खेलने के लिए तैयार



**रायपुर, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव रविवार को रायपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ऐसा नहीं है कि उनके खेलने पर कभी कोई शक था, लेकिन हाल ही में उनकी पत्नी ने एक बच्ची को जन्म दिया है,

जिसके चलते थोड़ी अनिश्चितता थी कि क्या वह अपने परिवार में नए सदस्य के आने के ठीक 48 घंटे बाद समय पर रायपुर पहुंच पाएंगे या नहीं। हालांकि, क्रिकबज इस बात की पुटि कर सकता है कि सूर्यकुमार-जो भारत के टी20आई कप्तान हैं और जिन्होंने 4 मई को पिछले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी-ने टीम मैनेजमेंट को अपनी उपलब्धता के बारे में बता दिया है। उनके जल्द ही रायपुर पहुंचने की उम्मीद है। क्या टी20 विश्व कप जीतने वाले यह कप्तान रविवार को फिर से टीम की कप्तानी करेंगे, यह नियमित कप्तान हार्दिक पंड्या की रिकव. री पर निर्भर करेगा, हार्दिक पीठ की ऐंठन के कारण 4 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच नहीं खेल पाए थे। अब सब कुछ मुंबई टीम के स्पोर्ट्स मेडिसिन हेड बेन लैंगली और फिजियो नितिन पटेल पर निर्भर करता है। जानकारी के अनुसार, पंड्या ने शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट दिया और शनिवार को उनकी फिर से जांच की जाएगी। जाहिर है, उन्होंने रायपुर में टीम के साथ अभ्यास नहीं किया, लेकिन उम्मीद है कि वह शाम को बाद में अभ्यास करेंगे।

## केएल राहुल ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर रहे बरकरार



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप तालिका के र्ग 10 या यहां तक कि शीर्ा 20 रन स्कोरर्स की सूची में अधिक बदलाव नहीं हुआ, लेकिन पहले से ही तीसरे स्थान पर मौजूद केएल राहुल ने 23 रन की पारी खेलकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। अब वह 468 रन के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

इस मामले में 494 रन के साथ हाइनरिक क्लास शीर्ा पर तथा 475 रन बनाने वाले अभीोक शर्मा दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले मुकाबले में हमेशा की तरह वैभव सूर्यवंशी पर निंगाहें रहेंगी। इसके अलावा जीटी के ओपनर बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल भी रेस में तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। सूर्यवंशी फलिहाल 404 रन के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जबकि साई सुदर्शन 385 रन के साथ सातवें और गिल 378 रन के साथ दसवें स्थान पर हैं। ऑरेंज कैप तालिका में कार्तिक त्यागी इस सीजन केकेआर के लिए लगातार विकेट निकाल रहे हैं। पिछले चार मैचों में उन्होंने आठ विकेट लिए हैं, जिसमें शुक्रवार को मिले दो विकेट भी शामिल हैं। अब उनके कुल 13 विकेट हो गए हैं। हालांकि वे अभी टॉप खिलाड़ियों से थोड़ा पीछे हैं, लेकिन तेजी से ऊपर बढ़ रहे हैं। इस तालिका में शीर्ा पांच में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भुवनेश्वर कुमार और अंशुल कम्बोज 17.17 विकेट के साथ पहले और दूसरे स्थान पर हैं, जहां दोनों के बीच अंतर इकॉनमी रेट का है। वहीं 16 विकेट के साथ प्रिस यादव, कगिसो रबाडा और इशान मलिगा मौजूद हैं। शनिवार को रबाडा मैदान पर उतरेंगे। पिछले छह मैचों में उनके नाम 12 विकेट हैं और अगर उन्होंने यही लय बरकरार रखी, तो शनिवार रात उनके सिर पर पर्पल कैप भी हो सकती है। हालांकि अगर जोफ्रा आर्चर भी अच्छी लय में रहें तो मामला अलग हो सकता है। उनके नाम 15 विकेट हैं और वे टॉप पांच से ज्यादा दूर नहीं हैं।

## लियोनेल मेसी ने वर्ल्ड कप में नेमार की वापसी का समर्थन किया



**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** लियोनेल मेसी का मानना है कि नेमार अभी भी फुटबॉल के बेहत. रीन खिलाड़ियों में से एक हैं और उन्होंने उम्मीद जताई कि ब्राजील का यह फॉरवर्ड अगले महीने होने वाले फीफा वर्ल्ड कप के लिए समय पर वापसी कर लेगा। ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी नेमार ने अक्टूबर 2023 के बाद से अपने देश के लिए कोई मैच नहीं खेला है।

उस समय उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच के दौरान उनके घुटने का एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) टूट गया था। अपने बचपन के क्लब सैंटोस में लौटने के बाद से उनकी चोटों की समस्याएं जारी रही हैं। इस वजह से इस साल सभी प्रतियोगिताओं में वह सिर्फ 12 मैच ही खेल पाए हैं, जबकि 2025 में उन्होंने 28 मैच खेले थे। मेसी ने 'लो डेल पोलो' शो में कहा कि हम चाहते हैं कि सबसे बेहतरीन खिलाड़ी (वर्ल्ड कप में) मौजूद हों और नेमार, चाहे उनकी फॉर्म कैसी भी हो, हमेशा उन बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक रहेंगे। वर्ल्ड कप में उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार होगा, क्योंकि ब्राजील और फुटबॉल के लिए उनका बहुत बड़ा महत्व है। मुझे उम्मीद है कि वह वहां मौजूद होंगे, लेकिन मैं इस मामले में पूरी तरह से निपक्ष नहीं हो सकता, क्योंकि मेरे हिंसाब से उन्हें हमेशा वहां होना ही चाहिए। नेमार और मेसी ने 2013 से 2017 तक बार्सिलोना में एक साथ खेला था, और फिर 2021 से 2023 तक पेरिस सेंट-जर्मेन में भी वे टीममेट रहे थे। मेसी ने माना कि उनकी दोस्ती की वजह से उनके लिए निपक्ष रहना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। मैं पूरी तरह से निपक्ष नहीं हो सकता। नेमार मेरा दोस्त है, जाहिर है, मैं चाहूंगा कि वह वर्ल्ड कप में खेले और उसके साथ सब कुछ अच्छा हो, क्योंकि वह जिस तरह का इंसान है।

## हमारा आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ था: कैमरून ग्रीन



**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स को उसी के मैदान में आईपीएल मुकाबले में आठ विकेट से पराजित करने के बाद कोलकाता नाईट राइडर्स के कैमरून ग्रीन ने कहा कि टूर्नामेंट में निराशाजनक शुरुआत के बावजूद टीम का आत्मविश्वास कभी कम नहीं हुआ था।

केकेआर ठीक सही समय पर अपनी बेहतरीन फॉर्म में आती दिख रही है। टूर्नामेंट की शुरुआत उनके लिए काफी मुश्किल रही, पहले छह मैचों में उन्हें कोई जीत नहीं मिली, लेकिन अब उन्होंने रफ्तार पकड़ ली है और लगातार चार मैच जीत लिए हैं। ग्रीन ने मैच के बाद शुक्रवार को कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमारा आत्मविश्वास कभी कम हुआ था। मुझे लगता है कि पूरे टूर्नामेंट में, यहां तक कि कोई मैच जीतने से पहले भी, हमारी टीम का माहौल बहुत अच्छा रहा है।

कुछ खिलाड़ियों ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम हर मैच हार रहे हैं, क्योंकि हर कोई बहुत उत्साहित और जोश से भरा हुआ था। ग्रीन से जब टूर्नामेंट में एक बड़ी कीमत पर शामिल होने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सपोर्ट स्टाफ ने मुझ पर कभी कोई दबाव नहीं डाला। मुझे लगता है कि पहले दिन से ही वे मेरे साथ बहुत अच्छे रहे हैं। उन्होंने कभी मुझे यह महसूस नहीं कराया कि टीम के किसी और खिलाड़ी के मुकाबले मुझ पर कोई ज्यादा दबाव है। ग्रीन ने अपनी फटिनेस को लेकर जताई जा रही चिंताओं को भी दूर करते हुए कहा कि वह चार ओवर गेंदबाजी करने के लिए 100 फीसदी तैयार हैं।

# टोल प्लाजा पर रंगदारी, मारपीट और लूटकांड में 24 आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

## महिला कर्मचारियों से अभद्रता, नकदी और मोबाइल लूटने का आरोप

**बिलारी।** मोहम्मद इब्राहिमपुर स्थित टोल प्लाजा पर रंगदारी मांगने, कर्मचारियों से मारपीट, लूटपाट और महिला कर्मियों के साथ अभद्रता करने के मामले में बिलारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरो. पियों के कब्जे से दो मोबाइल फोन और 26 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। मामले में विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार टोल प्लाजा मैनेजर सोनू यादव निवासी रेवाड़ी, हरियाणा ने थाना बिलारी में दी गई तहरीर में बताया कि कुछ लोग स्वयं को भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट का पदाधिकारी बताते हुए टोल प्लाजा पर पहुंचे और वहां हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपी टोल संचालन के एवज में प्रतिमाह 50 हजार रुपये की रंगदारी मांग रहे थे। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने टोल प्लाजा



के सुपरवाइजर विपिन, कर्मचारी उर्मिला, टीसी श्वेता समेत अन्य स्टाफ के साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

महिला कर्मचारियों के साथ अभद्रता एवं अश्लील हरकतें करने के भी आरोप लगाए गए हैं। इसके अलावा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर कर्मचारियों को धमकाने तथा टोल फ्री कराकर राजस्व हानि पहुंचाने का भी आरोप है। वादी के अनुसार आरोपी जाते समय सुप. रवाइजर विपिन का रेडमी मोबाइल फोन, 26 हजार रुपये नकद तथा टोल मैनेजर का वन प्लस मोबाइल फोन भी लूट ले गए। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएन) की धारा 111, 191(2), 308(4), 310(2), 74, 115(2), 352, 351(3), 324(4), लोक संपत्ति निवारण अधिनियम तथा एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जांच के दौरान धारा 7 क्रिमिनल लॉ एक्ट और धारा 317(4) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई। थाना बिलारी पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## बिलारी टोल प्लाजा प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग, किसानों ने डीआईजी को सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद।** बिलारी टोल प्लाजा पर किसानों के साथ कथित अभद्रता और फर्जी मुकदमे दर्ज किए जाने के विरोध में भाकियू महात्मा टिकैत संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन के नेताओं ने आरोप लगाया कि 8 मई को बिलारी टोल प्लाजा पर जिला अध्यक्ष संभल को टोल कर्मियों द्वारा बातचीत के लिए बुलाया गया था। बातचीत के दौरान माहौल गर्म हो गया और किसानों ने टोल कर्मियों से शालीन व्यवहार करने की बात कही। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर टोल कर्मियों ने किसानों के साथ हाथापाई की और पुलिस बुला ली।ज्ञापन में कहा गया कि पुलिस किसानों को बातचीत के बहाने थाने ले गई, जहां उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। संगठन का आरोप है कि बाद में जिला अध्यक्ष सहित 24-25 किसानों पर गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज कर जेल भेज दिया गया। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि रात में पुलिस लाइन से निकालकर उन्हें जंगल क्षेत्र में ले जाया गया और वहां कथित तौर पर वीडियो बनाकर साक्ष्य तैयार किए गए।भाकियू महात्मा टिकैत संगठन के नेताओं ने कहा कि पूरे मामले में पुलिस प्रशासन ने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया है और किसान संगठनों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन में डीआईजी से मांग की गई कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी टोल कर्मियों और संबंधित पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय संरक्षक रणवीर सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवेश कुमार, जिला अध्यक्ष अमित त्यागी, जसपाल फौजी और सुशील चौधरी सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

## आईएफटीएम में अपने बॉस स्वयं बने विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) और स्कूल ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में "अपने बॉस स्वयं बनें" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन



किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता व विश्व. विद्यालय से एमटेक, मैकेनिकल इंजी. नियरिंग के 2023 बैच के पूर्व छात्र तथा वर्तमान में ए-1 ब्लोअर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, सोनीपत, हरियाणा में रीजनल मैनेजर के रुप में कार्यरत श्री अरुण कुमार ने अपने विचार और अनुभव साझा किए और इंजीनियरिंग से सम्बंधित विभिन्न क्षेत्रो में अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आईयूएए के अध्यक्ष डॉ. अनुज श्रीवास्तव ने टीम के प्रयासों और मेहनत के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एलुमनाई समन्वयक डॉ. अंखी गुलाटी, श्री गौरव हावडिया और डॉ. अमर शर्मा का विशेष योगदान रहा। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में आयोजन सचिव डॉ. विनीत सिंह और श्री संजय सिंह समेत अन्य सभी शिक्षकों की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में मैकेनिकल इंजी. नियरिंग के विभागाद्यक्ष डॉ. संजय कुमार यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 180 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 29,713 वादों का निस्तारण

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चन्दौसी, बाह्य न्यायालय सम्भल एवं गुन्नौर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉ. विदुषी सिंह ने मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल कोर्ट चन्दौसी, बाह्य न्यायालय सम्भल व गुन्नौर, समस्त राजस्व चकबंदी न्यायालयों तथा विभिन्न बैंकों ने प्रतिभाग किया। लोक अदालत के माध्यम से कुल 29,713 वादों का निस्तारण किया गया। विभिन्न मामलों में अर्थदंड, प्रतिकर एवं समझौते के रूप में करोड़ों रुपये की धनराशि वसूल एवं वितरित कराई गई। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मचला अग्रवाल ने 27 वादों का निस्तारण किया। मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के पीठासीन अधिकारी प्रदीप कुमार ने 27 मामलों का निस्तारण करते हुए पीडिघ्त पक्ष को 2 करोड़ 89 लाख 88 हजार 63 रुपये प्रतिकर दिलवाया। अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार ने 371 मामलों का निस्तारण कर छह हजार रुपये अर्थदंड वसूल किया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह ने तीन मामलों का



निस्तारण कर 1500 रुपये जुर्माना किया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल ने 1483 मामलों का निस्तारण करते हुए 5 लाख 16 हजार रुपये अर्थदंड वसूल किया। सिविल जज पराग यादव ने 169 मामलों का निस्तारण कर 2160 रुपये तथा सिविल जज आदित्य सिंह ने 384 मामलों का निस्तारण कर 3870 रुपये अर्थदंड वसूल किया। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नावेद अख्तर ने 130 मामलों का निस्तारण कर 1220 रुपये जुर्माना वसूल किया। सिविल जज दिव्या गर्ग ने 125 मामलों का निस्तारण कर 1460 रुपये अर्थदंड वसूल कराया। बाह्य न्यायालय सम्भल में सिविल जज ललित कुमार ने 539 मामलों का निस्तारण कर 5580 रुपये जुर्माना वसूल किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या चिंडालिया ने 29 मामलों का निस्तारण कर 3260 रुपये जुर्माना कराया। बाह्य न्यायालय गुन्नौर में सिविल जज अभिषेक सिंह ने 653 मामलों का निस्तारण कर 4 लाख 18 हजार 888 रुपये अर्थदंड वसूल किया। जनपद के समस्त राजस्व न्यायालयों में 25,447 मामलों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम ने 15 मामलों का निस्तारण कर 41 लाख 17 हजार 987 रुपये की समझौता धनराशि दिलाई।

विभिन्न बैंकों में भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण हुआ। इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया तथा कैनरा बैंक सहित विभिन्न बैंकों ने कुल 311 मामलों में समझौता कर 4 करोड़ 34 लाख 37 हजार रुपये की धनराशि प्राप्त की। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, बैंक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में वादकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लोगों को सस्ता, सरल और त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा रहा है।

## पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में पांच परिवारों में हुआ समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक शनिवार को पुलिस लाइन बहजोई में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष डॉ. रूकमपाल सिंह ने की। बैठक के दौरान पति-पत्नी के मध्य चल रहे आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। काउंसलिंग के दौरान कुल 76 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 18 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिंग के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर पांच परिवारों को पुनः मिलाया गया। वहीं पांच पत्रावलियों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इसके अतिरिक्त आठ मामलों में आवेदक के काउंस. लिंग में उपस्थित न होने अथवा मामले में रुचि न लेने के कारण पत्रावलियों को बंद कर दिया गया। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लवमो. हन वार्ष्णेय, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबिता शर्मा, कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि महिला आरक्षी ज्योति आदि मौजूद रहीं।

## वर्ष 2026 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत में सर्वाधिक वादों का निस्तारण

### न्यायालयों द्वारा 23580, प्रशासन द्वारा 195751, बैंक व बीएसएनएल द्वारा 596 कुल 2 लाख 19 हजार 331 मामलों का निपटारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद न्यायालय मुरादाबाद में इस वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसका शुभारम्भ माननीय जनपद न्यायाधीश सैङ्क माऊज बिन आसिम द्वारा मॉ सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सुनित चन्द्रा, पीठासीन अधिकारी एम0ए0सी0टी0 संजय कुमार, पीठासीन अधिकारी लारा जैगम उददीन, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत घनेन्द्र कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्वेता चौधरी सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण, बैंक पदाधिकारीगण व बार संघ के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश सैङ्क माऊज बिन आसिम ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मंच न्याय को आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। इससे



आम लोगों को न्याय मिलने में सुविधा हो रही है। शनिवार सुबह से ही जिला न्यायालय परिसर में वादकारियों की लंबी कतारें देखी गईं। विशेष रूप से बैंक ऋण से जुड़े मामलों, यातायात चालान और बिजली बिल बकाया के मामलों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोक अदालत में लंबी कानूनी प्रक्रिया के बिना समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जाता है, जिससे वादकारियों का समय और धन दोनों बचता है। न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत में निस्तारित मामलों के निर्णय अंतिम होते हैं और इनके खिलाफ अपील का कोई प्रावधान नहीं होता। लोक अदालत में जिला कारागार, मुरादाबाद में निरुद्ध बन्दियों द्वारा तैयार की गयीं हस्तशिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी लगायी गयी एवं विक्रय किया गया। लोक अदालत परिसर में एक जनपद एक उत्पाद तथा एक जनपद एक पकवान की प्रदर्शिनी लगाकर विक्रय एवं प्रचार किया गया। प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के 13 हजार 182 शमन योग्य वादों का निस्तारण किया गया। आरोपितों पर 1 लाख 88 हजार 905 रुपये अर्थदंड आरोपित किया गया। वैवाहिक एवं भरण पोषण संबंधी 265 मामलों का निस्तारण परिवार न्यायालय व अपर परिवार न्यायालय द्वारा आपसी सुलह समझौते के आधार पर कराया गया। उत्तराधिकार के कुल 01 मामला निस्तारित कर 45 लाख 74 हजार 182 रुपये के प्रमाण-पत्र जारी किये गये। लघु प्रकृति के मामले जैसे लेबर एक्ट, मोटर वाहन अधिनियम आदि से संबंधित मामलों का भी निस्तारण किया गया। मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर से संबंधित कुल 38 मामलों का निस्तारण करते हुए पीड़ितों व उनके स्वजन को 3 करोड़ 9 लाख 78 हजार रुपये देने के आदेश दिए गए। विभिन्न बैंकों के ऋण संबंधी कुल 596 मामलों का निस्तारण कर 3 करोड़ 62 लाख 6 हजार 45 रूपये की वसूली की गयी।

## हजरत शेख सलाउद्दीन के सालाना उर्स में उमड़ा जनसैलाब कुल शरीफ में मांगी गई मुल्क की तरक्की की दुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव तिसावा चांदपुर के जंगल में स्थित प्रसिद्ध दरगाह हजरत शेख सलाउद्दीन पर आयोजित सालाना उर्स बड़े ही अकीदत और धार्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। उर्स के अवसर पर दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में अकीदतमंद दरगाह पहुंचे और चादरपा. शी कर अमन, खुशहाली एवं मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी। दरगाह परिसर दिनभर "या हजरत" और दरूदो-सलाम की सदाओं से गूंजता रहा। उर्स के मौके पर बीती देर रात दरगाह परिसर में भव्य कव्वाली कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मशहूर कव्वालों ने हजरत शेख सला. उद्दीन की शान में सूफियाना कलाम पेश किए। कव्वालियों पर अकीदतमंद झूम उठे और देर रात तक धार्मिक माहौल बना रहा। शनिवार सुबह से ही दरगाह पर चादरपोशी करने वालों की लंबी कतारें लग गईं। अकीदतमंदों ने दरगाह पर फूल-मालाएं और चादरें पेश कर विशेष दुआएं कीं। कुल शरीफ का आयोजन सुबह 10:50 बजे संपन्न हुआ। इससे पूर्व आयोजित नातिया



कार्यक्रम में उलेमा-ए-इकराम ने नूरानी खिताब करते हुए सूफी संतों की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। हजरत सैयद नजीरुल कादरी ने कुल शरीफ के दौरान मुल्क और मिल्लत की तरक्की, अमन-चैन तथा भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। उन्होंने कहा कि सूफी संतों ने हमेशा इंसानियत, मोहब्बत और एकता का संदेश दिया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंचे विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने दरगाह पर चादरपोशी कर प्रदेश और क्षेत्र की खुशहाली की दुआ मांगी। उन्होंने कहा कि सूफी संतों की दरगाहें सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की प्रतीक हैं। यहां हर धर्म और समाज के लोग एक साथ पहुंचकर दुआ मांगते हैं, जो हमारी गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत बनाता है। विधायक ने कहा कि उनके वालिद मरहूम विधायक हाजी मोहम्मद इरफान ने दरगाह के सौंदर्यीकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य कराए थे और वह स्वयं भी दरगाह को और अधिक विकसित एवं सुंदर बनाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने उपस्थित लोगों को एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में सज्जादानशीन खलील अहमद, हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, जमील अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान रियाज अहमद, कल्लू मलिक, फौजी यूसुफ, अकरम मलिक, जाकिर मलिक, कसीम आजाद, फिरोज, आरिफ, मुजीब अहमद, सत्तार हुसैन, सफीक अहमद, मोहम्मद रिजवानुद्दीन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और हजारों अकीदतमंद मौजूद रहे।

## गांव की महिला से परेशान ग्रामीणों ने एसएसपी से लगाई गुहार जांच कर कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के ग्राम फैजुल्लानगर के दर्जनों ग्रामीणों ने गांव की एक महिला के खिलाफ सामूहिक शिकायत पत्र देकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि महिला की गतिविधियों के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है और लोग भय व तनाव के माहौल में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया कि गांव निवासी महिला ने अपने पूर्व पति के मकान पर कब्जा करने, बाहरी लोगों का आना-जाना बढ़ाने तथा गांव के लोगों को झूठे मुक. दमों में फंसाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि महिला के व्यवहार और गतिविधियों से गांव के युवक-युवतियों पर गलत प्रभाव पड़ रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पंचायत स्तर पर भी कई बार मामला सुलझाने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। उनका कहना है कि इससे पहले भी थाना ठाकुरद्वारा में शिकायत दी गई थी, मगर अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने एसएसपी से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, गांव में शांति व्यवस्था कायम की जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित महिला के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने यह भी मांग उठाई कि विवादित मकान को कब्जा मुक्त कराया जाए ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। हालांकि, यह सभी आरोप शिकायतकर्ताओं द्वारा लगाए गए हैं। मामले की वास्तविकता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। शिकायती पत्र साबिर अली, अकरम अली,अनीस अहमद, इरफान ,रिजवान, फरीद अहमद,सलीम अहमद , शमशाद हुसैन,नाजिम अली,मेहंदी हसन, नसरुद्दीन, साजिद अली,शाहिद ,खलील अहमद ,विरासत संजीदाबेगम मुस्ताक सुभान अली, हसन, नियाज अली ,मोहम्मद इरफान,जफर अली सहित दर्जनों हस्ताक्षर मौजूद है।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराणा प्रताप जयंती पर निकाली शोभा यात्रा



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महाराणा प्रताप जयंती पर आज शोभा यात्रा का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ महाराणा प्रताप द्वार से हुआ कार्यक्रम में आए पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू चौधरी विक्रांत सिंह आदि ने अपने संबोधन में महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला इसके बाद शोभायात्रा शेरपुर पहुंची जहां आयोजित कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया शोभा यात्रा में युवाओं के साथ-साथ हिमांशी चौहान सत्यवान सिंह राजपूत मधु चौहान महेश चंद्र गुप्ता सहित काफी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई महाराणा प्रताप जयंती, युवाओं में दिखा उत्साह



**बिलारी।** नगर बिलारी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। मुख्य कार्यक्रम नगर के ऐतिहासिक मंदिर परिसर में आयोजित किया गया, जहां अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद किया गया। सभा के बाद अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सैकड़ों कार्यकर्ता सामूहिक रूप से जुलूस के रूप में शाहबाद रोड होते हुए महाराणा प्रताप चौक पहुंचे। वहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान युवा क्षत्रिय सभा के कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ता "महाराणा प्रताप अमर रहें" और "भारत माता की जय" जैसे देशभक्ति नारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। कार्यक्रम में अंकित राघव, डॉ. अरुण राघव, मनोज ठाकुर, नाथू सिंह, संजीव सिंह काली, राजीव शर्मा, प्रशांत चौधरी, सुरेंद्र सिंह, सूरजभान सिंह भदौरिया, अभिषेक राठौर, युवराज सिंह, गजेंद्र सिंह, अजय ठाकुर, दुष्यंत चौहान, पंकज चौहान, महेश बिष्ट सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वगणना अभियान के तहत मीडिया दिवस मनाया गया

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के निर्देशन में जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित स्वगणना अभियान के तहत शनिवार को तृतीय दिवस मीडिया दिवस के रूप में मनाया गया। यह अभियान 07 मई से 21 मई 2026 तक चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से आमजन को डिजिटल स्व गणना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अधिकारियों ने जनपद के समस्त मीडिया बंधुओं से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं तथा अपने परिवारजनों, मित्रों एवं परिचितों के साथ स्वगणना पोर्टल पर जाकर अपनी स्वगणना अवश्य करें और इस अभिनव डिजिटल जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

साथ ही स्व गणना करते समय की फोटो सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप स्टेटस पर साझा कर जनसामान्य में जागरूकता फैलाने तथा अधिक से अधिक लोगों को स्व गणना के लिए प्रेरित करने का भी अनुरोध किया गया। अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल माध्यम से होने वाली यह प्रक्रिया जनगणना को सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### महाराणा प्रताप की जयंती मनाई, समाज को एकजुट रहने का दिया संदेश

**चन्दौसी।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर शनिवार को बदायूं चुंगी स्थित महाराणा प्रताप पार्क पर क्षत्रिय समाज द्वारा श्रद्धा एवं उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह करीब 11 बजे आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग और युवा डीजे की धुनों पर महाराणा प्रताप के शौर्य गीतों के साथ अलग-अलग टोलियों में महाराणा प्रताप चौक पहुंचे। यहां राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

इसके बाद अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में देवरखेड़ा स्थित आशीष गार्डन में विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के त्याग, स्वाभिमान और संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ. विशाल चौहान ने कहा कि समाज का विकास तभी संभव है, जब सभी लोग एकजुट होकर एक-दूसरे का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज को अपनी संस्कृति और मूल्यों की रक्षा करते हुए अनुशासन एवं संयम के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हुड़दंग और गलत गतिविधियों से समाज की छवि खराब होती है, इसलिए युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से मृत्यु भोज जैसी परंपराओं पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

कई लोग कर्ज लेकर खर्च करते हैं, जिससे परिवार आर्थिक संकट में आ जाते हैं। उन्होंने समाज से ऐसी कुरीतियों को समाप्त करने की अपील की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह एड0, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, अशोक सिंह एड0, बसंत राघव, दिनेश कुमार चौहान, संजय रघुवंशी, कुलदीप चौहान, मनोज कुमार राघव, वी0पी0 सिंह तोमर, विजेन्द्र राणा, रामूसिंह, विक्रम सिंह, सरजीत ठाकुर, प्रमोद कुमार चौहान, सुधीर कुमार सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग एवं युवा मौजूद रहे।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल

amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# युद्ध से पहले परमाणु हथियार बना रहा था ईरान, कोई सबूत नहीं

## अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र प्रमुख जो केंट ने तथ्यों के साथ किया बड़ा दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक केंद्र (एनसीसी) प्रमुख जो केंट ने दावा किया है कि हालिया युद्ध से पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का आकलन था कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था। केंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सीआईए सहित सभी अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था।

उन्होंने कहा कि किसी भी हमले की स्थिति में यह आशंका थी कि ईरान क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएगा और होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करेगा। उन्होंने लिखा कि इस युद्ध की कई त्रासदियों में से एक यह है कि युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा, जिसमें सीआईए भी शामिल है। केंट ने आरोप लगाया कि इजरायल ने अमेरिकी नीति निर्धारण को प्रभावित किया और इजरायल ने बहस जीतकर हमें इस युद्ध में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि वह सैद्धांतिक रूप से ईरान युद्ध का समर्थन नहीं कर सकते। उनके अनुसार ईरान से अमेरिका को कोई 'तत्काल खतरा' नहीं था और यह स्पष्ट है कि अमेरिका इस युद्ध में 'इजरायल और उसके प्रभावशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव' में शामिल हुआ। केंट ने दावा किया कि खुफिया एजेंसियों ने पहले ही आगाह किया था कि ईरानी नेतृत्व को निशाना बनाने से वहां के सत्तारूढ़ तंत्र और कट्टरपंथियों को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सटीक खुफिया आकलनों के बावजूद राजनीतिक दबाव के कारण सैन्य कार्रवाई का फैसला लिया गया। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी 2026 को ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताओं का हवाला देते हुए उस पर हमला शुरू किया था। केंट ने आरोप लगाया कि युद्ध के दौरान ट्रम्प प्रशासन अपने घोषित उद्देश्यों को लगातार बदलता रहा। केंट ने कहा कि उन्होंने मार्च में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था क्योंकि वह 'ईरान के खिलाफ अनुचित अमेरिकी-इजरायली आक्रामकता' का विरोध कर रहे थे। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा था कि ईरान अमेरिका के लिए कोई तात्कालिक खतरा नहीं था और कुछ राजनीतिक शक्तियों ने बाहरी प्रभाव में आकर अमेरिका को युद्ध में धकेला। उन्होंने अमेरिकी विदेश नीति की भी आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक नैरेटिव के कारण खुफिया सूचनाओं को कमजोर किया गया और युद्ध को इजराइल तथा उसके समर्थकों के दबाव में आगे बढ़ाया गया। उन्होंने आशंका जताई कि यह संघर्ष अमेरिका को एक और लंबे पश्चिम एशिया युद्ध में धकेल सकता है और युद्ध तक पहुंचने वाली निर्णय प्रक्रिया की पुनर्समीक्षा की जरूरत है। उन्होंने लिखा कि जून 2025 तक आप समझते थे कि मध्य-पूर्व के युद्ध एक जाल हैं, जिन्होंने अमेरिका के सैनिकों की जान ली और देश की समृद्धि को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने ट्रम्प के पहले कार्यकाल में कासिम सुलेमानी की हत्या और आईएसआईएस के खिलाफ कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय सैन्य शक्ति का उपयोग बिना लंबे युद्ध में फंसे किया गया था।



■ सीआईए सहित सभी अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस बात पर सहमत थीं कि ईरान परमाणु हथियार विकसित नहीं कर रहा था: केंट



प्रयागराज। भीषण गर्मी में कपड़ा ढक्कर अपने बच्चे को धूप से बचाती महिला।

## महान विजय की 81वीं वर्षगांठ पर समारोह में भाग लेंगे तोकाएव

**मास्को।** कजाखस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव मास्को में रूस के विजय दिवस समारोह में शामिल होंगे। कजाखस्तान राष्ट्रपति के प्रेस सचिव ऐबेक स्मादियारव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्मादियारव ने टेलीग्राम पर कहा कि राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकाएव रूस की महान विजय की 81वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मास्को में आयोजित समारोहों में भाग लेंगे। रूस ने कजाख नेता के निर्णय पर संतोष व्यक्त किया है और उनकी मास्को की आगामी कार्य यात्रा को एक 'मैत्रीपूर्ण कदम' बताया है। स्मादियारव ने बताया कि तोकाएव की मास्को यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक की योजना भी बनाई गई है।

## ब्रिटेन के चुनाव परिणाम सत्तारूढ़ लेबर पार्टी का जनाधार खोने का संकेत

**लंदन।** ब्रिटेन में सात मई को 136 क्षेत्रों में नगर परिषदों की लगभग 5000 सीटों के लिए चुनाव हुए। देश में अभी भी कुछ वोटों की गिनती जारी है लेकिन एक बात स्पष्ट हो चुकी है कि प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की लेबर पार्टी को भारी झटका लगा है। स्कॉटलैंड और वेल्स में क्रमशः 129 और 96 संसदीय सीटों पर एक ही दिन चुनाव हुए। वर्ष 2024 के बाद से यह सबसे बड़ा चुनाव रहा है और इसे व्यापक रूप से स्टारमर के प्रधानमंत्रित्व काल की परीक्षा के रूप में देखा जा रहा है। निंगेल फराज के नेतृत्व वाली रिफॉर्म यूके को चुनावों का सबसे बड़ा विजेता माना जा रहा है। स्काई न्यूज के अनुसार, इसने अब तक 1422 सीटें जीती हैं। लेबर पार्टी 980 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि लिबरल डेमोक्रेट्स और कंजरवेटिव पार्टी क्रमशः 834 और 754 सीटों के साथ तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। प्लाइड सिमरु, जो वेल्स की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध एक मध्य-वामपंथी पार्टी है, 43 सीटों के साथ वेल्स सेनेड में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। रिफॉर्म यूके 34 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर है जबकि लेबर पार्टी नौ सीटों के साथ बहुत पीछे तीसरे स्थान पर है।

### अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने राजनयिक प्रयासों को सराहा

# बड़ी ताकत बनकर उभरे मुजतबा खामेनेई

## ईरान के सर्वोच्च नेता जंग की रणनीति और राजनयिक वार्ता दोनों का कर रहे नेतृत्व

**वाशिंगटन।** ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई संघर्ष के दौरान देश की युद्ध रणनीति को आकार देने और युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ राजनयिक बातचीत में शामिल अधिकारियों को निर्देशित करने वाले प्रमुख चेहरे के रूप में उभरे हैं। ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले के पहले ही दिन उनके पिता और ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और कई वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडर मारे गए थे। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के आकलन के अनुसार, उसी हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मुजतबा कथित तौर पर ईरान की युद्धकालीन रणनीति बनाने, सैन्य अभियानों का निर्देशन करने और अमेरिका से समझौते के राजनयिक प्रयासों का मार्गदर्शन करने में गहराई से लगे हुए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मुजतबा के चेहरे, हाथ, धड़ और पैर काफी ज्यादा झुलस गए थे। अमेरिकी खुफिया एजेंसी का मानना है कि वह सार्वजनिक नजरों से दूर रहकर स्वस्थ होने के साथ-साथ अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वह किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक संचार से जानबूझकर बच रहे हैं और केवल व्यक्तिगत मुलाकातों या संदेशवाहकों के जिरए हस्तलिखित नोटों से ही संवाद कर रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशक्यान ने इस सप्ताह पुष्टि की कि उन्होंने मुजतबा के साथ ढाई घंटे तक आमने-सामने बैठक की। हमले के बाद नए सर्वोच्च नेता और ईरान के किसी वरिष्ठ अधिकारी के बीच यह पहली सार्वजिनक रूप से पुष्ट मुलाकात थी। ईरान के सर्वोच्च नेता के कार्यालय में प्रोटोकॉल प्रमुख मजाहिर हुसैनी ने शुक्रवार को कहा कि खामेनेई अपनी चोटों से उबर रहे हैं और अब पूरी तरह स्वस्थ हैं। सीएनएन के अनुसार, हुसैनी ने सर्वोच्च नेता की स्थिति को लेकर चिंताओं को कम करने की कोशिश की और कहा कि खामेनेई के पैर और पीठ के निचले हिस्से में मामूली चोटें आई थीं। उन्होंने यह भी बताया कि छर्रे का एक छोटा-सा टुकड़ा उनके कान के पीछे लगा था, लेकिन घाव अब भर रहे हैं। ईरान में एक जनसमूह को संबोधित करते हुए हुसैनी ने कहा कि खुदा का शुक्र है कि वह स्वस्थ हैं। दुश्मन हर तरह की अफवाहें फैला रहा है और झूठे दावे कर रहा है। वे उन्हें देखना और ढूंढ़ना चाहते हैं, लेकिन लोगों को धैर्य रखना चाहिए और जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। सही समय आने पर वह आपसे बात करेंगे। अमेरिकी विश्लेषक स्वीकार करते हैं कि वे मुजतबा की मौजूदगी की पुष्टि प्रत्यक्ष तौर पर नहीं कर सकते। कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि ईरान के सत्ता ढांचे के भीतर मौजूद अधिकारी अपने निजी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उन तक अपनी पहुंच को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं। ईरान का दैनिक परिचालन प्रबंधन इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों और संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ के सहयोग से चलता प्रतीत होता है। गालिबाफ ने ही अमेरिका के साथ परमाणु और युद्धविराम वार्ता के पहले दौर का नेतृत्व किया था।



■ अमेरिका से समझौते के राजनयिक प्रयासों का मार्गदर्शन करने में गहराई से लगे हुए

### ईरान के लगभग दो-तिहाई मिसाइल लॉन्चर अब भी चालू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, अनिश्चितता के बावजूद युद्ध ने ईरान की सैन्य क्षमताओं को कम जरूर किया है, लेकिन उन्हें पूरी तरह नष्ट नहीं किया है। खुफिया जानकारी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, ईरान के लगभग दो-तिहाई मिसाइल लॉन्चर अब भी चालू माने जा रहे हैं। यह आंकड़ा पिछले अनुमानों से कहीं अधिक है। इसका आंशिक कारण वर्तमान में जारी युद्धविराम है, जिसने ईरान को संभलने और उन लॉन्चरों को बाहर निकालने का समय दे दिया है, जो पिछले हमलों के दौरान दब गए थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सीआईए के एक आकलन में यह निष्कर्ष भी निकाला गया है कि ईरान भारी आर्थिक संकट का सामना करने से पहले अमेरिका के नेतृत्व वाली वर्तमान नाकेबंदी को अगले चार महीनों तक और झेल सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ईरान के शासन ढांचे को 'पूरी तरह से बिखरा' बताया है। वहीं व्हाइट हाउस ने इस बात पर जोर दिया है कि सैन्य दबाव, आर्थिक अलगाव और आंतरिक कलह ने ईरानी शासन को काफी कमजोर कर दिया है।

## ईरान के विदेशी सैन्य खरीद नेटवर्क पर अमेरिका ने लगाया प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के सैन्य खरीद नेटवर्क की सहायता करने के आरोप में कई संस्थानों पर नए प्रतिबंध लगाए हैं। इनमें वे कंपनियां भी शामिल हैं जिन पर कथित तौर पर पश्चिम एशिया में अमेरिकी और सहयोगी देशों की सेनाओं के खिलाफ ईरानी हमलों में मदद करने के लिए उपग्रह चित्र (सैटेलाइट इमेजरी) प्रदान करने का आरोप है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, मिसाइल और ड्रोन संचालन सहित ईरानी सैन्य गतिविधियों को सक्षम बनाने वाली उपग्रह चित्र और संबंधित तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए चार संस्थाओं को प्रतिबंधित किया गया है। अमेरिका ने कहा कि इस तरह की सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है। अमेरिकी वित्त विभाग ने भी 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है, जिन पर ईरान को उसके मानवरहित विमान (यूएवी) और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से संबंधित हथियार और कच्चा माल प्राप्त करने में मदद करने का आरोप है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि ए उपाय 'नेशनल सिक्योरिटी प्रेसिडेंशियल मेमोरेंडम 2' के तहत ईरान की सैन्य आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित करने और 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के बाद उसके प्रसार-संवेदनशील कार्यक्रमों को फिर से खड़ा करने के किसी भी प्रयास को रोकने के व्यापक अभियान का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई परमाणु प्रतिबद्धताओं के प्रति ईरान की 'बेहद लापरवाही' दिखाने के बाद सितम्बर 2025 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के प्रतिबंधों को फिर से लागू किए जाने के बाद की गई है। इन उपायों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1929 के तहत ईरान को पारंपरिक हथियारों के हस्तांतरण, तकनीकी सहायता और संबंधित सेवाओं पर प्रतिबंध शामिल हैं।

■ इस तरह की सहायता क्षेत्र में अमेरिकी और भागीदार सेनाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करती है

■ अमेरिकी वित्त विभाग ने भी 10 व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया

## पुतिन ने यूक्रेन युद्ध को जायज ठहराया

**मॉस्को।** रूस ने महान देशभक्ति युद्ध में विजय की 81वीं वर्षगांठ लाल चौक पर भव्य परेड के साथ मनाई। इस अवसर पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को नाजी जर्मनी के विरुद्ध सोवियत संघ के संघर्ष और यूक्रेन के साथ रूस के मौजूदा टकराव को जोड़ने की कोशिश की।

इसे उन्होंने एकीकृत पश्चिमी गुट के साथ व्यापक संघर्ष का हिस्सा बताया। पच्चीस वर्षो से अधिक समय से रूस पर शासन कर रहे पुतिन लगातार द्वितीय विश्व युद्ध में सोवियत विजय को राष्ट्रीय पहचान की नींव और अपने नेतृत्व तथा यूक्रेन युद्ध के लिए समर्थन जुटाने के एक मार्गदर्शक उपाय के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं। इस वर्ष रेड स्क्वायर पर विजय दिवस समारोह में अपने संबोधन में, उन्होंने एक बार फिर उस विरासत का हवाला देते हुए वर्तमान सैन्य कार्रवाइयों को परिभाषित किया और रूस को 'पूरे नाटो गुट द्वारा समर्थित आक्रामक शक्ति' का सामना करने वाले देश के रूप में चित्रित किया। पुतिन ने अतीत और वर्तमान के सैन्य संघर्षों के बीच निरंतरता पर जोर देते हुए कहा कि रूसी सेनाएं 'युद्धकालीन पीढ़ी की परंपराओं को आगे बढ़ा रही हैं' और अब 'पूरे नाटो गुट द्वारा समर्थित आक्रामक शक्ति' का सामना कर रही हैं। उन्होंने रूस के रक्षा क्षेत्र पर भी प्रकाश डाला और कहा कि देश 'युद्ध के अनुभव पर आधारित आधुनिक हथियार' बना रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि युद्ध के अनुभवों से मिले सबक वर्तमान सैन्य विकास में किस प्रकार लागू किए जा रहे हैं। पुतिन ने आगे इस बात पर बल दिया कि 'महान देशभक्ति युद्ध' का स्मरण केवल प्रतीकात्मक नहीं बल्कि आवश्यक है। उन्होंने इसे 'सम्मान का विषय' बताया। उन्होंने 22 जून, 1941 को सोवियत संघ पर नाजी आक्रमण को राष्ट्रीय इतिहास के सबसे काले क्षणों में से एक बताया और बलिदान और दृढ़ता के भाव को बल दिया।



■ जीत हमेशा हमारी रही

# ईरान के खिलाफ लापरवाह सैन्य अभियान चला रहा अमेरिका

## ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा: ईरान के लोग दबाव के आगे कभी नहीं झुकेंगे

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि जब कभी राजनयिक समाधान का विकल्प मौजूद होता है तो वह लापरवाह सैन्य अभियान का मार्ग चुनता है। यह जानकारी बीबीसी ने शनिवार को दी।

अराघची ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ईरान के लोग दबाव के आगे कभी नहीं झुकेंगे। उनका बयान दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे पर होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले शुरू करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद और अमेरिका द्वारा और अधिक ईरानी जहाजों पर गोलीबारी करने के बाद आया है। झड़पों के बावजूद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि युद्धविराम बरकरार है। इसका उद्देश्य फरवरी में अमेरिका और इजरायल के साथ शुरू हुए ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को संभव बनाना है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा ईरान से अमेरिकी प्रस्तावों पर जवाब देने की उम्मीद है। इटली की यात्रा के दौरान रुबियो ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह एक गंभीर प्रस्ताव है और मैं वास्तव में यही चाहता हूं। ईरान, अमेरिका और इजरायल के हमलों के प्रतिशोध में होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण बनाए हुए है और खाड़ी में अमेरिकी सहयोगियों पर हमले कर रहा है। विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस का परिवहन इसी महत्वपूर्ण जलमार्ग से होता है जिसके अवरुद्ध होने से कीमतों में भारी उछाल आया है। इस सप्ताह की शुरुआत में, ट्रम्प ने फरवरी से इस क्षेत्र में फंसे लगभग 2,000 जहाजों को मुक्त कराने में मदद करने के लिए एक अमेरिकी सैन्य अभियान शुरू किया और फिर उसे रोक दिया। अमेरिका, ईरान पर अमेरिकी शर्तों को मानने के लिए दबाव डालने के उद्देश्य से ईरानी बंदरगाहों की नौसैनिक नाकाबंदी भी बनाए हुए है और इस कदम से तेहरान नाराज है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में एक ईरानी बंदरगाह में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे दो ईरानी ध्वज वाले खाली तेल टैंकरों को निष्क्रिय कर दिया जो चल रही अमेरिकी नाकाबंदी का उल्लंघन कर रहे थे। बयान में कहा गया कि अमेरिकी सेना ने नियमों का पालन न करने वाले जहाजों के चिमनियों पर सटीक गोलाबारी करके उन्हें ईरान में प्रवेश करने से रोक दिया। सेंटकॉम ने कहा कि अमेरिकी सेना 70 से अधिक टैंकरों को ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने या बाहर निकलने से रोक रही है। गुरुवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में हुई झड़पों के बाद अमेरिका ने नए हमले किए, जिसके लिए दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को दोषी ठहराया।

■ इसका उद्देश्य फरवरी में अमेरिका और इजरायल के साथ शुरू हुए ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत को संभव बनाना है



# ट्रम्प ने की रूस-यूक्रेन के बीच तीन दिवसीय युद्धविराम की घोषणा

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1000 कैदियों की अदला-बदली का भी किया ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोहों दौरान रूस और यूक्रेन के बीच तीन दिन के युद्धविराम और 1000 कैदियों की अदला-बदली की घोषणा की है। यह समारोह द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से न केवल सैन्य अभियान रुकेंगे बल्कि युद्ध शुरू होने के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली भी होगी।

रूसी राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने कहा कि रूस ने यूक्रेन के साथ नौ से 11 मई तक युद्धविराम करने और इस अवधि के दौरान यूक्रेन के साथ 'हजार के बदले हजार' कैदियों की अदला-बदली करने की ट्रम्प की पहल पर सहमति व्यक्त की है। यह अस्थाई युद्धविराम नौ मई से 11 मई तक रहेगा और यह चार साल से अधिक समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में जारी राजनयिक प्रयासों के बीच हुआ है। ट्रम्प की घोषणा के कुछ ही समय बाद, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने पुष्टि किया कि यूक्रेन युद्धविराम में शामिल होगा। रूसी सरकारी मीडिया ने भी कहा कि रूस ने प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की है। जेलेंस्की ने एक्स पर पुष्टि किया कि युद्धविराम की व्यवस्था अमेरिका के नेतृत्व में युद्ध को समाप्त करने के लिए किए जा रहे वार्ता प्रयासों के अंतर्गत की गई है जो अब चार साल से अधिक समय से चल रहा है। उशाकोव ने बाद में कहा कि अमेरिकी प्रशासन के साथ हमारी टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान इस मामले पर एक समझौता हुआ। अमेरिकी प्रतिनिधि यूक्रेन के संपर्क में भी थे। उशाकोव के अनुसार, यह समझौता रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ट्रम्प के बीच हाल ही में हुई फोन कॉल के बाद हुआ, जिसके दौरान दोनों नेताओं ने इस बात पर बल दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हमारे देश सहयोगी थे और विजय दिवस समारोह के दौरान युद्धविराम की संभावना पर भी चर्चा की। यह घोषणा कई दिनों से बढ़ते तनाव के बाद हुई है,जिसमें रूस और यूक्रेन दोनों एक-दूसरे पर रूस के विजय दिवस समारोह से जुड़े अलग-अलग युद्धविरामों के बावजूद हमले जारी रखने का आरोप लगा रहे हैं। रूस ने इससे पहले नौ मई के विजय दिवस समारोह से जुड़ा एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की थी जबकि यूक्रेन ने कहा कि उसने पहले ही छह मई से व्यापक युद्धविराम का प्रस्ताव रखा था, लेकिन दावा किया कि रूस ने इस प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया।लगभग दो दशकों में पहली बार, रूस में विजय दिवस परेड में सैन्य उपकरणों का प्रदर्शन नहीं किया जाएगा क्योंकि यूक्रेन द्वारा समारोहों को बाधित करने के प्रयास की आशंकाओं के कारण अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं। अधिकारियों ने मास्को और सेंट पीटर्सबर्ग दोनों शहरों के निवासियों को चेतावनी दी है कि सुरक्षा कारणों से आयोजनों के दौरान मोबाइल इंटरनेट की सुविधा प्रतिबंधित हो सकती है।



■ इस समझौते से न केवल सैन्य अभियान रुकेंगे बल्कि युद्ध शुरू होने के बाद से कैदियों की सबसे बड़ी अदला-बदली भी होगी: डोनाल्ड

## रूस-सऊदी अरब ने ईरान तथा अरब देशों के बीच सामान्य संबंधों का समर्थन किया: लावरोव

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और उनके सऊदी समकक्ष फैसल बिन फरहान अल सऊद के बीच फोन पर बातचीत में दोनों पक्षों ने ईरान और अरब राजतंत्रों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों का समर्थन किया। रूसी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ईरान और अरब देशों (जहां राजशाही है) के बीच लंबे समय के लिए रिश्ते सुधारने और सामान्य बनाने की कोशिशें दोबारा शुरू करना सही माना गया है। मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों का आवागमन संघर्ष-पूर्व की स्थितियों में बहाल किया जाना चाहिए।

## इम्फाल: मणिपुर में नौ उग्रवादी और ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 7 और 8 मई को चलाए गए अभियानों के दौरान नौ सक्रिय उग्रवादियों, जबरन वसूली करने वालों और नशीले पदार्थों के तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से हथियार, गोला-बारूद, भारी मात्रा में ड्रग्स, नकदी और वाहन जब्त किए गए हैं। गत 7 मई को चुराचांदपुर थाना क्षेत्र के जोउ वेंग इलाके में सुरक्षा बलों ने केएनए (बी) के एक सक्रिय उग्रवादी लालथांगजॉन को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक 9 एमएम पिस्तौल, मैगजीन, सात कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। उसी दिन, इंफाल पूर्वी जिले के पोरमपत थाना क्षेत्र से एक महिला उग्रवादी को भी हिरासत में लिया गया। गत 8 मई को सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिमी जिले के हियांगथांग इलाके से एक अन्य उग्रवादी को गिरफ्तार किया। इसी दिन, कांगपोकपी जिले के पांगमौल गांव से जबरन वसूली करने वाले दो युवकों-थांगजामंग हाओकिप और हेनमिनलुन उर्फ बोइलुन मिसाओ को पकड़ा गया। ये दोनों कथित तौर पर मार्ग में ट्रकों को रोककर चालकों से पैसे वसूल रहे थे। ड्रग्स के खिलाफ की गई कार्रवाई में 8 मई को पुलिस ने चुराचांदपुर के हिलटाउन क्षेत्र से नेखोलुन हांगशिंग को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1-360 किलोग्राम संदिग्ध 'ब्राउन शुगर' से भरे 118 डिब्बे बरामद किए गए। इससे पहले 7 मई को सेनापति जिले के टी खुल्लेन नाका चेकपोस्ट पर सुरक्षा बलों ने दो वाहनों को रोककर तीन संदिग्ध तस्करों को गिरफ्तार किया।



# दिशा पाटनी का दिखेगा एक्शन अवतार

# द पोर्टल ऑफ फोर्स का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के पहले इंटरनेशल प्रोजेक्ट द पोर्टल ऑफ फोर्सष का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिशा जेसिका के किरदार में नजर आती हैं, जो इस एपिक सुपरनैचुरल कहानी का इमोशनल और नैरेटिव सेंटर है।

कहानी दो प्राचीन गुटों स्टैटिंगाड्र्स वर्सेस होलीगाड्र्स सागा के बीच चल रही जबरदस्त टक्कर पर आधारित है। द पोर्टल ऑफ फोर्स की पहली फिल्म है, जो एक नए सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करती है, जिसे लाडो ओखोटनिकोव ने बनाया है। कहानी के मूल में है दो पुरानी ताकतों की भिड़ंत। स्टैटिंगाड्र्स, जो दुनिया को बैलेंस में रखने वाले नियम और व्यवस्था के पक्ष में हैं, और होलीगाड्र्स, जो



बिल्कुल अलग विचारधारा पर चलते हैं।

जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, जेसिका का अलौकिक परिवर्तन देखने को मिलता है। दिशा पाटनी ने कहा, मैं इस खास प्रोजेक्ट के ट्रेलर के लिए काफी एक्साइटेड थी। मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट करना एक साथ थ्रिलिग और डराने वाला एक्सपीरियंस था,लेकिन सीखने के मौके बहुत बड़े थे। इतने अनुभवी कास्ट के साथ काम करना अपने आप में एक लर्निंग था।



## दर्शन ने गाना ओनली माइन किया रिलीज

**मुंबई।** दर्शन रावल ने आज अपना नया गाना 'ओनली माइन रिलीज किया, जो गहरे और सच्चे प्यार की भावना को दिखाता है। इस गाने को दर्शन रावल ने खुद गाया और कंपोज किया है। इसके बोल उन्होंने सिद्धार्थ अमीर भावसार और यंगवीर के साथ मिलकर लिखे हैं। वहीं, मिर देसाई ने इसका म्यूजिक तैयार किया है। दर्शन रावल ने कहा, यह मेरे बाकी गानों से काफी अलग है। यह एक एक्सपेरिमेंटल और बहुत पैशनेट गाना है। मैंने इसकी धुन बनाई और जब मिर देसाई को सुनाई, तो उन्हें यह बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा कि यह मेरे पहले के गानों से काफी अलग है। इसके बाद हमने इसे पूरी तरह लाइव रिकॉर्ड करने का फैसला किया।

## बाबिल खान शूटिंग के बीच संगीत में ढूंढते हैं सुकून

**मुंबई।** अभिनेता बाबिल खान अपनी अगली प्रोजेक्ट की व्यस्त शूटिंग के बीच अपने सबसे बड़े शौक में से एक संगीत की ओर लौट रहे हैं, ताकि खुद को सुकून दे सकें, तरोताजा कर सकें और खुद से दोबारा जुड़ सकें।

लंबे शूटिंग घंटों के बीच बाबिल अपना खाली समय अपनी वैनिटी वैन में गिटार के साथ बिताते नजर आते हैं और शॉट्स के बीच के शांत पलों का भरपूर आनंद ले रहे हैं। संगीत के प्रति अपने प्यार और स्वाभाविक गायन प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता अक्सर सामाजिक माध्यमों पर अपने संगीत से जुड़े पल प्रशंसकों के साथ साझा करते रहते हैं - कभी सहज संगीत सत्र तो कभी अपनी आवाज की छोटी झलकियां। बाबिल के लिए ए पल व्यस्त दिनचर्या के बीच थोड़ा रुकने और खुद के साथ समय बिताने का एक खास तरीका बन गए हैं। कैमरे से परे भी संगीत उनकी जिंदगी का एक अहम हिस्सा बना हुआ है।

बाबिल खाान ने कहा, जब भी मुझे काम के बीच थोड़ा समय मिलता है, मैं अपने आप संगीत की तरफ खिच जाता हूं। गिटार बजाना और गाना हमेशा से मुझे बेहद पसंद रहा है। यह मजेदार भी है, सुकून देने वाला भी और खुद के साथ समय बिताने का मेरा तरीका भी। जहां बाबिल अपनी अगली प्रोजेक्ट पर काम में जुटे हुए हैं, वहीं उनके ए सहज संगीत भरे पल प्रशंसकों को खूब पसंद आ रहे हैं। यह न सिर्फ एक अभिनेता के रूप में उनकी विविधता दिखाते हैं, बल्कि कला के प्रति उनका सच्चा प्रेम भी सामने लाते हैं। हर सुर और हर गीत के साथ बाबिल खान यह साबित कर रहे हैं कि खुद को जमीन से जुड़ा रखने का सबसे अच्छा तरीका वही है, जिसे आप सबसे ज्यादा प्यार करते हैं।

## हेली शाह की लोकप्रिय सीरीज गुल्लक 5 में एंट्री



**मुंबई।** अभिनेत्री हेली शाह अब टीवीएफ की बेहद पसंदीदा सीरीज गुल्लक के सीजन 5 में नजर आने वाली हैं। मिडिल क्लास भारतीय परिवार की सादगी, अपनेपन और रोजमर्रा की चुनौतियों को खूबसूरती से दिखाने वाली इस सीरीज ने पिछले कुछ वर्षों में दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। फिलहाल मिश्रा परिवार की भावुक और मजेदार कहानियों से जुड़ाव महसूस करने वाले फैंस अब नए सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हेली शाह, जिन्होंने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है, इससे पहले भी गुल्लक की दुनिया में अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं। उनके किरदार को दर्शकों ने काफी भी पसंद किया था, खासकर उनकी सादगी और शो की नैचुरल कहानी के साथ उनकी सहज केमिस्ट्री को। हाल ही में रिलीज हुई हेली शाह की नई तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर फैंस के बीच उत्साह और बढ़ा दिया है। कैजुअल एथलीजर लुक में नजर आ रहीं हेली के चेहरे के इमोशनल एक्सप्रेशंस इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार उनकी कहानी सीजन में एक नया भावनात्मक पहलू जोड़ सकती है। तस्वीरों में एक ऐसा सीन भी देखने को मिल रहा है, जो काफी भावुक नजर आता है और दर्शकों के मन में मिश्रा परिवार के साथ उनके रिश्ते को लेकर उत्सुकता बढ़ा रहा है। अपने पुराने अंदाज, हल्के-फुल्के हास्य और दिल छू लेने वाली स्लाइस-ऑफ-लाइफ कहानी के साथ गुल्लक सीजन 5 एक बार फिर जहां दर्शकों को यादगार सफर पर ले जाने के लिए तैयार है।

## भोपाल में 16 मई को होगा पेड्डी का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च



**मुंबई।** ग्लोबल स्टार रामचरण की आने वाली फिल्म पेड्डी का ग्रैंड ट्रेलर लॉन्च 16 मई को भोपाल में हो सकता है। फिल्म पेड्डी पहले ही साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में अपनी जगह बना चुकी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। सूत्रों के अनुसार पेड्डी का ट्रेलर अगले वीकेंड शनिवार 16 मई को भोपाल में होने वाले भव्य लॉन्च इवेंट में रिलीज किया जा सकता है। इस खास मौके पर राम चरण, निर्देशक बुची बाबू साना, निर्माता वेंकट सतीश किलारू, सुकुमार और जान्हवी कपूर के शामिल होने की उम्मीद है। इस इवेंट की भव्यता को और खास बनाने के लिए ए- आर- रहमान के भी मौजूद रहने और लाइव परफॉर्मेंस देने की संभावना है। बड़े स्तर पर प्लान किया जा रहा यह लॉन्च इस साल के सबसे बड़े फिल्म इवेंट्स में से एक साबित हो सकता है। फिल्म की एडवांस बु. कंग को अमेरिका में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। वहीं हाल ही में सुकुमार ने पेड्डी के सेट्स का दौरा किया था और फिल्म के ओवरऑल कंटेंट की काफी सराहना की। फिल्म का अब तक सामने आया हर कंटेंट दर्शकों तक शानदार तरीके से

**इस इवेंट की भव्यता को और खास बनाने के लिए ए. आर. रहमान के भी मौजूद रहने और लाइव परफॉर्मेंस देने की संभावना है। बड़े स्तर पर प्लान किया जा रहा यह लॉन्च इस साल के सबसे बड़े फिल्म इवेंट्स में से एक साबित हो सकता है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को अमेरिका में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है।**

पहुंचा है और हर तरफ लोगों से मजबूत जुड़ाव बना रहा है। बुची बाबू सना द्वारा लिखित और निर्देशित, पेड्डी में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ शिव राजकुमार, जान्हवी कपूर, दिव्एंदु शर्मा और जगपति बाबू नजर आएंगे। वेंकट सतीश किलारू द्वारा उनके बैनर वृद्धि सिनेमाज के तहत और प्रमुख प्रोडक्शन हाउस मैत्री मूवी मेकर्स के सहयोग से निर्मित, तथा उत्तर भारत में जियो स्टूडियोज द्वारा रिलीज की जा रही यह फिल्म चार जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)


## कुब्रा सैत ने गोल्डन टेंपल में टेका माथा

**मुंबई।** अपने लगातार व्यस्त शूटिंग शेड्यूल, ट्रैवल और निजी जिदंगी के बीच अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में आध्यात्मिक सुकून के कुछ पल बिताए। कुब्रा ने अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन टेंपल पहुंचकर न सिर्फ माथा टेका, बल्कि वहां से अपनी एक शांत और खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। इस तस्वीर में सादगी भरे पारंपरिक लुक में, सिर ढके हुए कुब्रा बेहद शांत और भावुक नजर आ रही हैं। पवित्र स्थल पर खिचवाई गई तस्वीर के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है, समर्पण करने आई थी, लेकिन जिंदगी की सबसे बड़ी नेमत मिल गई। ऐसा हमेशा होता है। इसके साथ ही उन्होंने वाहेगुरु, गोल्डन टेम्पल और पवित्र जैसे हैशटैग भी इस्तेमाल किए हैं, जिससे उनके शब्दों में आस्था, शांति और आध्यात्मिक संतोष साफ झलक रहा था। गौरतलब है कि अपने दमदार अभिनय और बेबाक अंदाज के लिए पहचानी जाने वाली कुब्रा अक्सर



फैंस के साथ अपनी निजी जिदगी की झलकियां साझा करती रहती हैं। लेकिन इस बार उनका एक बेहद शांत, भावुक और आध्यात्मिक रूप देखने को मिला है। साथ ही फैंस ने भी कुब्रा की पोस्ट पर खूब प्यार बरसाया है।